राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-150
लखनऊ, बुधवार 17 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





संक्षिप्त में न लिखकर फुल फॉर्म में अंकित करें कोर्स के नाम :आनंदीबेन 03

महिला सशक्तिकरण से बनेगा विकसित राष्ट्र : द्रोपदी मुर्मू 12


## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में अब हर महीने पहले मंगलवार को होगा पाठ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को रोहिणी में श्री बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं। सीएम केजरीवाल हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते नजर आए। केजरीवाल ने अपनी पत्नी के साथ सुंदरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम के बाद केजरीवाल ने कहा कि अब हर महीने के पहले मंगलवार पूरी दिल्ली में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इस तरह के आयोजन से दिल्ली में सुख और शांति आएगी। पाठ खत्म होने के बाद केजरीवाल ने रामचंद्र जी की जय और हनुमान जी की जय का जयकारा भी लगवाया। सबकी सुख शांति और तरक्की के लिए कल आम आदमी पार्टी दिल्ली में कई जगह सुंदरकांड का पाठ करवा रही है।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, चार लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को जिले के बदरवास कस्बे के बाईपास पर हुई। बदरवास थाना प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है हादसा कार के डिवाइडर से टकराने के कारण हुआ, लेकिन मामले में जांच की जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी कार सवार सड़क के दूसरी ओर जा गिरे, उनमें से एक तो झाड़ियों जा गिरा। तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की शिवपुरी जिला अस्पताल में मौत हो गई।

### यवतमाल में वाहन पलटने से छह की मौत, 12 घायल

**मुंबई।** पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर पुसद से भक्तगण पिकअप वाहन से पोहरादेवी मंदिर जा रहे थे। पुसद में बेलगांव के पास चालक का नियंत्रण बिगड़ जाने से वाहन नाले में गिरकर उलट गया। इस घटना में ज्योतिबाई नागा चव्हाण (60), उषा विष्णु राठौड़ (50), पार्वतीबाई रमेश जाधव (55), वसराम देव सिंह चव्हाण (65), लीलाबाई वासराम चव्हाण (60) और सावित्रीबाई गणेश राठौड़ (45) की मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे में राज राहुल चव्हाण (5), आशा हूल सिंह चव्हाण (50), दर्शन संतोष पवार (7), गणेश राठौड़, प्रथमेश अर्जुन राठौड़ (7), ज्ञानेश्वर गणेश राठौड़ (25) सहित 12 लोग घायल हो गए।

### एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में सोमवार रात भीषण ठंड के कारण बंद कमरे में अंगीठी जलाए रखने से परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नवाब कुमार, उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के शव सुबह पड़ोसियों के सूचित करने पर कमरे से निकाले गए।

### डीएनए इंडेक्स : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुमशुदा लोगों की तलाश में सहायता के लिए डीएनए इंडेक्स बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने केंद्र को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि हर साल करीब 40 हजार लावारिश लाशें मिलती हैं, जिनकी पहचान नहीं हो पाती हैं। अगर डीएनए इंडेक्स हो जाता है, तो इससे शवों की पहचान में आसानी से हो सकेगी।

### जिग्नेश, 30 अन्य 2017 के रेल रोको मामले में बरी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और 30 अन्य को राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में एक ट्रेन को बाधित करने के 2017 के एक मामले में मंगलवार को बरी कर दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पी एन गोस्वामी की अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए दलित नेता मेवाणी और अन्य को बरी कर दिया। मेवाणी व अन्य पर अहमदाबाद रेलवे पुलिस ने 2017 में राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में उनके द्वारा आहूत रेल रोको प्रदर्शन के तहत कालूपुर रेलवे स्टेशन पर एक राजधानी ट्रेन को लगभग 20 मिनट तक रोकने के लिए मामला दर्ज किया था।

# अयोध्या की गलियों में अब गोलियां नहीं चलती बल्कि दीपोत्सव होता है

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिवाइन अयोध्या विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को किया संबोधित

▸ 17 से अयोध्या से शुरु होगी नई वायु सेवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 दिसंबर के बाद से अलग-अलग डेस्टिनेशन के लिए अयोध्या की कनेक्टिविटी बढ़ती जा रही है। 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। यानी अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 821 एकड़ लैंड एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को उपलब्ध करा चुकी है। इसके दृष्टिगत हम सारी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं।

आज अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है। अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलती हैं बल्कि दीपोत्सव होता है। आज की अयोध्या कर्फ्यू के दौर से नहीं गुजर रही है बल्कि राम नाम के संकीर्तन की गूंज से गूंजायमान हो रही है। सीएम योगी ने गुरुवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा होटल हयात में डिवाइन अयोध्या विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक 1000 लोगों ने आवेदन किया है। होमस्टे के कार्यक्रम के साथ लोगों के जुड़ने से एक तरफ जहां अतिथि देवो भवः का भाव व्यक्त होगा। वहीं दूसरी तरफ यह लोगों की आजीविका का माध्यम ही बनेगा।

सीएम योगी ने कहा कि नव्य अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और विश्वास का भी सम्मान होगा। पर्यटकों को भी उनकी रुचि के अनुरूप वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा। साथ ही उन्हें वहां की पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को देखने समझने और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसमें अयोध्या शोध संस्थान महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हो रहे कार्य

सीएम योगी ने कहा कि नई अयोध्या में नाविक, टैक्सी चालक, ई-रिक्शा चालक समेत हर तबके के व्यक्ति के लिए असीम संभावनाएं होंगी। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने की दिशा में हमारी सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। 200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध करवाई है। आने वाले समय में हम इसको 500 तक बढ़ाएंगे। अयोध्या के लिए और भी अनेक कार्यक्रमों को लेकर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कुछ हजारों में थी। गत वर्ष रामनवमी के अवसर पर 35 लाख से अधिक श्रद्धालु एक दिन में अयोध्या आए थे। उन्होंने कहा कि ने कहा कि वेदों में वर्णित सप्तपुरियों में सबसे पहले अयोध्या की वंदना की गई है। अब अयोध्या अपने नाम के अनुरूप देखने को मिलेगी। लोगों को आसानी से श्रीरामलला के दर्शन प्राप्त होंगे।


### डीप फेक पर सरकार सख्त
## नए संशोधित आईटी नियम अगले हफ्ते होंगे जारी

**नई दिल्ली।** डीप फेक को रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए नए संशोधित आईटी नियम लाने जा रही है। मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केंद्र सरकार अगले सात से आठ दिनों में नए संशोधित आईटी नियम जारी करने जा रही है। इसे जल्दी ही अधिसूचित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके प्लेटफार्म पर अगर कोई डीप फेक सामग्री साझा की जाती है तो उसके लिए जिम्मेदारी उनकी है और अगर वे गलत सूचनाओं पर कार्रवाई नही करते तो सरकार सख्त कदम उठा सकती है।

# हमारी सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

▸ पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर व नारकोटिक्स अकादमी के नए परिसर का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनएसीआईएन का यह नया परिसर सुशासन के लिए नए आयाम बनाएगा और भारत में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कहा, पहले देश में भांति-भांति की टैक्स व्यवस्थाएं थीं, जो सामान्य नागरिक को जल्दी समझ में नहीं आती थीं। पारदर्शिता के अभाव में ईमानदार करदाता को, व्यापार से जुड़े लोगों को परेशान किया जाता था। हमने जीएसटी के रूप में देश को एक आधुनिक व्यवस्था दी। उन्होंने आगे कहा, सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया। हमने देश में फेसलेस कर निर्धारण प्रणाली को शुरू किया। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है।

### प्रभु श्रीराम सामाजिक जीवन में सुशासन के प्रतीक

प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मेरा 11 दिवसीय उपवास अनुष्ठान चल रहा है। ऐसे शुभ समय में यहां आकर भगवान का आशीर्वाद लेने से धन्य हो गया हूं। उन्होंने कहा कि आज कल पूरा देश राममय होकर रामभक्ति में सराबोर है लेकिन प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा, आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु राम शासन के, सामाजिक जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं, जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने एनएसीआईएन की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एनएसीआईएन का रोल देश को एक आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र देने का है। एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र जो देश में व्यापार-कारोबार को आसान बना सके। भारत को वैश्विक व्यापार का अहम सहयोगी बनाने के लिए फ्रेंडली माहौल बना सके। टैक्स, कस्टम, नारकोटिक्स, जैसे विषयों के माध्यम से देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रमोट करे और गलत प्रैक्टिस से सख्ती के साथ निपटे।

### संसद की सुरक्षा में सेंध
## आरोपित नीलम की जमानत पर फैसला कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की आरोपित नीलम की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने नीलम की जमानत याचिका पर 18 जनवरी (गुरुवार) को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान मंगलवार को दिल्ली पुलिस की ओर से वकील अखंड प्रताप सिंह ने नीलम की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप बेहद गंभीर हैं। एफआईआर में दर्ज मामलों में उम्रकैद और फांसी तक का प्रावधान है। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाकर देश की एकता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपित के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने के लिए उसके पास पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में जांच अभी जारी है। जमानत मिलने पर वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि आरोपित प्रभावशाली हैसियत रखते हैं। कोर्ट ने 13 जनवरी को सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# अयोध्या पर आतंकी हमले का खतरा, यूपी पुलिस अलर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार से अनुष्ठान के कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। इसी बीच देश की सुरक्षा जांच एजेंसियों ने राम मंदिर के उद्घाटन से पहले आतंकी हमले की साजिश को लेकर यूपी पुलिस को अलर्ट किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक खुफिया एजेंसियों की तरफ से जारी अलर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी अयोध्या में कोई बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। आतंकी यहां पर किसी भी वेशभूषा में आ सकते हैं, लिहाजा कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया जाए।

खुफिया एजेंसी की इस सूचना के बाद यूपी पुलिस और यहां की लोकल जांच एजेंसी, एटीएस, एसटीएफ, एलआईयू अलर्ट मोड पर आ गयी है। अयोध्या या फिर उससे सटे जनपद, सुलतानपुर, बाराबंकी, गोण्डा, बस्ती और लखनऊ में पुलिस सतर्क है। होटल, गेस्ट हाउस, ढाबा पर चेकिंग



की जा रही है। अयोध्या आने वाले सभी मार्गों पर सघन वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। जिले में चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। यूपी पुलिस की तरफ से तीन डीआईजी, 17 आईपीएस,100 पीपीएस स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके साथ ही 325 इंस्पेक्टर, 800 सब इंस्पेक्टर और एक हजार से अधिक सिपाही की ड्यूटी लगायी गई है। पीएसी की चार कंपनियों को लगाया गया है। इसके लिए 10 हजार से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिन लोगों के दुकान, घर में सीसीटीवी कैमरा लगा है उसे भी पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा। एसपीजी की निगरानी में सब काम होगा।

### उप्र विधान परिषद उपचुनाव में दारा सिंह भाजपा के उम्मीदवार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद की एक रिक्त सीट पर हो रहे उपचुनाव में पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया है। चौहान घोसी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में हार गए थे। भाजपा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद उनकी रिक्त हुई विधान परिषद सीट के उपचुनाव में पूर्व मंत्री चौहान को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंत्री चौहान 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। सपा के टिकट पर घोसी विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला और पार्टी की सरकार बनी तो दारा सिंह चौहान फिर से भाजपा में आने के जुगाड़ में लग गए।

# छह शहीद जवानों के परिवार को मिलेगी एक-एक करोड़ की राशि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले दिल्ली के छह शहीद जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देगी।

केजरीवाल सरकार दिल्ली पुलिस में तैनात एएसआई ओम प्रकाश व एएसआई राधेश्याम, भारतीय सेना में तैनात मेजर रघुनाथ व कैप्टन जयंत जोशी, दिल्ली सिविल डिफेंस कर्मी पुनीत गुप्ता और फायर ऑपरेटर प्रवीर कुमार के परिवार को यह सम्मान राशि देगी। राजस्व विभाग से आए प्रस्ताव को मुख्यमंत्री केजरीवाल अपनी मंजूरी दे दी है। इस बाबत दिल्ली की राजस्व मंत्री



आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस, होम गार्ड के जवानों की बहादुरी का सम्मान करती है। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने शुरू किया।

### ग्वालियर-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान का सिंधिया ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को दिल्ली आवास से वर्चुअल माध्यम से ग्वालियर-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। उनके साथ राज्य मंत्री जनरल बीके सिंह भी मौजूद रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी वर्चुअल हिस्सा लिया। सिंधिया ने कहा कि मकर संक्रांति से शुभ कार्य शुरू होते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान भी इसी कड़ी का हिस्सा है। प्रधानमंत्री की सोच है कि भारत का आर्थिक विकास और भारत की आध्यात्मिक शक्ति दोनों को बढ़ाने की जरूरत है। जब दोनों का संगम होगा तब भारत विश्व पटल पर पर्यटन गंतव्य के तौर पर उभरेगा।

# ईदगाह परिसर सर्वेक्षण की अनुमति पर रोक

▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने 14 दिसंबर 2023 को अधिवक्ता आयुक्तों की अदालत (कोर्ट कमिश्नर) की निगरानी वाली तीन सदस्यीय टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी सफाई की अनुमति

ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की। पीठ ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को संज्ञान में लिया कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को पानी टंकी की सफाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। प्रशासन को सफाई करने दें। इसके बाद पीठ ने निर्देश दिया कि पानी की टंकी की सफाई इस अदालत के पिछले आदेशों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन वाराणसी की देखरेख में की जानी चाहिए। इस मामले में दाखिल याचिका में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने महिलाओं की ओर से अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि 16 मई 2022 को सर्वे होने के बाद पानी की टंकी की सफाई नहीं हुई है।

# ईडी ने धनशोधन मामले में पूर्व कांग्रेस मंत्री से जुड़े परिसरों पर की छापेमारी

एजेंसी

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक (पीएचई) विभाग के पूर्व मंत्री महेश जोशी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पिछले साल भी एजेंसी ने केंद्र सरकार की योजना से जुड़े इस मामले में कम से कम दो बार छापेमारी की थी। सूत्रों ने बताया कि पीएचई विभाग के पूर्व मंत्री जोशी से जुड़े परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जोशी को जयपुर की हवामहल सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने पिछले साल जयपुर और दौसा में कुछ अन्य लोगों के अलावा पीएचई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी एवं तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के आवासीय और आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी की थी। इससे पहले एजेंसी ने दावा किया था कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी के लिए राजस्थान सरकार के पीएचई विभाग के अधिकारियों की मदद की थी।

अधिवेशन

### रक्षा मंत्री ने स्व-वित पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन के आठवें अधिवेशन का किया शुभारम्भ

# हुनर को पहचानकर छात्रों को स्वावलंबी बनाएगी नई शिक्षा नीति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** निजी विद्यालयों के समूह स्व वित्त पोषित विद्यालय प्रबन्धक एसोसिएशन ने अपना आठवां वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से मनाया। राजधानी के अटल बिहारी साइन्टिफिक कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित अधिवेशन के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह ने दीप प्रज्जवलन से शुभारम्भ किया।


इस अवसर पर उप-मुख्यमत्री, ब्रजेश पाठक, फिक्की के अध्यक्ष नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी अवनीश सिंह, उमेश द्विवेदी,, पवन सिंह व रामचन्द्र प्रधान



आदि उपस्थित थे। अधिवेशन की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की।

उन्होंने कहा कि उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विद्यालयों के संचालन में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया साथ ही संगठन द्वारा विद्यालयों के हितों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों ने संगठन की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विगत पैतीस से चालीस वर्षो तक सराहनीय कार्य करने वाले प्रबन्धकों, जिसमें सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्शन्स की संस्थापक पुष्पललता अग्रवाल, भारत एकाडमी की संस्थापक सरवन सक्सेना, गिरधारी सिंह इण्टर कालेज के अध्यक्ष विनोद बिहारी वर्मा, नरदेश्वर ग्रुप ऑफ कालेजेस के संस्थापक पोफेसर नरेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित संगठन के बीस पदाधिकारियों को को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र प्रदान कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। नयी शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुये राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे छात्रों में रटने की प्रवृत्ति से छुटकारा मिलेगा। ये छात्रों के हुनर को पहचान कर उनको स्वावलंबी बनाने में सहायक होगी। साथ ही विद्यालयों के संचालन में आ रही कठिनाइयों के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हनुमान सेतु में की साफ-सफाई



**लखनऊ।** लखनऊ के सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार सुबह लखनऊ में स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। वे हनुमान सेतु मंदिर में सुबह पहुंचे और उन्होंने झाड़ू से फर्श साफ किया एवं फर्श पर गिरे फूल उठाये। हनुमान मंदिर में पूजा की। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम,राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया है कि सभी अपने आस पास के मंदिरों में स्वच्छता के लिए श्रमदान करें। आज लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में जाकर, स्वच्छ तीर्थ अभियान के अन्तर्गत श्रमदान किया और प्रभु श्रीराम के अनन्य सेवक, हनुमानजी की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

# स्व. अशर्फीलाल के सपनों को पूरा करना सच्ची श्रद्धांजलि: अखिलेश

**सरकार किसानों को पीछे छोड़ दिया। जो लोग विश्वगुरु का सपना दिखा रहे हैं। देश विश्वगुरु तभी बनेगा जब हमारा किसान खुशहाल होगा**

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पूर्व मुख्यमंत्री सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को ग्राम बदोसराय मे पूर्व विधायक अशरफी लाल यादव की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पण किया तथा उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिवंगत विधायक ने हमेशा वँचितो के हक की लड़ाई लड़ी उनके अधूरे सपनो को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का कार्यक्रम किया था। जिसमें मिशाइल बनाने का सपना दिखाया गया था। एक साल बीत रहा है बडे बडे गोले मिशाइल बनाने की



बात तो दूर अब तक सुतली बम भी नहीं बना पाए है।

उन्होंने कहा कि 2027तक हमारी एक लाख फौज कम हो जायेगी कभी 70 हजार भर्ती हर वर्ष होती थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार लूटने का काम कर रही है सबसे ज्यादा थानो में मरने की खबर एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश से आ रही है। जिन्होंने हमें विरासत में समाजवादी आन्दोलन दिया उन सभी नेताओं को याद करते हुए नये वर्ष पर संकल्प लेते हुए कहा कि 24 नया साल नही है परिवर्तन का वर्ष है समाजवादी पार्टी भाजपा को हटाने का काम करेगी। हमे सोचना व विचार करना होगा की जो 10 वर्षो से दिल्ली की सरकार ने हमे दिया क्या। जो जो वादे किये कितने वादे पूरे किये। सरकार किसानों को पीछे छोड़ दिया। जो लोग विश्वगुरु का सपना दिखा रहे हैं।

## बेनी बाबू की समाधि पर जाना भूल गए अखिलेश: शिवस्वामी



बाराबंकी में सपा मुखिया अखिलेश यादव बदोसराय के लिए नगर से होते हुए आये और गये। परंतु सपा संस्थापक रहे स्वर्गीय बेनी बाबू की समाधि स्थल पर रुकना मुनासिब नहीं समझा। यही हाल रहा था जब बाबू जी के अंतिम संस्कार में भी सपा नेता के इस परिवार का कोई सदस्य नहीं आया था। बहाना था कोरोना काल।जबकि अन्य दलों के नेता गण बाबू जी को अंतिम विदाई देने आये थे। उसी कोरोना काल में ईद पड़ी थे जिसमें लखनऊ में बड़े मौलानावो के वहाँ सेवाई खाने अखिलेश जी गये थे सपा मुखिया को कुर्मी समाज का वोट लेने के लिए नाटक करना आता है बाक़ी कुछ नहीं। मौके बे मौके कुर्मी समाज को उपेक्षित करना अखिलेश जी की पसन्दगी है रामनगर से पूर्वमंत्री राकेश वर्मा जी का टिकट काटना भी इसी उपेक्षा रणनीति का हिस्सा है। स्वाभिमानी कौम कुर्मी समाज सपा मुखिया द्वारा ऐसी उपेक्षाओं से पीड़ित और अपमानित महसूस करता रहता है।किन्तु सपा मुखिया के लिए जनभावनाओं का कोई अर्थ नहीं है। सपा में कुर्मी समाज का कोई सम्मान नहीं है।

## अखिलेश का हुआ जगह-जगह स्वागत

मसौली बाराबंकी। पूर्व सीएम अखिलेश यादव का पूर्व विधायक अशरफी लाल यादव की श्रद्धांजलि कार्यक्रम बदोसराय जाते समय जगह-जगह हुआ स्वागत स्वागत कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ से कहा कि चुनाव में भी जोश रखना। शहर से गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुड़ते ही नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा की अगुवाई मे परमेश्वर कोल्ड स्टोरेज पर स्वागत किया गया। मसौली चौराहा स्थित बरदही बाजार मे पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा, सपा विधायक गौरव रावत, प्रदेश सचिव विकास यादव, पूर्व प्रमुख यासिर आराफत किदवाई अलीम किदवाई, विधानसभा अध्यक्ष शानू, ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, पिंकू सैनी, पूर्व प्रधान रामकिशोर उर्फ़ पप्पू वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रिजवान की अगुवाई मे सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया। मसौली चौराहे पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी की अगुवाई मे भारी संख्या मे सपा कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत करते हुए जिंदाबाद के नारे लगाये कार्यकर्ताओ का जोश देख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओ को भरोसा दिलाया कि लोकसभा चुनाव में हर हाल में जीत हासिल करेंगे उन्होंने कहा कि चुनाव में यही जोश और जज्बा बनाये रखना।

## पांच हजार रुपये में अशिक्षित किसान की भूमि जालसाज ने करा लिया बैनामा

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** एग्रीमेंट बताकर एक अशिक्षित किसान से मात्र पांच हजार रुपए में उसकी भूमि का बैनामा करा लिया गया।यह आरोप कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के रुकनुद्दीनपुर गांव निवासी आनंद कुमार सिंह ने लगाया है। बताया कि रुकनुद्दीनपुर गांव में ही उसके पास दस बिस्वा भूमि है। यही भूमि उसकी जीविका का साधन है। पीड़ित ने बताया कि उसे अचानक पांच हजार रुपए की आवश्यकता पड़ गई।उसके पड़ोस के बेहटा गांव निवासी दीनानाथ मिश्रा ने पांच हजार रुपए देकर भूमि कि एग्रीमेंट करने की बात की। तय हुआ कि पीड़ित जब पैसा लौटा देगा तो एग्रीमेंट निरस्त हो जाएगा।इसके बाद 12 जनवरी को दोनों पक्षों में उपनिबंधक कार्यालय हैदरगढ़ में लिखा पढ़ी हो गई।

## नव दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का में स्रोता हो रहे भावविभोर

**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज के सामने स्थित खेल मैदान पर सब्जी मंडी वार्ड के सभासद विपिन सोनी द्वारा नवदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित राजेश ओझा के मुखारविंद से चल रहीं हैं।

पिछली 14 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आज कथा व्यास पंडित राजेश ओझा द्वारा राजा परीक्षित जन्म और दुर्योधन के दरबार में भगवान का शांति दूत बनकर जाने की कथा सुनाई गई। कथा व्यास पंडित राजेश ओझा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के अंदर सद्गुणों का विकास होता है। व्यास श्री ओझा ने कथा का ऐसा वर्णन किया कि वहां पर मौजूद श्रोताओं का मन प्रफुल्लित हो उठा। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन सभासद सब्जी मंडी वार्ड के सभासद विपिन सोनी ने बताया कि आगामी 21 जनवरी को भव्य झांकियों के साथ शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी सभासद सूरज दीक्षित युवा व्यापार मंडल के मंडल मंत्री दीपक सोनी अनिल सोनी सत्यम सोनी शिवम सोनी केदारनाथ सोनी जियालाल सोनी रामप्रकाश सोनी सौरभ अग्रवाल अश्वनी अग्रवाल ज्ञानू मिश्रा विवेक मिश्रा शेखर मिश्रा सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शीतलहर के चलते आज भी बंद रहे कक्षा आठ तक विद्यालय

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** शीतलहर के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए शासन द्वारा आगामी 17 जनवरी तक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद रखने का आदेश जारी हो चुका है। शासन के अनुसार इन विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। इसी क्रम में विकासखंड हैदरगढ़ का प्राथमिक विद्यालय तिल्लौरा 2:45 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को बंद मिला। इसी क्रम में वि.खं. त्रिवेदीगंज के प्राथमिक विद्यालय पूरे सूबेदार और इसी वि.खं. के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़ी पर भी 2:00 बजे ताला लगा मिला। जब संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेदीगंज से बात करने का प्रयास किया गया तब उनका मोबाइल फोन आउट ऑफ रेंज मिला।

## महंत 108 श्री बाबा लालता दास को मिला अयोध्या का न्योता



**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

हैदरगढ़ क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि अखिल भारतीय संत समिति के कोषाध्यक्ष गेरावां मठ हैदरगढ़ के महंत 1008 श्री कृष्णानंद भारती जी को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला महंत श्री भारती जी ने ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास जी की कुटी के महंत 108 श्री बाबा लालता दास जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बाबा प्रेमदास कुटी के महंत श्री लालता दास जी ने महंत श्री भारती जी का श्री राम नाम पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे विक्की हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता सुधीर जायसवाल विजय हिन्दुस्तानी प्रदीप तिवारी आदि ने संतजनों का माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर गांव के हर मंदिरों में हो पूजा-अर्चना

**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र मन्दिर का चित्र रामभक्तों द्वारा घर- घर पहुंचाया जा रहा है। और उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली की तरह उत्सव के रूप में मनाने व आसपास के मन्दिरों में पूजा अर्चना करने की अपील की जा रही है। जिसके क्रम में आज विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत ककरी में विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह के द्वारा अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र घर- घर पहुंचाकर लोगों को देते हुए उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली उत्सव के रूप मनाने का आवाहन करते हुए और आसपास में मौजूद मंदिरों पर पहुंचकर पूजा- अर्चना एवं साफ सफाई करने की अपील की भी गई। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होने जा रहे हैं और भारत अपना खोया वैभव तमाम तपस्या के बाद पाने जा रहा है। इस दिन को आप सभी लोग उत्सव के रूप में मनायें। यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान त्रिवेदीगंज प्रेम नारायण दीक्षित प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा प्रधान जमीन हुसैनाबाद सोनू सिंह गौरव सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान मनोज सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की टक्कर से युवक गम्भीर रूप से घायल


**रामनगर, बाराबंकी।** दो बाइको की टक्कर मे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया। वहां पर इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार कस्बा थाना रामनगर के मोहल्ला कादीराबाद दो निवासी 28 वर्षीय प्रशांत तिवारी उर्फ दुर्रानी आज मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अपनी बाइक गली से होकर रामनगर बदोसराय मार्ग पर पहुँचे। बुढ़वल चौराहे की ओर से तेज रफ्तार आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रशांत तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले जाया गया इलाज के दौरान हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत



**खैरटिया खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के बेलरायां कस्बे से पहले बाइक व कार की आमने सामने टक्कर बाइक सवार चीनी मिल निवासी विवेक कुमार की मौत हो गई। बेलरायां चीनी मिल में कार्यरत चीफ इंजीनियर पांचूराम का लड़का विवेक कुमार उम्र 26 वर्ष क्लेशहरण से सामान लेकर वापस आ रहा था। बेलरायां चौराहे से आगे हीरो एजेंसी के पास सामने से आ रही क्रेटा गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे विवेक कुमार उछलकर गाड़ी के शीशे पर गिर गया। गाड़ी इतनी स्पीड में थी कि युवक काफी दूर बाद रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड के किनारे लगे बोर्ड से टकरा गई। मौके से गाड़ी सवार भाग गए परिजनों को जानकारी होने पर आनन फानन में निघासन ले गए जहां स्थिति को गंभीर देखते डॉक्टरो ने जिला अस्पताल भेज दिया जहा पर डॉक्टरो ने विवेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। परिजन मृतक को अपने गृह जनपद जौनपुर लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार गाडी नंबर यूपी 31ए एस 2386 क्रेटा गाड़ी के दो चालान कटे हुए हैं वही प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो गाड़ी में सवार युवक नशे की हालत में थे।

### ग्राम प्रधान द्वारा महिलाओं को वितरित किए गए शॉल



**बांकेगंज खीरी।** बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्रांट नंबर 11 में ग्राम प्रधान रितु रंजना गौतम प्रधानपति शेर सिंह ने मकर संक्रांति एवं मायावती के जन्म दिवस पर सोमवार व मंगलवार को असहाय व जरूरतमंदों को लगभग 3500 शॉल वितरित किए। शॉल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। ग्राम प्रधानपति शेर सिंह ने बताया कि मैं गरीबों और असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहता हूं। इस मौके पर राजेश कुमार, बिरजू पंडित, शैलेंद्र उर्फ महातिया, अनिल कुमार,निर्मल, सरवन,मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं के बैठने के टीन शेड का हुआ लोकार्पण

**मोहम्मदी खीरी।** वादकारियों के भवन और अधिवक्ताओ के बैठने के टीन शेड का लोकार्पण किया गया। विधायक निधि से 11 लाख की लागत से बने भवन का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व 2 लाख की लागत से बने टीन शेड का उद्घाटन आयुष्मान मैसी ने विधि विधान से किया। आयोजित कार्यक्रम मे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। वादकारी जो दूर दराज इलाकों से तहसील आते हैं उनके बैठने की कोई जगह नहीं थी अब वादकारी इस भवन में बैठकर अपने कार्य पूर्ण कर सकते है। इस लोकार्पण कार्यक्रम मे अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ,महामंत्री लालता प्रसाद ,पूर्व महामंत्री मोहम्मद हसन नकवी, कुलदीप सिंह ,वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी सिंह, अवर अभियंता सतीशचंद्र मौर्य सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक्जीकॉन के प्रबंध निदेशक की एक और सफलता



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पूर्व मे बाराबंकी जनपद मे शामिल रहे रूदौली कस्बे के रहने वाले तथा एक्जीकॉन के प्रबंध निदेशक एमक्यू.सैयद की भारत की एकमात्र स्टॉक एक्सचेंज लिस्टेड 360-डिग्री इवेंट और प्रदर्शनी कंपनी,एक्जीकॉन इवेंट्स मीडिया सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पे घोषणा की,कि उसने पाइनवुड्स गोल्फ क्लब एलएलपी में 76 प्रतिशत नियंत्रित हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। इस अधिग्रहण में पुणे स्थित एक्सप्रेसवे पर लोढ़ा बेलमंडो में स्थित कुल 57 एकड़ का विशाल गोल्फ कोर्स और पुणे के हिंजेवाड़ी में 28 एकड़ के गोल्फ कोर्स,ब्लू रिज के प्रबंधन के प्रबंधन अधिकार शामिल है। इस सौदे मे पाइनवुड्स गोल्फ क्लब और अकादमी, इवेंट एरेना, प्रो शॉप्स,कैफे,गोल्फ लाउंज और गोल्फ सिम्युलेटर सहित प्रमुख सुविधाओ पर नियंत्रण शामिल है। यह रणनीतिक कदम एक्जीकॉन को गोल्फ पर्यटन उद्योग मे एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप मे स्थापित करेगा,जो कॉर्पोरेट गोल्फ, स्पोर्ट्स इवेंट्स, लाइव इवेंट्स, कॉर्पोरेट ब्रांडिंग और गोल्फ प्रेमियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों को मूवीज़ अंडर द स्काई जैसे अनूठे अनुभवों की सुविधा प्रदान करेगा। एक्जीकॉन के प्रबंध निदेशक एमक्यू सैयद ने इस कदम को भारत में बढ़ते गोल्फ़िंग पर्यटन उद्योग मे एक अभूतपूर्व प्रवेश बताया। सैयद ने कहा कि गोल्फ पर्यटन का विकास मनोरंजन गतिविधि के रूप में गोल्फ में बढ़ती रुचि, गोल्फ कोर्स के विकास और इवेंट और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए गोल्फ कोर्स के बढ़ते उपयोग के कारण बढ़ता जा रहा है। भारत मे गोल्फ कोर्स प्रबंधन कंपनियो की अपेक्षाकृत सीमित उपस्थिति के कारण इस क्षेत्र में एक्जीकॉन का उतरना गोल्फिंग पर्यटन उद्योग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा। पाइनवुड्स गोल्फ क्लब के संस्थापक डॉ संदीप सहस्त्रबुद्धे ने एक्जीकॉन के साथ साझेदारी के बारे मे अपना उत्साह साझा किया।

### गोल्फ पर्यटन के बारे मे

गोल्फिंग पर्यटन उद्योग में एक्ज़िकॉन का प्रवेश तेजी से बढ़ती वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप है,वैश्विक गोल्फ पर्यटन बाजार 2023 में 23.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन तक पहुंच जाएगा।विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2027 तक यह मूल्यांकन 40.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा यह विकास मनोरंजक गतिविधि के रूप में गोल्फ में बढ़ती रुचि, व्यवसाय और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए उनका बहुमुखी उपयोग जैसे कारणों से संभावित हो पा रहा है।सैयद ने कहा एक्ज़िकॉन लोगों के लिए गोल्फ़िंग अनुभव को बेहतर बनाने और भारत में गोल्फ़िंग पर्यटन के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में यादगार कार्यक्रम बनाने के लिए इस रणनीतिक अधिग्रहण का लाभ उठाने के लिए तत्पर है।




## पंचायत सहायकों की मनमानी ग्रामीणों पर पड़ रही भारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत के कार्यालयों उनकी बैठकों के आयोजन तथा ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एवं ग्रामीणों को समस्त प्रकार की ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के लिए पंचायत भवन का निर्माण कराया जाता है और पंचायत सहायक की नियुक्ति की जाती है। परंतु पंचायत सहायकों की मनमानी के कारण ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। मामला हैदरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जासेपुर में बने पंचायत भवन का है। जहां पर तैनात पंचायत सहायक के आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर 12:45 पर पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को भी पंचायत भवन बंद मिला ग्रामीणों ने बताया था कि पंचायत सहायक सुबह 1 से 2 घंटे के लिए आते हैं और फिर बंद करके चले जाते हैं। जब इस संबंध में एडियो पंचायत संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वहां पर पंचायत सहायक की स्थिति क्या है हम आपको बात करके बताते हैं। उसके बाद फोन कट कर दिया गया।

## गन्ने से भरे ट्राले का गन्ना पलटा, कई बाइकें दबी

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



सड़कों पर दौड़ रहे गन्ना ओवरलोड वाहन से आए दिन हो रहे हादसे फिर भी प्रशासन मौन है। लोगो की जिंदगी से लगातार खिलवाड़ ट्रांसपोर्टर व चीनी मिल गन्ना केंद्र के ठेकेदार कर रहे हैं। कोतवाली भीरा के क्षेत्र बस्तौला चौराहे पर एक ओवर स्पीड ट्राले का गन्ना पलट गया। गन्ने के पलटते ही ट्राले का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने ट्राले को साइड में हटवाकर याता यात चालू किया।

मिली जानकारी के अनुसार ट्राला गन्ना लेकर गुलरिया चीनी मिल जा रहा था। वहीं होटल में मौजूद राहगीरों ने बताया कि यह ट्राला काफी स्पीड में आ रहा था, ओवर स्पीड होने के कारण ट्राले का गन्ना बस्तौला चौराहे पर होटल की तरफ पलट गया। होटल से सामने खड़े लोग भागकर होटल में घुस गए और बाहर खड़ी एक दूधिया की बाइक पर गन्ना गिरने से उसकी बाइक टूट गई और उस पर लदा सारा दूध गिर गया।

वहीं कुछ लोगो का कहना है कि यहाँ पर और भी बाइक खड़ी थी। जो नीचे दब गई है। होटल मालिक का खोखा भी क्षति ग्रस्त हो गया है। लोगो की माने तो करीब एक लाख रुपए के आसपास नुकसान हुआ है। बिजुआ तरफ से आ रहे प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया यह ट्राला काफी स्पीड में आ रहा था और इसका गन्ना एक तरफ झुका हुआ था,इसी वजह से हादसा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस व मिल कर्मचारियों ने गन्ना हटवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। कोई जन हानि नहीं हुई।

## बेसहारा बच्चों का सहारा बनी सरकार 1471 बच्चों को मिला योजना का लाभ

**योजना के तहत मिल रहा ढाई हजार प्रति माह, 12वीं के आगे पढ़ाई में भी मदद**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

किसी भी कारण से माता-पिता को खोने वाले अनाथ बच्चों के जीवन का मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहारा बनी है। जीरो से 18 वर्ष तक के बच्चों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए उप्र का निवासी होना जरूरी है। एक परिवार के अधिकतम दो बच्चों को योजना का लाभ मिलेगा। खीरी जिले में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में जिले के 1471 बच्चों को लाभ मिल रहा है। योजना के तहत बच्चों को हर माह 2500 रुपए की धनराशि दी जाती है। उक्त आशय की जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने दी। डीपीओ ने बताया कि उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों या माता या पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु किसी भी कारण से एक मार्च 2020 के पश्चात हो गई। ऐसे परिवारों के अधिकतम दो बच्चों को जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है 2500/- रुपए प्रतिमाह प्रति लाभार्थी दिए जाने का प्रावधान है।

## तीसरे दिन गांव में फिर घुसा तेंदुआ, बकरी का किया शिकार

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ के तराई इलाके के सटे जंगल के किनारे इलाकों में तेंदुए और बाघ की दहशत लगातार बरकरार है। ग्रामीण खेतों की तरफ जाने से घबरा रहे हैं तो वहीं बच्चे स्कूल जाने में भी कतरा रहे हैं। बता दें कि इस तराई इलाके से स्कूल और कॉलेज लगभग आठ से दस किलोमीटर की दूरी पर पड़ते हैं जहां से करीब तीन से चार किलोमीटर की दूरी इन्हीं गांवों के लोग हाईवे तक का सफर तय करने में लगाते हैं। ऐसे में पैदल अथवा किसी निजी वाहन से निकलना खतरे से खाली नहीं साबित हो रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही भीरा रेंज के महेशापुर बीट के गांव पड़रिया तिलकापुर में खेत पर काम कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर दिया था।

**कार्यक्रम** | **श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर.....**

## प्रधान व विधायक ने मंदिर प्रांगण की झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई

**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज**



**विधायक व प्रधान ने आम जनमानस से प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व साफ सुथरा करने की अपील की इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी के अह्वाहन पर संपूर्ण देश में सभी मंदिर व अन्य प्रतिष्ठानों में साफ सफाई का अभियान शुरू हो चुका है जिसके क्रम में जिला लखीमपुर खीरी की गोला विधानसभा 139 विधायक अमन अरविंद गिरी भी इस मुहिम मे बढ़ चढ़कर योगदान कर रहे हैं।

गोला विधायक अमन अरविंद गिरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री चित्रगुप्त महाराज जी के मंदिर समेत तमाम अन्य मंदिरों में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। उनके साथ तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी झाड़ू लगाकर इस मुहिम मे उनका साथ दिया। वही विधायक के साथ व ग्राम पंचायत लाल्हापुर के प्रधान जनार्दन गिरी ने भी मंदिर की साफ सफाई की। बताया कि आगामी 22 जनवरी हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें हम सभी लोग एक साथ संपूर्ण देश में दीपावली का पर्व मनाएंगे और यह हमारा कर्तव्य है कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हम अपने आसपास सभी जगह साफ-सफाई करें। विधायक व प्रधान ने आम जनमानस से प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रत्येक जगह को साफ सुथरा करने की अपील की। इस मौके पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंकज वर्मा हत्या कांड में वांछित तीन गिरफ्तार

**मितौली खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा शहीद पुर में हुए पंकज वर्मा हत्या कांड में वांछित तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अभियुक्तों में रामप्रसाद पुत्र स्व. रामस्वरूप, नेहा पुत्री रामप्रसाद, ज्योति पुत्री रामप्रसाद नि. गण ग्राम शहीदपुर को पुलिस ने कस्ता चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव, कांस्टेबल जसविंदर सिंह, कांस्टेबल ऋषभ, कांस्टेबल विकास एवं महिला आरक्षी शिवांगी तथा शाइस्ता मौजूद रही। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कत्ल में प्रयोग की गई एक बाका, दो हसिया बरामद कर अभियुक्तो को जेल भेजा गया।

## सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने बढ़ाई चौकसी

**तिकुनिया खीरी। समृद्धि न्यूज**



22 जनवरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर तृतीय वाहिनी एसएसबी कैम्प खखरौला द्वितीय कमान अधिकारी एमडी तमांग की अगवाई में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कमान अधिकारी द्वारा कहा गया कि बॉर्डर एरिया में सुरक्षा के संबंध में पेट्रोलिंग और बढ़ायी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों तथा समान की जाँच की जाये । इसके साथ ही स्थानीय पुलिस तथा नेपाल समकक्ष के साथ तालमेल बढ़ाया जाये। इस बैठक में सीओ निघासन यादवेन्द्र यादव तिकुनिया थाना प्रभारी मनोज कुमार सम्मिलित हुए । साथ ही नेपाल के डीएसपी सूर्य प्रकाश शर्मा तथा नेपाल पुलिस के इंस्पेक्टर चंखा काठायत भी मोजूद रहे। बैठक के उपरांत ग्राम रणनगर के पंचायत भवन में ग्रामीणो के साथ सुरक्षा संबंध में द्वितीय कमान अधिकारी एमडी तमांग, कंपनी कमांडर संजय कुमार तथा सीओ निघसान यादवेन्द्र यादव द्वारा सुरक्षा संबंध में मीटिंग भी ली गई।

### सीएम ने भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार

**बूथ जितने मजबूत होंगे, उतना बेहतरीन होगा वोटर्स से संवाद**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ में खूब जोश भरने का काम किया। बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखा, फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।

भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियांहोनी है। आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार लिखे जाने चाहिए।

किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे। मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद उतना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए, एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार। सीएम योगी ने कहा कि दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली से कर देश को एक नया संकल्प दिया है। विकसित भारत यात्रा की तरह ही यह अभियान फलीभूत हो, इसके लिए सभी को प्राणपण से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बीते करीब दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जनता करीब से महसूस कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से नागरिकों के मन में नया विश्वास पैदा हुआ है। देश-प्रदेश में वैश्विक स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य हुए हैं। हाइवे, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी की मजबूती हुई है। नए एम्स, आईआईटी बने हैं। कई योजनाओं ने नए मानक गढ़े हैं। योजनाओं की सिर्फ घोषणा नहीं हुई है, बल्कि शत प्रतिशत संतृप्तिकरण के प्रयास हुए हैं। अपनी बात रखने के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार भाजपा चार सौ पार के नारे भी लगवाए।

दीवार लेखन अभियान के अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जलशक्ति मंत्री ने देखा हेलो किसान सेवा का कॉल सेंटर



**लखनऊ।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज अचानक तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालय की साफसफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से संपादित करें जिससे विभाग देश और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। हेलो किसान सेवा के केंदीयकृत कॉल सेंटर का भी निरीक्षण कर अधिकारियों से कहा कि हेलो किसान सेवा पर किसानों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। हेलो किसान सेवा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 1805450 है जिस पर कॉल कर नहर,नलकूप से संबंधित समस्या की शिकायत कर सकते हैं जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा समाधान कर उनको सूचित भी किया जाएगा स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर, डाक डिस्पैच रजिस्टर आदि की भी जांच की। कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति पर संतोष जताया। कर्मचारियों को कुशलता व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा। कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लिया।

# यूपी के पॉलिटेक्निक संस्थानों के सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**156 केंद्रों पर परीक्षा एक लाख 73 हजार स्टूडेंट्स होंगे शामिल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में आज से सेमेस्टर एग्जाम शुरू हुए। इसके लिए प्रदेश भर के सभी सरकारी और एडेड पॉलिटेक्निक संस्थानों में 156 केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की जरिए निगरानी की जा रही हैं। परीक्षा केंद्र पर 2500 से ज्यादा परीक्षा कक्ष प्रभारी बनाए गए हैं। इसके अलावा उड़ाका दल में 21 सदस्यों को तैनात किया गया हैं। सभी 4 जोन के संयुक्त निदेशक को उनके क्षेत्रों का आब्जर्वर बनाया गया हैं।

प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रदेश भर के कुल 156 केंद्र पर 1 लाख 73 हजार 933 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। 2 शिफ्ट में होने वाली परीक्षा की पहली पाली 9 बजे से शुरू होकर 11.30 बजे तक चली। पहली शिफ्ट में परीक्षा के दौरान कही कोई गड़बड़ी की खबर नही हैं। परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए पर्याप्त परीक्षा कक्षा प्रभारी तैनात किए गए हैं। जहां कहीं कोई कमी थी वहां के राजकीय प्ज्प् समेत अन्य सरकारी कॉलेजों के शिक्षकों का सहयोग लिया गया हैं। इसके अलावा सभी 4 जोन में से प्रत्येक में 2 - 2 टीम औचक निरीक्षण के लिए लगाई गई हैं। हर टीम में 3 वरिष्ठ सदस्यों को रखा गया हैं। साथ ही उन जोन के संयुक्त निदेशक को आब्जर्वर का जिम्मा सौंपा गया हैं।

## खबरें एक नजर में

### 28 को व्यापारी महाकुंभ में जुटेंगे व्यापारी : अनुप शुक्ला



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा गोमती होटल हजरतगंज लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला का जोरदार स्वागत हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला ने बताया कि आज व्यापारी परेशान है ऑन लाइन शॉपिंग से सभी का व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का उत्पीड़न बड़ रहा है और व्यापारियों की हत्या और उनके साथ लूट की घटनाएं भी हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन घटनाओं और समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल व्यापारी आयोग गठन बीमा जीएसटी को दो स्लैब में लाने मंडी शुल्क समाप्ति व्यापारियों का प्रतिशत के अनुसार राजनैतिक हिस्सेदारी समेत अन्य प्रमुख मांगों को पूरा किया जाए। डा अनुप शुक्ला ने बताया कि इन्हीं मांगों को उठाने के लिए व्यापारी महाकुंभ का आयोजन 28 जनवरी को सहकारिता भवन विधानसभा मार्ग लखनऊ में किया जा रहा है जिसमे प्रदेश के सभी जनपदों के व्यापारी नेता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों को रखेंगे। इस अवसर पर गीता सिंह को महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रेस वार्ता में राहुल गुप्ता जिलाध्यक्ष, डा पीसी गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, रेनू शाही प्रदेश महासचिव, डा अदिति सिंह महिला नेत्री, शिव बहादुर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय मौर्या प्रदेश सचिव, उपदेश सिंह प्रदेश सचिव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बूथों को मजबूत करने के लिए बनी रणनीति

**मलिहाबाद/लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज जोनवार बैठकों के अन्तर्गत विधानसभा मलिहाबाद के जोन गहदो में जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं निवर्तमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में बूथों की समीक्षा की गयी। बैठक में विधानसभा मलिहाबाद के नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष सोनीश मौर्या का स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता अवधेश सिंह एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीश मौर्या ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता टी0बी0 सिंह मौजूद रहे। बैठक में जोन गहदो के सेक्टरों में आने वाले बूथों को मजबूत करने के लिए पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार उर्फ सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, जोन प्रभारी जीत बहादुर उर्फ जीतू, पन्ना लाल रावत, मोईन खान, उदय प्रताप सिंह, नौषाद अली, अभिराज सिंह, आयुष कुमार, चन्दन राठौर, सुरेश कुमार रावत, अनिल यादव, परमेष्वर रावत, सुरेश यादव, मथुरा यादव, भास्कर सिंह, दयाराम मौर्या, मनीष यादव, मनोज यादव, मुकेश रावत, सर्वजीत रावत, शिवम यादव 'गोलू', सोनी रावत के साथ सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एजेंडा यूपी पर सम्मेलन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न विचार समूहों और राजनीतिक लोकतांत्रिक दलों व व्यक्तियों द्वारा बनाए एजेंडा यूपी 2023-24 पर 17 जनवरी को दारूलसफा ए ब्लॉक कामन हाल में सम्मेलन होगा। एजेंडा यूपी सम्मेलन में हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, देश में रिक्त 1 करोड़ सरकारी पदों पर अतिशीघ्र भर्ती, दलित-अति पिछड़े-आदिवासी भूमिहीन, गरीबों को आवासीय भूमि व आजीविका के लिए एक एकड़ भूमि, सहकारी खेती को प्रोत्साहन, किसानों के लिए एमएसपी कानून, नए लेबर कोडों की समाप्ति, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, स्तरीय व निशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य की गारंटी तथा इन पर बजट में बढ़ोत्तरी, नागरिक अधिकारों की रक्षा जैसे आम नागरिकों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण सवालों पर विचार विमर्श होगा।

### बीसी सखियों ने वित्तीय लेनदेन से कमाये 55 करोड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन लोगों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने एवं अवसर की समानता का सुअवसर प्रदान करते हुये समूह की महिलाओं यानि दीदियों को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। वन जीपी-वन बीसी का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओ की उपलब्धता अंतर्गत एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी कार्यक्रम में 37642 बीसी सखी द्वारा 20587 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का लेन देन करते हुए 55 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ कन्वर्जेन्स के माध्यम से 10242 विद्युत सखियों द्वारा 716 करोड़ रुपये का बिल कलेक्शन करते हुए 11 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि कमीशन के रूप विद्युत सखियों द्वारा प्राप्त किया गया है।समूह की दीदियो द्वारा 2305 उचित दर की दुकानों का कुशल संचालन एवं प्रबन्धन किया जा रहा है।

### एओसी-इन-सी, एयर मार्शल ने वायु सेना अस्पताल का किया दौरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय वायु सेना अनुरक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल विभास पांडे ने वायु सेना अस्पताल, कानपुर का दौरा किया। उनके साथ एयर फोर्स फैमिलीज वेलफेयर एसोसिएशन (क्षेत्रीय), अनुरक्षण कमान की अध्यक्षा रुचिरा पांडे भी साथ थीं। एयर मार्शल विभास पांडे को अस्पताल द्वारा सेवारत कर्मियों, पूर्व वायु सैनिकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रदान की जा रही चिकित्सा देखभाल व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा भी कर, मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल की चुनौतियों के प्रबंधन में अस्पताल कर्मियों द्वारा किए जा रहे असाधारण प्रयासों की सराहना की। इस दौरान एयर मार्शल विभास पांडे ने अस्पताल की चल रही विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया। रुचिरा पांडे ने अफवा (स्थानीय) उद्यमों के साथ-साथ वायु योद्धाओं के फैमिली वार्ड परिसर का दौरा किया और उनसे बातचीत की। उन्होंने वायु सेना परिवार कल्याण संघ (स्थानीय) के विभिन्न उपक्रमों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की।

### मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 23 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि राज्य सरकार की अधिसूचना द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी के स्थान पर अब 23 जनवरी को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### रोजगार मेले में 80 प्रतिभागियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ,राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत काकोरी ब्लाक में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मण्डल अध्यक्ष रवि राज एवं विकास खण्ड अधिकारी अमित सिंह परिहार ने किया जिसमें 340 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 80 प्रतिभागियों को रोजगार प्राप्त हुआ।

# शीतलहर के चलते आठवीं तक के स्कूल 18 तक रहेंगे बंद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी समेत उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है. हाड़ कंपा देनेवाली ठंड ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से ड्राइवरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि लोगों को अभी सर्दी से छुटकारा मिलने की उम्मीद नहीं है। लखनऊ के तापमान में गिरावट का दौर जारी है।

मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों को बड़ी राहत दी है। लखनऊ में क्लास आठ तक के बच्चों को स्कूल जाने से छुट्टी मिल गई है. शीतलहर का प्रकोप देखते हुए 18 जनवरी तक आठवीं तक के सरकारी, गैर सरकारी और निजी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। 9-12वीं क्लास संचालन का समय भी बदला गया है। स्कूल प्रबंधन को ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कराने की अनुमति मिल गई है।

**9-12वीं क्लास संचालन का बदला समय**

बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होने पर विकल्प का इस्तेमाल किया जा सकता है। सुबह 10 से 3 बजे तक 9-12वीं क्लास को संचालित करने पर स्कूल प्रबंधन के लिए हिदायत दी गई है। स्कूल प्रबंधन क्लास में छात्रों के लिए ठंड से बचाव का प्रयाप्त इंतजाम करेगा। क्लास में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर का इस्तेमाल किया जाएगा। छात्रों को खुले में पढ़ाने की इजाजत नहीं होगी।

## अयोध्या में सूट पहनेंगे दरोगा और सिपाही

**लखनऊ/अयोध्या।** खाकी वर्दी पहनकर सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली पुलिस अयोध्या में बदली नजर आएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 288 दारोगा और सिपाही सूट-बूट में विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा करेंगे। खास परिधान लखनऊ में तैयार हो रहे हैं। इन पुलिस कर्मियों में ज्यादातर खिलाड़ी हैं, जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है।प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पुलिस के 11,000 से अधिक जवान अलग-अलग स्थानों पर मोर्चा संभालेंगे। इनमें अतिविशिष्ट व विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में तैनात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा 288 उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी इस बार खास ड्रेस में दिखेंगे। अयोध्या के 106, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर व अमेठी के 50-50 और बाराबंकी के 32 पुलिसकर्मी लिये गए हैं। 23 उपनिरीक्षकों के अलावा शेष मुख्य आरक्षी व आरक्षी शामिल हैं।

# रिश्वत लेते पकड़ी गई नगर निगम की महिला क्लर्क

**काम के बदले काफी दिन से पैसे की डिमांड कर रही थी क्लर्क**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम जोन की महिला बाबू नीलम साहू को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। बताया जा रहा है कि प्रचार विभाग में तैनात बाबू काम के बदले काफी दिन से पैसे की डिमांड कर रही थी। नगर निगम में आला अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी मामला नहीं बना तो पीड़ित पक्ष ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज करा दी। उसके बाद मंगलवार को उसको पैसा दिया गया और टीम ने आकर उसको रंगे हाथ पकड़ लिया।

टीम के साथ वजीरगंज थाने की पुलिस भी मौजूद थी। बताया जा रहा है कि महिला सिपाहियों की मौजूदगी में नीलम साहू को पुलिस ले गई है। हालांकि इस मामले में अभी नगर निगम की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। यहां तक की घटना के बाद नगर निगम के कई अधिकारियों ने फोन उठाना तक बंद कर दिया। इससे पहले एंटी करप्शन की टीम ने 8 हजार रुपए के साथ नगर निगम जोन दो के एक बाबू को पकड़ा था। तब बाबू काम कराने के लिए पीड़ित से 20 हजार रुपए की मांग कर रहा था। पैसा नहीं दिया तो उसको काफी परेशान कर रहा था। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम में आम लोगों को काफी परेशान किया जा रहा है। इसको लेकर वह सदन में कई बार आवाज बुलंद कर चुके हैं। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### हाउस टैक्स निर्धारण में गड़बड़ी मिलने पर तीन अधिकारी निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में गृहकर निर्धारण में गड़बड़ी मिलने पर तीन अधिकारियों पर गाज गिरी है। तीनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उसमें एक कर अधीक्षक और दो राजस्व निरीक्षक शामिल बताये जा रहे हैं। दरअसल, लखनऊ के नगर आयुक्त ने दिसंबर 2023 में भवन कर निर्धारण में हुई गड़बड़ी को लेकर निदेशालय में शिकायत भेजी थी। जिसकी जांच तीन सदस्यीय कमेटी ने की थी। जांच के दौरान शिकायतों को सही पाये जाने पर समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। जिसके बाद नगरीय निकाय निदेशक नितिन बंसल ने कर अधीक्षक राम सागर कुशवाहा, राजस्व निरीक्षक सौरभ त्रिपाठी और एक अन्य राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। इसमें सौरभ त्रिपाठी इस समय कानपुर में तैनात हैं। कानपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक सौरभ त्रिपाठी पर आरोप है कि लखनऊ में तैनाती के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भवन संख्या सी एक 036,037 के कर निर्धारण का कार्य किया था। जिससे नगर निगम को राजस्व की क्षति हुई। इसके अलावा भवन संख्या डी एक 154 का तीन महीने में तीन अलग-अलग निरीक्षण आख्या दी गई। इसी के चलते इन पर कार्रवाई होने की बात सामने आई है।

# 706 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

**सामूहिक विवाह में पहुंचे ऊर्जा मंत्री, वर-वधू को दिया आशीर्वाद**

समृद्धि न्यूज



**सिद्धार्थनगर/लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज सिद्धार्थनगर पहुंचकर जिले के बीएसए ग्राउण्ड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। सिद्धार्थनगर में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस विवाह कार्यक्रम में 706 जोड़ों की शादी पूरे विधि विधान एवं परम्पराओं व रीति-रिवाजों का पालने करते हुए करायी गयी। वर-वधू के इन जोड़ों में 637 हिन्दू जोड़े तथा 69 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने बीएसए ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व प्रेरणा से इतना विशाल सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसका मैं साक्षी बना। जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की और हिन्दू-मुस्लिम के लड़के-लड़कियों को मिलाकर 706 जोड़ों की शादी सकुशल सम्पन्न करायी गयी।

प्रदेश सरकार गरीबों, असहायों व निर्धनों की बेटियों की शादी के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है, जिससे कि एक गरीब की पुत्री के भी हाथ पीले हो सकें और सम्मान के साथ अपने पति के साथ विदा होकर ससुराल जा सके। यह ऐसा शादी समारोह होता है, जिसमें जिले के शीर्ष अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ वर-वधू के रिश्तेदार, माता-पिता शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद देते हैं और उनके उज्वल जीवन की कामना करते हैं साथ ही वर-वधू के विवाह के साक्षी भी बनते हैं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 51 हजार रूपये विवाह में खर्च किये जाते हैं, जिसमें 35 हजार रूपया नगद खाते में भेजा जाता है। 10 हजार रूपये की सामग्री दी जाती है। 600 रूपये का अतिरिक्त सामान वधू को प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक श्याम धनी राही, चेयरमैन गोविन्द माधव, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ वर-वधू के माता-पिता, नाते-रिश्तेदारों सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आज से प्रयागराज वाया अयोध्या गोरखपुर के लिए चलेंगी वाल्बो बस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को अच्छी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुबंध के आधार पर कल 17 जनवरी से एक वाल्बो बस प्रयागराज-गोरखपुर वाया अयोध्या-बस्ती मार्ग पर संचालित की जायेगी। यह बस सेवा प्रयागराज से प्रातः 7.30 बजे चलेगी एवं प्रातः 11.35 बजे अयोध्या पहुंचेगी, तत्पश्चात अपराह्न 02.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। बस गोरखपुर से सायं 03.30 बजे चलेगी, अयोध्या 6.35 बजे पहुंचेगी एवं रात 10.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि 22 जनवरी से 26 जनवरी तक सभी बस स्टेशनों की साज-सज्जा रखने के भी निर्देश दिये गये हैं।यात्रियों श्रद्धालुओं को बस स्टेशनों बसों में रामधुन सुनाई दे। बस स्टेशनों पर एलईडी, फ्लैक्सी के माध्यम से श्रद्धालुओं यात्रियों को बसों के आवागमन की जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने बस स्टेशनों एवं बसों की साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिये हैं। आज अयोध्या में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियो के दृष्टिगत समीक्षा बैठक हुई।

# किसानों से जुड़े कार्यों व योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : राज्यमंत्री

समृद्धि न्यूज

**मंडी परिषद के विकास कार्यों की मंत्री ने की समीक्षा, दिए निर्देश**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किसान मण्डी भवन लखनऊ में मण्डी परिषद की आय-व्यय एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है, उन्हें बधाई दी एवं जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी, उन्हें आगामी 15 दिनों के अन्दर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये।

प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है। किसानों से जुड़े कार्यों एवं योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष अवशेष स्वीकृतियॉ हैं उन्हें अविलम्ब निर्गत किया जाय। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष 75 प्रतिशत स्वीकृतियां निर्गत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा अन्तर्गत निर्गत स्वीकृतियों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराया जाय। श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियों की साफ-सफाई करवाई जाए। मण्डी समितियों में जहाँ पर अतिक्रमण किया गया, उसे एक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाये। जिन मण्डियो में रिक्त भूमि हैं वहाँ पर व्यापारियों की माँग के अनुसार दुकानें बनवाकर आवंटन की प्रक्रिया की जाय। कार्यों की गुणवत्ता के लिए नियमित रूप से मण्डी स्थलों का निरीक्षण किया जाय। गड्ढा मुक्त अभियान के अन्तर्गत मण्डी परिषद की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने हेतु सड़कों को श्रेणियों में बांटकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया।बैठक में संयुक्त निदेशक प्रशासन सचिन कुमार सिंह, उपनिदेशक प्रशासन चन्दन पटेल, मुख्य अभियन्ता मुख्यालय सत्य प्रकाश एवं प्रदेश के समस्त उपनिदेशक प्रशासन, संयुक्त निदेशक निर्माण एवं उपनिदेशक निर्माण द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

**समीक्षा**

### राज्यपाल ने रज्जू भय्या विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की

# संक्षिप्त में न लिखकर फुल फॉर्म में अंकित करें कोर्स के नाम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल वं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को यहाँ राजभवन में प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विवि, प्रयागराज के नैक हेतु सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतिकरण से पूर्व राज्यपाल को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में प्रारम्भ से वर्ष 2023 तक आर्ट्स और कॉमर्स दो ही फैकल्टी रही हैं। अब विधि, कृषि और विज्ञान की फैकल्टी भी प्रारम्भ हो गई हैं, लेकिन नैक मूल्यांकन प्रारम्भ के 5 वर्षों तक रही दो फैकल्टी आर्ट्स और कॉमर्स के आधार पर ही होगा। राज्यपाल ने मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया पर बिंदुवार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की और अपेक्षित सुधार हेतु व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

विवरण में कहीं भी कोर्स के नाम शार्ट-टर्म में न लिखकर फुल फार्म में ही अंकित करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में विविध अवसरों पर आए विशेषज्ञों का पूर्ण विवरण और कार्यक्रम की जानकारी भी एस.एस.आर. में लगाए गए फोटो के साथ अंकित करने को कहा। टीचिंग, लर्निंग एण्ड इवैल्यूएशन पर प्रस्तुतिकरण देखते हुए उन्होंने कहा कि साधारण विद्यार्थियों में हुए उत्कृष्ट सुधारों तथा उत्कृष्ट विद्यार्थियों के उपलब्धि परक उल्लेखों, प्लेसमेंट आदि को भी एस.एस.आर. में दर्शाएं। उन्होंने विविध बिंदुओं पर समग्रता से चर्चा करते हुए फोटो के साथ कैप्शन की भाषा सुधारने, गतिविधि का विस्तृत विवरण अंकित करने को कहा। इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड लर्निंग रिर्सोसेज के मूल्यांकन बिंदुओं की समीक्षा के दौरान पुस्तकालय में किताबों की खरीद पर होने वाले व्यय की चर्चा भी हुई। न्होंने प्रस्तुतिकरण के विवरण में क्रमबद्धता लाने और उसी क्रम में फोटो लगाने को कहा, जिससे मूल्यांकन कमेटी सहजता से संदर्भ और प्रमाण अवलोकित कर सके। क्राइटेरिया सात में बेस्ट प्रैक्टिस के विवरण की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय द्वारा गाँवों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों से हुए परिवर्तन का तुलनात्मक विवरण अंकित करने को कहा। कुपोषण से मुक्ति, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किट की सामग्री प्राप्त होने के बाद बच्चों की गतिविधियों और संख्या में वृद्धि, गोद लिए टीवी मरीजों से अब तक स्वस्थ हो चुके लोगों की संख्या, जागरूकता प्रसार से संस्थागत प्रसवों में बढ़ोत्तरी जैसे विविध कार्यों का उल्लेख और उनके फोटो भी एस.एस.आर. में लगाएं। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों बेहतर तैयारी करके उत्कृष्ट एस.एस.आर. दाखिल करने और उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## मोटे अनाज के व्यंजन बनाएंगे एकेटीयू स्टूडेंट्स

**लखनऊ।** डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी मोटे अनाज का उपयोग करके स्वादिष्ट व्यंजन बनाएंगे। एकेटीयू द्वारा मिलेट रेसिपी अनलीशिंग टैलेंट कम्पटीशन का आयोजन किया जा रहा है। इस इवेंट में मोटे अनाज से 3 कैटेगरी में पकवान बनाने होंगे। जिनकी रेसिपी सबसे खास और इनोवेटिव होगी उन्हें कैश प्राइज के साथ प्रमाणपत्र भी मिलेगा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को हिस्सा लेने को कहा हैं। कुलपति प्रो.जेपी पांडेय की तरफसे जारी निर्देश में कहा गया हैं कि मिलेट यानी मोटे अनाज से तीन श्रेणियों स्टार्टटर, मेन कोर्स और डेजर्ट में व्यंजन बनाने होंगे। एक टीम में अधिकतम 4 लोग शामिल हो सकते हैं। जिसमें एक महिला का होना भी जरूरी है।

# आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग करें शतप्रतिशत मतदान : डीएम

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील करनैलगंज गोण्डा की ग्राम पंचायत पतिसा भोंका विकासखंड हलधरमऊ, हीरापुर शाहपुर विकासखंड करनैलगंज, डेहरास विकासखंड परसपुर, धमरया विकासखंड परसपुर में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामवासियों से बातचीत कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया।



- आपका एक वोट तय करता है देश का प्रधानमंत्री
- पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपने मताधिकार का करें प्रयोग
- डीएम ने मतदान के लिए ग्रामीणों से किया जनसंवाद
- डीएम ने जनसंवाद कार्यक्रम में मतदाताओं को किया जागरूक

उन्होंने गांव के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव के सभी लोग शतप्रतिशत मतदान करें। सभी ग्रामवासी ग्राम प्रधान के लिये होने वाले चुनाव की तरह ही सक्रियता दिखाते हुए देश के प्रधानमंत्री के लिए होने वाले चुनाव में भी अपना शत प्रतिशत मतदान करें। आपका एक वोट भारत की बनने वाली अगली सरकार का फैसला करेगी इसलिए आपका एक-एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का मतदान बढ़ाने के लिये महिलाओं को भी जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। देश के लोकतंत्र में जितना हक पुरुष के वोट का है उतना ही हक महिलाओं के वोट का भी है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वह 18 से 19 वर्ष तक के नये युवाओं का वोट अवश्य बनाएं।

### मनपसंद प्रत्याशी को ही दें वोट

जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट देने का पूरा अधिकार है। प्रत्येक मतदाता अपने मनपसंद प्रत्याशी को बिना किसी भय, डर, लालच व दबाव के अपना वोट दें। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि आपके मताधिकार के प्रयोग के बीच किसी भी असामाजिक तत्व को नहीं आने दिया जायेगा। आपका मताधिकार का अधिकार संवैधानिक अधिकार है किसी भी व्यक्ति को इस अधिकार का हनन करने की इजाजत नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान के बीच अव्यवस्था फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों के द्वारा बताई गई जनसमस्याओं को भी अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित करवाया। उन्होंने जनशिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बीएसए, समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एसएचओ करनैलगंज, बीडीओ, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, सीडीपीओ, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, बीएलओ, सचिव व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दबंगों ने तालाब पाट कर किया पक्का निर्माण, आयुक्त से हुई शिकायत



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के सदर तहसील ग्राम गिलौली निवासी राजेश शुक्ला ने मंडल आयुक्त देवी पाटन को शिकायती पत्र दिया है जिसमें कहा गया है अवैध कब्जा बतौर तालाब की भूमि गाटा संख्या 480 /0.280 स्थित ग्राम गिलौली परगना तहसील व जिला गोंडा का है प्रार्थी के ग्राम सभा में गाटा संख्या 480/ 0.280 जो तालाब खाते की भूमि है उस पर गांव के ही कुछ दबंग लोगों के द्वारा तालाब पाट कर उस पर पक्का निर्माण कर लिया गया है जो पूरी तरह अवैधानिक है तथा श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त प्रार्थना पत्र पर जांच करवाते हुए दबंगों द्वारा किए गए तालाब की भूमि पर निर्माण को हटवाते हुए अवमुक्त कराने की कृपा करें यह शिकायती पत्र दिनांक 11 जनवरी 2024 को दिया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख ने की मंदिर परिसर की साफ-सफाई

दुबहा बाजार /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा।** ब्लाक प्रमुख कटरा बाजार भवानी भीख शुक्ला ने मंगलवार को विकास क्षेत्र दुबहा बाजार में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर झाड़ू लगाकर सफाई महाअभियान का शुभारंभ किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते गांव को स्वच्छ,सुंदर एवं आकर्षक बनाए जाने हेतु 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सफाई महा अभियान चलाए जाने के दिए गए हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मंगलवार को ब्लाक प्रमुख कटरा बाजार ने अपने साथियों के साथ सफाई कर इस महा अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर बोलते हुए ब्लाक प्रमुख श्री शुक्ल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूरी दुनिया से मेहमान आ रहे है। पूरा प्रदेश स्वच्छ और सुंदर दिखे यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सभी को अपने घरों के आसपास पूरे गांव में नगर में गांवों में कस्बों में स्थित मंदिरों पर विशेष सफाई किए जाने की आवश्यकता है। श्री शुक्ल ने अधिकारियों कर्मचारियों सहित पूरे क्षेत्र के आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हमारे अपने घरों में कोई कार्यक्रम होता है उसके पहले साफ सफाई की जाती है ठीक उसी प्रकार हम सभी को संकल्प लेकर सफाई अभियान चलाना होगा जिससे 22 जनवरी के पहले पूरा क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देने लगे कही गंदगी न रहने पायें। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष उमापति त्रिपाठी, ग्राम प्रधान दुबहा बाजार जसवंतलाल सोनकर, जीतू सोनकर,पवन गुप्ता,सफाई कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# लगभग 200 साल पुराने मंदिर की हुई पुनर्स्थापना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

05 अगस्त 2020 को जिस दिन श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर का शिलान्यास हुआ था उसी दिन बौण्डी थाना क्षेत्र के केलागांव में पारसनाथ सिंह के द्वारा लगभग 200 साल पुराने मंदिर का पुनर्स्थापना का शिलान्यास किया। और मंदिर लगभग छः माह में बनकर तैयार हो गया। और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर विधिवत पूजन कार्य शुरू हो गया। मान्यताओं के आधार पर यह मंदिर पारसनाथ सिंह के बाबा मुनेश्वर सिंह के द्वारा किया गया था। मंदिर के बगल में एक कुंआ भी उसी समय का स्थापित है जो पूरी तरीके से फट गया था उसको भी पुनः साफ सफाई करा कर उपयोग में लाया जा रहा है। पारसनाथ सिंह के पुत्र डॉ. जितेंद्र



सिंह इस तरह के सामाजिक कार्य अक्सर करते रहते हैं। कोरोना के समय में भी उन्होंने निःशुल्क मास्क वितरण व मरीज का फ्री में इलाज किया था। क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए इस तरह के पुनीत कार्यों की प्रशंसा होती रहती है।

# आराजक तत्व सुधर जाएं, नहीं तो जायेंगे जेल : अंकुर वर्मा

कौड़िया /गोंडा, समृद्धि न्यूज

दबंग व भू-माफियाओं के साथ अराजक तत्वों की जगह सिर्फ जेल में होगी यह बातें सोमवार को जिले के नवागत थाना प्रभारी कौड़िया अंकुर वर्मा ने कही।

उन्होंने थाने में सभी फरियादियों को सम्मान के साथ पेश आने के लिए सिपाहियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब,बालू खनन जैसे कारोबार पर रोक लगाने के साथ सभी गैंगस्टर, गुंडा माफियाओं और अराजकता फैलाने वाले लोग हैं उन्हें वह जेल पहुंचाने का काम करेंगे। थाना परिसर में दलालों को कोई जगह नहीं मिलेगी,जिससे आम फरियादी बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करा सके।



वर्मा जी इससे पहले चौकी प्रभारी आर्यनगर,चौकी प्रभारी मसकनवा,चौकी प्रभारी सोनी गुमटी,पुलिस अधिक्षक पीआरओ वा थाना प्रभारी धानेपुर रह चुके हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मुकेश शुक्ला ने थाना प्रभारी को श्री राम जन्म भूमि मंदिर का चित्र व श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत को भेंट किया।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी आर्यनगर प्रशांत कुमार, हेड मोहर्रिर रजनीकांत सिंह,हेड कांस्टेबल विनोद पांडेय, कास्टेबल अनुज , कास्टेबल संदीप सिंह, कास्टेबल श्याम नारायण, कास्टेबल जितेंद्र कुमार, कास्टेबल कृष्ण कुमार, कास्टेबल गुलाब, कास्टेबल आदित्य राय, कास्टेबल सतेंदर यादव, कास्टेबल लवकुश मौर्य आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समस्या बनता जा रहा सड़क पर भरा गंदा पानी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



कैसरगंज से मलौना मार्ग के अन्तर्गत सोनारी गांव मे सड़क पर नालियों का पानी एकत्रित होने से आम जनमानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं जिसमें से साइकिल चालक और मोटरसाइकिल चालक उसी कीचड़ में गिरकर बहुत ही व्यथित होते हैं और कुछ चोटिल भी हो जाते हैं और प्रशासन को कोसते हुए निकल जाते हैं। किनारे रहने वाले लोग भी सब देखते हुए भी उक्त समस्या के लिए कोई सकारात्मक प्रयास भी नहीं कर रहे हैं जिससे समस्या से निजात मिल सके। छोटे छोटे बच्चों को स्कूल जाने मे बहुत ही कठनाइयों का सामना करना पड़ता है कई बार बच्चे रोड पर भरे हुए पानी मे गिर कर चोट भी खा जाते है यदि समस्या का जल्द ही निराकरण नहीं कराया गया तो यह अति गंभीर रूप धारण कर लेंगे और किसी भयंकर दुर्घटना का रूप ले सकती है इस जल भराव से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित है।

### बिजली विभाग के एक्सईएन पर 25 हजार का जुर्माना

- सूचना न उपलब्ध कराने पर लगाया जुर्माना

बहराइच समृद्धि न्यूज सूचना देने में लगातार हीलाहवाली बरतने के आरोप में राज्य सूचना आयुक्त ने अधिशासी अभियंता विद्युत बहराइच के खिलाफ अर्थदंड से दंडित करने की कार्रवाई की है। सूचना आयुक्त ने आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मांगी सूचना उपलब्ध न कराने के मामले को गंभीर बताते हुए एक्सईएन विद्युत पर 25 हजार का जुर्माना ठोंकते हुए जुर्माने की धनराशि उनके वेतन से वसूलने को लेकर प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा को आदेश की कापी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।शहर के आरटीआई कार्यकर्ता रोशनलाल नाविक ने जनसूचना अधिकार के तहत 21 जनवरी 2021 को शहर के एक्सईएन शैलेंद्र कुमार से शहर के शमसान घाट से त्रिमुहानी संगम स्थल व श्रीहनुमान मंदिर के पंहुच मार्ग बिजली व्यवस्था से संबंधित छह बिंदुओ पर सूचनाएं मांगी थी।मामले में एक्सईएन विद्युत ने आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई सूचनाओं को उपलब्ध नहीं कराया। मामले में आरटीआई कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत राज्य सूचना आयुक्त सुभाषचंद्र सिंह की कोर्ट पर किया था।पत्रावली पर सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त ने एक्सईएन को कोर्ट पर उपस्थित होकर सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन एक्सईएन द्वारा न ही सूचनाएं उपलब्ध कराई गई और न ही कोर्ट पर ही उपस्थित हुए। जिसको संज्ञान में लेते हुए राज्य सूचना आयुक्त की कोर्ट ने एक्सईएन के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई करते हुए 25 हजार का जुर्माना लगाया है।सूचना आयुक्त ने मामले में प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव ऊर्जा को निर्णय की प्रति भेजने का निर्देश देते हुए आरोपित की गई अर्थदंड की धनराशि की वसूली तीन समान किश्तों में एक्सईएन के वेतन से कराने व इसकी अख्या आयोग को अवगत कराने को कहा है।

# पूजित अक्षत के द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवार को पहुंच रहा आमंत्रण

- गजाधरपुर क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभायात्रा
- शोभायात्रा के दौरान कारसेवकों को किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



### अक्षत सुनते ही खुशी से रो पड़े वृद्धजन

दूसरी तरफ विशेश्वरगंज खण्ड के ग्राम बसनेरा अन्तर्गत कांदूपुरवा में श्रीराम जन्मभूमि से आए अक्षत का वितरण प्रधानाचार्य सुनील के नेतृत्व में किया गया। यहां खण्ड पालक अधिकारी शिवम की उपस्थिति रही। कड़ाके की ठंड के बावजूद हिन्दू समाज की श्रीराम के प्रति श्रद्धा हृदय को अभिभूत करने वाली रही। कई वृद्धजन श्रीराम मन्दिर का अक्षत आया है यह सुनते ही खुशी के मारे रो पड़े और अक्षत वितरण करने वाले स्वंयसेवको के चरण स्पर्श करने लगे। वरिष्ठ समाज सेवी महादेव प्रसाद ने बताया कि 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर अपने घर में कम से कम 21 दीपक जलाकर सपरिवार स्थानीय मंदिर में राम नाम का सामूहिक जाप कर प्रसाद ग्रहण करें। युवा समाज सेवी ऋषभ मोनू, पवन, अखिलेश, रमेशचंद्र, अनिल, आशाराम, शिवम्, सत्यम गौतम सहित समाज के कई बाल, वृद्ध एवं मातृशक्ति उत्साह पूर्वक सम्मिलित रहे।

जिले के सभी खण्डों में गठित न्याय पंचायत स्तर की टोली द्वारा प्रत्येक ग्राम में अक्षत वितरण का कार्य अब अपने अन्तिम चरण में है। सुनिश्चित लक्ष्य के तहत प्रत्येक हिंदू परिवार में अक्षत वितरण लगभग पूर्ण हो चुका है।

इस क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वधान में स्वयंसेवकों ने कैसरगंज खंड के गजाधरपुर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकालकर सर्वप्रथम अजीजपुर राम जानकी मंदिर पहुंची जहां पर प्रसाद वितरण के बाद उपस्थित राम भक्तों द्वारा कारसेवक -केशवराम पप्पू शर्मा प्रहलाद लोधी मुल्क राज सिंह का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। तदुपरांत शोभायात्रा पकौड़ी पहुंची जहां पर विजय बहादुर सिंह एवं सुनील सिंह का सम्मान किया गया उसके बाद तुल्लापुरवा मंदिर बसंत मंदिर कटारी पूर्व ब्रह्मचारी बाबा स्थान एवं ब्रह्मचारी बाबा स्थान अजीजपुर शोभायात्रा पहुंची यहां मौजूद चंद्रप्रकाश, रामखेलावन यादव, श्यामू महाराज, करिया सिंह, जोखन यादव एवं गणेश कश्यप का फूलमाला एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। शोभा यात्रा में सभी ग्राम वासियों एवं कारसेवकों को परिवार सहित 22 तारीख को गजाधरपुर मंदिर में होने वाले भंडारे के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया गया एवं अक्षत चित्र व पत्रक भी वितरण किया। उसके बाद पुनः शोभा यात्रा गजाधरपुर मंदिर पहुंची और वहीं समापन किया। शोभायात्रा के दौरान, विभाग कार्यवाह,अंबिका प्रसाद, सह खण्ड कार्यवाह सौरभ, शिखा, विजय बहादुर, भुनेश, गुड्डू, रामकुमार, ललित, शिवकुमार चौधरी, शिवम, राजन, विशाल, मंशाराम, ननके, कमलेश, विनोद, सूरजसहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे।



### एसपी ने पुलिस के साथ किया रूट मार्च

- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बोलीं- कोई भी संदिग्ध दिखे तो तत्काल पुलिस को दें सूचना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कोतवाली नानपारा का निरीक्षण किया। शांति व्यवस्था के मद्देनजर नगर में पुलिस बल के साथ रूट मार्च भी निकाला। एसपी ने एसएसबी तथा पुलिसकर्मियों के साथ नगर के डिप्टी कमांडेंट, जवानों तथा पुलिस कर्मियों के साथ नगर में पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों व आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी संदेश व्यक्ति की कोई भी जानकारी हो तो उसे पुलिस अधिकारियों से साझा करें। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा तथा गणतंत्र दिवस पर पुलिस कर्मियों को विशेष सतर्कता तथा बढ़ाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय डिप्टी कमांडेंट सहित एसएसबी जवान तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ, गुर्राकर जता रहा नाराजगी

- जंगल से भटक कर आया तेंदुआ, ग्रामीणों की भीड़ देखकर चढ़ गया था पेड़ पर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम पंचायत बहदुरिया में आए तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ लिया है। उसके स्वास्थ्य जांच के लिए उसे जिला मुख्यालय लाया गया है। स्वास्थ्य जांच के बाद तेंदुए को जंगल या चिड़िया घर भेजा जाएगा।सोमवार को जंगल से भटक कर एक तेंदुआ आ गया। ग्रामीणों की भीड़ देखकर तेंदुआ पेड़ पर चढ़ गया। बहराइच वन प्रभाग के ग्राम पंचायत बहदुरिया में सोमवार शाम को एक तेंदुआ पहुंच गया।



तेंदुआ को देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सभी लाठी डंडे लेकर बाहर निकल आए, लेकिन ग्रामीणों की भीड़ देख तेंदुआ खुद पेड़ पर चढ़ गया। गांव के ग्राम प्रधान ने तेंदुआ आने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची टीम ने मौके पर पहुंची। तेंदुआ को पकड़ने के लिए बहदुरिया और धनावा गांव के पास पिंजड़ा लगाकर मेवशी बांध दिया गया। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मवेशी के शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजड़े में कैद हो गया। उसे डिविजनल ऑफिस लाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य वन संरक्षक को रिपोर्ट भेजी गई है। मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर तेंदुआ को जंगल या चिड़िया घर भेजा जाएगा। अभी तेंदुआ के मादा और नर होने की जानकारी वन विभाग को नहीं हो सकी है। इस दौरान टीम में डीएफओ अजीत प्रताप सिंह, एसडीओ अशोक कुमार, रेंजर मोहम्मद जाकिर, वन प्रशिक्षण वर्मा, वन दरोगा समेत अन्य शामिल रहे।

# रोडवेज बस में मृत मिला सिद्धार्थनगर का यात्री

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बलरामपुर डिपो की बस में दिल्ली से सिद्धार्थनगर जा रहे यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रोडवेज बस के परिचालक की सूचना पर बहराइच कोतवाली नगर की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सिद्धार्थ नगर जनपद के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के डोहरिया बुजुर्ग गांव निवासी राजेश चौरसिया (35) पुत्र गंगाराम दिल्ली में काम करता था। वह सोमवार को दिल्ली के आनंद विहार



बस अड्डे से बलरामपुर डिपो की बस में बैठा। शाम को रोडवेज बस दिल्ली से रवाना हुई।

रोडवेज बस सुबह 3:30 बजे बहराइच बस अड्डे पर पहुंची तो राजेश चौरसिया मृत हालत में मिला। इस पर बस के परिचालक ने कोतवाली नगर पुलिस को सूचना दी। कोतवाली नगर के रोडवेज चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे उन्होंने मृतक के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यात्री के पास मिले टिकट और अन्य कागजात से उसके परिवार के लोगों की पहचान हुई मृतक के परिवार को सूचना दी सिद्धार्थनगर से मृतक के पिता और अन्य लोग बहराइच पहुंच गए। पिता गंगाराम का कहना है कि बेटे की मौत कैसे हुई उन्हें जानकारी नहीं है, सिद्धार्थनगर उसे आना था।

> बलरामपुर डिपो बस में एक यात्री की लाश मिली है। बस बहराइच से बलरामपुर के लिए जाती है। उसकी पहचान हो गई है लेकिन उसकी मौत कैसे हुई है या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा, यह सब पुलिस ही बता सकती है।
>
> एआरएम, प्रेम कुमार

# सीओ ने हुजूरपुर में लिया सुरक्षा का जायजा

- गाड़ियों की तलाशी के साथ संदिग्धों पर नजर रखने का निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। थानाक्षेत्र के बहराइच कर्नलगंज मार्ग पर बैरी केटिंग लगाकर आने जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेन्द्र कुमार गौड ने गाडियों की चेकिंग की और हुजूरपुर पुलिस की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस कर्मियों को संदिग्धों पर नजर रखने का निर्देश दिया।मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हुजूरपुर पहुंचे। हुजूरपुर पुलिस द्वारा बैरी केटिंग लगाकर की जा रही चेकिंग व्यवस्था को देखा और खुद वाहनों की सघन तलाशी ली।क्षेत्राधिकारी श्री गौड ने बताया कि प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा में जो भी सामग्री जा रही है,उसको जांच के बाद जाने दिया जा रहा है। जिले का बार्डर थाना होने के कारण हुजूरपुर में सतर्कता बरती जा रही है। आने जाने वाले वाहनों को रोडवेज बसों समेत अन्य वाहनों की तलाशी लेकर ही जाने दिया जा रहा है।बडे वाहनों के जाने पर रोक है।पुलिस कर्मियों को सघन चेकिंग करने और संदिग्धों पर कडी नजर रखने का दिया निर्देश दिए गए है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर दिलीप शुक्ला मौजूद रहे।

### फुटवियर की दुकान में लगी भीषण आग, बाजार में मची अफरा-तफरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मिहींपुरवा के जरही रोड स्थित फुटवियर की दुकान में अज्ञात कारणों से मंगलवार दोपहर में आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत में मिहींपुरवा के जरही रोड पर अफाक फुटवियर की दुकान का संचालन होता है। दुकान में ही वह रूई बेचने का काम करते हैं। दुकान में रखे रुई के गट्ठर में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से बाजार में अफरा तफरी मच गई। पुलिस और दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह और दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। सभी के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन तेज लपट के चलते अभी पूरी तरह से आग बुझ नहीं सकी है। अग्निकांड में नुकसान की अभी आधिकारिक जानकारी नहीं हो सकी है। हालांकि दो लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से रविन्द्र नाथ क्लब विजयी

- आज होगा लॉड्र्स क्रिकेट क्लब व एम बसीर के मध्य मुकाबला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लॉड्र्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम इशरत महमूद खान जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का मंगलवार को पांचवा मुकाबला नानपारा क्रिकेट क्लब व रविन्द्रनाथ क्लब के मध्य खेला गया। मैच में अतिथि के रूप में आनंद गौड़ प्रतिनिधि सांसद बहराइच रहे। टॉस जीतकर नानपारा क्रिकेट क्लब के कप्तान



रसेल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर नानपारा क्रिकेट क्लब 145 रन बना पाई। जिसमे इनामुल ने सर्वाधिक 42 रन व अमन ने 29 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में सूरज सिंह ने अपने टीम के लिए 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविन्द्रनाथ क्लब ने 6 विकेट से रोमांचक मुकाबला जीत लिया। जिसमे दिव्यांशु ने 56 रन अपनी टीम के लिए किये।शानदार प्रदर्शन करने पर वैभव सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।मैच में अंपायर की भूमिका अकील व संजय ने निभाई। आंखों देखा हाल गोविंद और मनीष सिंह व स्कोरर की भूमिका वैभव ने निभाई।

मैच के दौरान कुसमेन्द्र सिंह राणा, गोविंद सिंह, भूपेंद्र पांडेय, दिव्यांश सिंह, राहुल, सत्यम, वैभव सिंह, आशु तिवारी, कुलदीप, तुषार, राजकुमार सहित सैकड़ों मौजूद रहे। आज का मुकाबला लॉड्र्स क्रिकेट क्लब व एम बसीर के मध्य खेला जाएगा।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

▸ महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बछरावां नगर के दयानंद पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायबरेली के विभाग प्रचारक राहुल जी ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के साथ जनपद के गांधी कहे जाने वाले मुंशी चंद्रिका प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कियाद्य इस कार्यक्रम का कुशल संचालन सामाजिक समरसता संयोजक सतीश सिंह द्वारा किया गया। वहीं इस मौके पर स्नातक तृतीय वर्ष के 81 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल जी का महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का इन पंक्तियों ÷हो सका न किसी को आपके कद का अंदाजा, आप आसमा है फिर भी सर झुकाए बैठे हैं से स्वागत कियाद्य इस मौके पर मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक राहुल जी ने अपने ओजस्वी पूर्ण वक्तव्य में कहा कि उच्चतर शिक्षा में स्मार्ट फोन का प्रयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति में विद्यार्थी अपने मनोयोग से करें, तभी लक्ष्य की उच्चतर सीमा तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम के इस मौके पर सचिन चौधरी, अरविंद तिवारी, रॉबिन चौधरी, प्रशांत शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह, अरुण द्विवेदी, पीयूष श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं एवं अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

## बजरंगबली के भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव में विगत वर्षों के बाद इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कई वर्षों से रामचरितमानस पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है ।जिसमें क्षेत्र की अपार जनता शामिल होकर बजरंगबली से सुखमय जीवन का आशीर्वाद मांगती है ।इस मौके पर शिवकरन सिंह शोभनाथ सिंह रामकुबेर सिंह राजेश सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऋषि सिंह आनंद सिंह शिवकुमार सिंह शिव द्वारिका सिंह योगेन्द्र सिंह राजन तेजभान यादव ब्रजकिशोर यादव सोनी सहित हजारों लोग मौजूद रहे ।

## खबरें एक नजर में

### खेलते समय मासूम छत से गिरा, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के थुलेडी गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब छत पर खेलते समय एक मासूम छत से गिर पड़ा। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मुन्नत पुत्र दिलसाद साथ उम्र तकरीबन 3 वर्ष सुबह अपने घर की छत के ऊपर खेल रहा था, तभी वह खेलते खेलते नीचे आ गिरा। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों के द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि बच्चे को प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### दबंगों ने दम्पति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गॉव की रहने वाली सुशीला ने गंगाघाट पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे शौचक्रिया के लिए खेत जा रही थी तभी रास्ते में गाँव के रहने वाले पूती, सुरेन्द्र पुत्रगण सिद्धनाथ शराब पी रहे थे। जैसे ही वह आगे बढ़ी, उक्त दोनो लोग उसे गाली देने लगे। लड़ाई का शोर सुनकर पति आ गया और गाली देने का विरोध करने लगा। विरोध करने पर उक्त दोनों लोगों ने उसके पति को लाठी-डण्डो से बुरी तरह से मारा-पीटा जिससे मेरे पति के सिर पर चोट आई है। वही उक्त मामले में गंगाघाट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### कवि कमलेश शर्मा सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर लिखी गईं अपनी कविताओं से प्रसिद्ध हुए इटावा निवासी राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि डॉ. कमलेश शर्मा को संत तुलसी सम्मान 2024 प्रदान किया गया। तुलसी शोध पीठ लखनऊ द्वारा समारोह में कवि कमलेश शर्मा को उक्त सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि विधायक द्वय पंकज सिंह एवं नीरज बोरा थे, अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं हिंदी के विद्वान डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने विशेष रूप से कवि कमलेश शर्मा की रचनाधर्मिता और भगवान राम पर लिखी गईं उनकी कविताओं के लिए उन की प्रशंसा की। कवि कमलेश शर्मा को उक्त महत्वपूर्ण सम्मान मिलने पर प्रधानाचार्य संजय शर्मा, राजकुमार वर्मा, गुफरान अहमद, शिव शंकर त्रिपाठी, रामचंद्र सेंगर, राजेश कुमार सिंह, करतार सिंह, नरेंद्र कुमार, शिव कुमार यादव, ब्रजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, त्रियुगी नारायण, उमा भदौरिया, मनोरमा रानी, मंजू भदौरिया, शिक्षक नेता राजीव गोयल, भगवान दास, सुरेंद्र दीक्षित, पंकज दीक्षित, देवेश शर्मा, सुनील यादव, नीतू वर्मा, बिंदु सिंह, दिनेश वर्मा तथा साहित्यकारों कवियों गौरव चौहान, कुमार मनोज, अवनीश त्रिपाठी, शिव गोपाल अवस्थी, अनुराग मिश्र, माधव गोविंद शुक्ला आदि ने बधाई दी है।

### जागरूक नागरिक संगठन ने किया खिचड़ी भोज कार्यक्रम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तरायण सूर्य के पर्व मकर संक्रांति के उपलक्ष में जागरूक नागरिक संगठन का खिचड़ी भोज मिलन कार्यक्रम संगठन के वरिष्ठ सदस्य रघुवीर यादव पत्रकार के नगला महाजीत स्थित आवास पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें गन्ने के रस और खिचड़ी भोज के साथ सामाजिक समरसता पर चर्चा हुई। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि किसी भी राष्ट्र और समाज का उत्थान और पतन दो ही बातों पर निर्भर करता है कि वहां के लोग कितने नकारात्मक हैं और कितने सकारात्मक। हमारा संगठन समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का वैचारिक मंच है, जो परस्पर प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बनाने के लिए प्रयासरत है। संगठन के महासचिव सविका धर्मलाल चतुर्वेदी ने कहा कि जागरूक नागरिक संगठन अपने नाम के अनुरूप समाज के रचनात्मक सोच वाले लोगों को जोड़कर एक दूसरे के सुख दुख में आत्मीय भागीदारी निभाने के दायित्व के प्रति सजग और प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर सेना से अवकाश प्राप्त सूबेदार मेजर रामचंद्र वर्मा ने देशभक्ति से ओतप्रोत 卐 देश प्रेम का मूल्य प्राण है, देखें कौन चुकाता है। देखें कौन सुमन शैया तज कंटक पथ अपनाता है, गीत सुनाकर सबकी तालियां बटोरीं। सभी का स्वागत सुनील कुमार यादव एडवोकेट ने किया तथा कार्यक्रम आयोजक रघुवीर यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम में आशाराम चौधरी एडवोकेट, संतोष बाबू शुक्ला एडवोकेट, विजय प्रकाश यादव, राजपाल यादव, प्रेम किशोर द्विवेदी, हरी शंकर पटेल, विजय शंकर दीक्षित, सोहम यादव, सुधीर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा के जरिए लाभार्थियों को दी जानकारी

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड के झलोखर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ ने पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। झलोखर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी विनीत गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड आदि के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। पीएम किसान सम्मान निधि व पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सभी विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का निदान किया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि ललित मोहन शिवहरे, सचिन साहू, अभिषेक त्रिपाठी, गोपाल त्रिपाठी, कालका सविता आदि मौजूद रहे।

### भीषण ठंड के बीच गरीबों को बांटे कंबल

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के सरसई गांव में कड़ाके की ठंड व गलन से बचाव के लिए राजस्व विभाग के लेखपाल व प्रधान ने दिव्यांग, गरीब बुजुर्ग लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरित किए। सरसई गांव में मंगलवार को लेखपाल रमेश निषाद व प्रधान जय देवी प्रजापति ने गांव के चिन्हित दिव्यांग, गरीब बुजुर्गों को चिन्हित कर 35 लोगों को कंबल वितरित किए। वहीं कंबल पाकर सभी के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली। इस मौके पर पंचायत सहायक नेहा कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## ताला तोड़ हजारो के जेवर व नकदी पार कर ले गये चोर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड मोहल्ला अवधपुरी में मेनगेट का ताला तोड़कर चोर नगदी व जेवर ले गए। पोनी रोड अवधपुरी की रहने वाली सुषमा पत्नी संतलाल बताया कि शुक्रवार रात 10 बजे अपने भाई के घर गई थी। वही मंगलवार को जब घर वापस पहुंची तो देखा उनके घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे नगदी, जेवरात गायब है। पीड़िता ने बताया कि अलमारी का ताला टूटा है और सारा सामान फैला है, साथ ही चोरो ने घर के जरूरी कागजात जला दिये। बताया कि घर में रखे तकरीबन पांच हजार रुपये और करीब 10 हजार कीमत के चांदी के जेवरात थे जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी सूचना 112 डायल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची गंगाघाट पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द इस की जांच कर चोरों को पकड़ उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मुन्नवर राना के निधन से साहित्य जगत का सितारा अस्त हो गया : शत्रोहन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उर्दू शायरी के मशहूर शायर मुन्नवर राना के निधन पर अमरशहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धाँजलि सभा आयोजित की गयी।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुन्नवर राना ने अपनी लेखनी से पूरे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के कई देशों में रायबरेली जिले का नाम रोशन किया, उनके निधन से साहित्य जगत का एक सितारा अस्त हो गया।

श्रमिक संगठन के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पं0 वी.के. शुक्ला ने कहा कि उन्होनें माँ के ऊपर बहुत कुछ लिखा, उनकी पंक्तियाँ आज भी याद आ रही हैं, किसी के हिस्से में मकां आया, किसी के हिस्से में दुकां आयी, मैं घर में सबसे छोटा था, मेरे हिस्से में माँ आयी। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव मुन्नवर राना को याद करते हुए उन्हीं की शायरी के जरिए श्रद्धाँजलि अर्पित की। श्री यादव ने कहा कि यूँ लगता है, जैसे खत्म मेला हो गया, उड़ गयी आंगन से चिड़िया घर अकेला हो गया। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि उन्होनें मजदूरों की समस्या पर लिखा था कि सो जाते हैं फुटपाथ पर अखबार बिछाकर, मजदूर कभी नींद की गोली नहीं खाते।

समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि आया है सो जायेगा राजा रंक फकीर, कोई सिंहासन चढ़ि चला, कोई बांधे जंजीर। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष भौमेश स्वर्णकार ने कहा कि मुन्नवर राना ने मां के बारे में जो लिखा, वह कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है जब कुछ नहीं होगा, तो आंचल में छिपा लेगी, मुझे माँ खुले आसमान में नहीं रहने देगी। एबीडीएम के अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने कहा कि मुन्नवर साहब ने लिखा था कि बुलन्दी देर तक किस शक्श के हिस्से मे रहती हैं, बड़ी ऊँची इमारत हर घड़ी खतरे में रहती है।

## लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत दर निर्धारण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत रेट लिस्ट निर्धारण के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बचत भवन सभागार में बैठक की। रेट लिस्ट में होर्डिंग, वाहन, विज्ञापन, कट आउट आदि की दर पर चर्चा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रेट निर्धारण में शासनादेश की गाइडलाइन का अवश्य पालन किया जाए। उन्होंने ने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि रेट लिस्ट के संबंध में यदि किसी प्रकार की आपत्ति है तो समय रहते अवश्य अवगत करा दे। बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी,सभी निर्वाचन क्षेत्रों के आरो सहित पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बालाजी मंदिर में सुन्दरकाण्ड का आयोजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में राम मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के 22 जनवरी कार्यक्रम को लेकर शासन के हुए निर्देश के अंतर्गत राम उत्सव में नगर पंचायत के बालाजी मंदिर पर सुंदर कांड पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया। बीघापुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई व अधिशासी अधिकारी अंकिता देवी द्वारा पूजा-अर्चना कर सुंदर कांड पाठ हुआ। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार, दिलीप बाजपेई, अनिल बाजपेई सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पौरुष जीवन कैप्सूल एवं गुड हेल्थ कैप्सूल की बिक्री को मेडिकल स्टोर पर तत्काल करें बंद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर ने बताया है कि लाइसेंस प्राधिकारी/निदेशक, आयुर्वेद सेवाएं, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सूचित किया जाता है कि जनपद में अगर किसी भी मेडिकल स्टोर पर आयुर्वेदिक औषधि पौरुष जीवन कैप्सूल निर्माता मैसर्स देव फार्मेसी, सेक्टर-8, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश एवं ''गुड हेल्थ कैप्सूल'' निर्माता मैसर्स मेडविन फार्मेट्रेक, जनपद इन्दौर, मध्य प्रदेश तथा गुड हेल्थ कैप्सूल निर्माता नैसर्स, सिमको ऑर्गेनिक जनपद-उज्जैन, मध्य प्रदेश की बिक्री की जा रही है तो उसे तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाए, क्योंकि इस औषधियों के परीक्षण के उपरान्त उनमें कार्टिको स्टेरॉयड की मात्रा पाई गई है, जो जन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है एवं इस प्रकार, किसी भी प्रकार की मिलावट का किया जाना ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के नियम 33-ईई (एडल्ट्रेटेड) के अंतर्गत पूर्णतया निषेध है।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल एक जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर पूरे खलार द्वार पश्चिम गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल, एक जिला अस्पताल रेफरद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की पुष्पेंद्र बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय नरेंद्र बहादुर सिंह उम्र तकरीबन 55 वर्ष एवं गिरीश कुमार पुत्र राजाराम उम्र तकरीबन 30 वर्ष निवासीगण पासी टूसी अपनी बाइक से बछरावां से अपने गांव जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार निवासी हिलौली से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पुष्पेंद्र बहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, वही उनके साथी गिरीश कुमार भी जख्मी हो गया। आसपास के लोगों के द्वारा उन्हें निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य के बछरावां पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों के द्वारा पुष्पेंद्र बहादुर सिंह को जिला अस्पताल रेफर की कर दिया गया है। वहीं घायल गिरीश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गयाद्य इस बाबत प्रभारी चिकित्सक बछरावां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि उक्त घटना में घायल हुए लोगों में एक घायल की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला अभियान पटरी दुकानदारों से वसूला जुर्माना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ अतिक्रमण करते मिले 25 दुकानदारों से 2900 रुपये का जुर्माना वसूला

सफीपुर कस्बे के मुख्यमार्ग की पटरी पर अतिक्रमण के चलते आयेदिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत ने मंगलवार को अभियान चलाया। पूर्व में चिन्हित स्थान पर अतिक्रमण करने वाले 25 पटरी दुकानदारों से 2900 रुपये का जुर्माना वसूला और भविष्य पुनः अतिक्रमण करने पर भारी जुर्माना वसूलने की हिदायत दी गयी।

बता दें कि कस्बे के मुख्यमार्ग कोतवाली के समीप से लेकर माया पैलेस तक सड़क पटरी पर चाय, पान की खोखा दुकानों सहित फल सब्जी वाले ठेला लगाकर सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण करने से मार्ग पर प्रतिदिन जाम की स्थित बनी रहती है। जाम से निजात मिल सके और पटरी दुकानदारों की रोजी-रोटी भी चलती रहे। इसके लिए विधायक बम्बालाल दिवाकर, एसडीएम प्रज्ञा पांडेय और ईओ विनीत श्रीवास्तव द्वारा लिए गए निर्णय में एक निर्धारित सीमा के अंदर ही दुकानें संचालित करने की रूपरेखा के तहत सड़क पटरी पर पीली पट्टी से मार्किंग कर निर्धारण कर दिया गया।

मुनादी कराई गई कि सीमा से बाहर अतिक्रमण मिलने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत की टीम ने मुख्यमार्ग का भ्रमण किया। जहां अतिक्रमण करते मिले 25 दुकानदारों से 2900 रुपये का जुर्माना वसूला। साथ ही हिदायत दी कि अगली बार अतिक्रमण पाए जाने पर जुर्माने में भारी रकम वसूल की जाएगी।

## एचटी लाइन की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** थाना औरास अन्तर्गत कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी संतोष शर्मा के बेटे जयश (जैशू) की एचटी लाइन के करेंट चपेट में आकर मौत हो गई। स्वजनों मे कोहराम मच गया। कस्बा औरास निवासी संतोष शर्मा का 15 वर्षीय बेटा जयश मोहल्ले के लडकों के साथ मंगलवार शाम को घर के सामने बैडमिंटन खेल रहा था तभी चिड़िया पास ही स्थित नीम के पेड़ पर लटक गयी जिसे जैशू एल्मुनियम की पाइप से गिराने लगा तभी पाइप ऊपर से गुजरी एचटी लाइन में छू गया जिससे वह करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। अन्य बच्चो के चिल्लाने पर परिजन उसे छुड़ा सीएचसी ले गये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाई बहनों मे तीसरे नंबर का था। मौत से पिता संतोष, माता शशी, भाई अभय, बहनों मे श्रद्धा सहित अन्य परिजनों मे कोहराम मच गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में गर्भवती माताओं की गोदभराई सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, कमलापुर, भिखारीपुर कस्बा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर आम जनता को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आयुष्मान योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने ग्राम भिखारीपुर कस्बा में आंगनवाड़ी बच्चों का अन्नप्रासन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की।

ग्राम भिखारीपुर कस्बा में विधायक श्री कटियार ने कहा कि मोदी गारंटी की गाड़ी आपके गांव में आई है। यह करोड़ो गरीबों के विश्वास और भरोसे की गाड़ी है, जो लोगों के सपनों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भारत विकसित तभी बनेगा, जब प्रत्येक व्यक्ति का विकास होगा और सरकार इसी पर काम कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। जिससे भारत की आधी आबादी से अधिक लोगो को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में एलईडी वाहन द्वारा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सभी कल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार प्रधान, ब्लाक प्रमुख अर्जुनलाल दिवाकर, चेयरमैन रामजी गुप्ता, भगवानदीन, चिरंजू, रामलखन, महेश प्रसाद, जमुना प्रसाद, लक्ष्मीनारायण व अशोक कुमार तथा माता प्रसाद आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गरीबों के आंखों की चमक मेरे जीवन का सपना : वीरेन्द्र यादव

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा डलमऊ ब्लॉक के रामबक्श सिंह स्मृति शिक्षा निकेतन, चौदहमील में नेत्र परीक्षण / निश्शुल्क ऑपरेशन एवम रोगियों को निशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव, एडवोकेट ने किया। नेत्र शिविर आज सवेरे 10:00 बजे से 2:00 बजे तक चलाया गया जिसमें 152 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 58 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 32 लोगों को चश्मा लगाए गए सभी मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अजय सिंह, गजेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, जगेलाल कुशवाहा, अखिलेश यादव, रवी यादव चंदी का पुरवा, आलोक यादव दीना का पुरवा, अनीश कुमार, विपिन कुमार, संजय यादव, विवेक कुमार, नंद किशोर, राजेश कुमार, राज किशोर शुक्ला, वंश बहादुर सिंह, अंशु यादव, नीरज रावत, अर्जुन पासी, लाल गोपाल शिवा लोधी समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहें।

## समाजसेवियों ने वितरित किए गर्म कपड़े

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



इनरव्हील क्लब ऑफ उन्नाव टीम ने जिला कारागार में बच्चों को गर्म ऊनी कपड़े, खिलौने व अन्य सामग्री वितरित किया। बच्चों को जैसे ही खिलौने व कपड़े मिले तो बच्चों के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने मिली। सभी एक दूसरे को देखकर प्रसन्न थे। इनर व्हील क्लब ऑफअध्यक्ष गुरुप्रीत कौर ने बताया कि हमारी टीम लगातार जरूरत मंदों तक हर उचित सामग्री पहुंचाते हैं।

उपहार फाउंडेशन अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि हम लोगों को अगर किसी प्रकार की कोई सूचना मिलती है तो हम उन लोगों तक खाने पीने की सामग्री सहित अन्य सामग्री पहुंचाते हैं। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब ऑफकी अध्यक्ष गुरुप्रीत कौर, डा0 रेखा सिंह, संज्ञा मित्रा, आरती यादव, गीता सेठ, कोमल चावला उपस्थित रहे।

## देवर ने भाभी को पीट कर किया घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के बनौनी गांव में मां-बेटे के विवाद में सास को बचाने दौड़ी भाभी को देवर ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के गांव बनौनी निवासी प्रवीण पुत्र सियाराम अपनी मां केतकी को किसी बात को लेकर पीटने लगा जिसको बचाने दौड़ी परिवार की भाभी सुनीता 40 पत्नी मूलचंद को भी पीट-पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सुनीता को सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर उपचार चल रहा है।

## मंदिर की भूमि पर गौशाला निर्माण से आक्रोश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका प्रशासन बांगरमऊ करीब 400 वर्ष पुराने मंदिर की भूमि पर जबरन गौशाला निर्मित कराने पर तुला हुआ है। पालिका द्वारा मंदिर की जमीन में आरसीसी पिलर भी उठा दिए गए हैं। श्रद्धालुओं ने नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर गौशाला अन्यत्र स्थापित कराए जाने की मांग उठाई है।

नगर के श्रद्धालुओं द्वारा प्रदेश के नगर विकास मंत्री को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि यहां के बाईपास मार्ग पर करीब 400 वर्ष पुराना बाबा सिद्धनाथ मंदिर स्थित है। भूमिधरी जमीन मंदिर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज भी हैं। मंदिर के बगल में ही नजूल की भूमि स्थित है। चूंकि मानक के अनुसार गौशाला निर्माण के लिए 100 मीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी जमीन आवश्यक है। जबकि नजूल की भूमि काफी कम है। इसीलिए पालिका प्रशासन नजूल की भूमि में मंदिर की भूमि मिलाकर जबरन गौशाला का निर्माण करना चाहता है। पालिका द्वारा मंदिर की जमीन पर आरसीसी पिलर भी जबरन निर्मित कर दिए गए हैं। जिससे श्रद्धालुओं में पालिका प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। नगर के कमल रस्तोगी, राघवेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम रस्तोगी, राजेश कुमार, ओमप्रकाश पाल, आकाश, अभय व दीपू आदि श्रद्धालुओं ने मंदिर की भूमि से पालिका का कब्जा हटवाए जाने और गौशाला अन्यत्र किसी भूमि में निर्मित कराए जाने की मांग की है।

## पर्यटन अमावस्या से बचें

पर्यटन की खिड़कियां पूछ रहीं, वह सामने क्यों टांग दी उलटी तस्वीर। ये जन्नत की निगाहों में क्यों फंस गए तिनके, बहारों के आंचल में तो ऐसा कुछ न था। हिमाचल यूं तो पर्यटन राज्य की तासीर में फलता-फूलता दिखाई देता है, लेकिन इन आंकड़ों में खुशहाली नहीं। शीतकालीन पर्यटन की अमावस्या इस बार पर्यटन के चांद को छुपा रही है कहीं, इसलिए नववर्ष की आंधी कहीं लौट गई। जो रास्ते पर्यटन की पदचाप सुनाते थे, वे आज अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं। शायद इन्हीं शिकायतों को सुनकर हिमाचल पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने नजर दौड़ाई तो देखा सरकारी होटलों ने मुस्कराना छोड़ दिया और आक्यूपेंसी की घटती दर ने गंभीर चुनौती दे दी। अगर निजी वोल्वो बसों की आमद में सैलानी खोजे जाएं, तो एक वसंत वहां है, लेकिन यह कारवां नहीं कि मंजिलें फतह मान ली जाएं। शुक्र यह कि पहली बार कोई अध्यक्ष पर्यटन विकास निगम की होटल इकाइयों के अस्तित्व से जुड़े प्रश्न उन्हीं के प्रबंधकों से पूछ रहा। जाहिर है आक्यूपेंसी बढ़ाने का लक्ष्य बड़ा है, लेकिन इससे पहले इसके घटने की वजह भी तो खोजी जाए। सरकारी होटलों ने अपनी क्षमता के अनुरूप या तो व्यवहार करना नहीं सीखा या प्रबंधन की जरूरत में व्यावसायिकता अर्जित नहीं की, वरना पर्यटन के अवसर निजी होटलों की ओर क्यों सरकते। विश्वसनीयता के हिसाब से पर्यटकों के लिए सरकारी होटलों के प्रति जो रुझान स्वाभाविक भी था, उसने क्यों परिवर्तित दिशा पकड़ ली। यह भी एक सत्य है कि सरकारी होटलों के दायरे में श्रेष्ठ समझे गए कुछ प्रबंधकों ने अपने सेवा काल का उपयोग या तो राजनीतिक संबंध बनाने में किया या अपनी क्षमता के अनुरूप निजी होटल बनाने में किया। आरएस बाली सर्वेक्षण से पता लगा सकते हैं कि पर्यटन विकास निगम के बगल में इसी के प्रबंधकों ने निजी होटल छिपा रखे हैं। एक मूल्यांकन पर्यटन इकाइयों का भी जरूरी है ताकि पता चले कि ये निकम्मी क्यों साबित हो रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में होटल चलाने की आवश्यकताओं में यह फर्ज भी नत्थी है कि ये पर्यटन का नेतृत्व करें, लिहाजा बदलते उद्योग की संज्ञा में उद्देश्य भी बदलने होंगे। पर्यटन निगम के होटलों को अपनी मार्केटिंग रणनीति में बदलाव करते हुए बुकिंग के बदलते संसार में, ऑनलाइन प्रयास से निजी कंपनियों से जुडना चाहिए। विडंबना यह है कि हिमाचल में निजी क्षेत्र के साथ सरकारी फाइल जुडना नहीं चाहती। हिमाचल में हाई एंड टूरिस्ट, युवा सैलानी तथा पहाड़ों की तलाश में देश को खोज रहे पर्यटक नई संभावना पैदा कर रहे हैं, अत- पर्यटन निगम को कुछ होटलों को ए, कुछ को बी तथा अन्य को सी श्रेणी में विभक्त करके मार्केटिंग प्रयास करने होंगे। शिमला के ट्रिपल एच, होटल धौलाधार, मनाली व धर्मशाला के क्लब हाउस, मनाली के लॉग हट तथा कोर्ट आदेश पर वापस मिल रहे वाइल्ड फ्लावर हॉल को प्रीमियर होटलों की दृष्टि से हाई एंड टूरिस्ट की मांग से जोडना होगा। बजट टूरिस्ट की दृष्टि से अन्य होटलों को सुविधाजनक दरों तथा अन्य इकाइयों को युवा पर्यटक की जरूरतों तथा छात्रावास जैसे अनुभव के लिए निर्धारित करना होगा। हिमाचल पर्यटन विकास निगम को निजी वोल्वो बसों तथा ट्रैवल एजेंसियों के साथ मिलकर ऐसे पैकेज बनाने होंगे, जो युवा पर्यटकों को पूरे हिमाचल की सैर व स्टे करवाने के लिए तत्पर रहें।

## तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम है कांग्रेस

**इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्मद गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है।**



**हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था।**

राममलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है।

इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्मद गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता।

1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर था। स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाये थे जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 को गोहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थों संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी।

वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है।

वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फ एक्ट के तहत वक्फ बोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्रा में जमीन है। नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया।

### विचार

## अयोध्या देश ही नहीं, संपूर्ण विश्व को दिशा देगी

**भगवान श्रीराम के लिए जनजातीय समाज युद्ध लड़ा। वनवास के समय श्रीराम कोल, भील, निषाद आदि जनजातियों के संपर्क आये। मतंग ऋषि के संपर्क में भीलनी शबरी भगवान श्रीराम की भक्त बन गई। भील, सहरिया आज भी शबरी को अपना पूर्वज मानते हैं। वानर, हनुमान, बाली, सुग्रीव, जटायु, जामवंत वनवासी ही थे जिन्हें श्रीराम ने संगठित किया, सेना बनाई और रावण को समाप्त किया। इसे कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वनवासियों अथवा जनजातीय समाज के बिना श्रीराम अधूरे हैं।**

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की घड़ी नजदीक है। भारत ही नहीं दुनियाभर के देशों में उत्साह है। उत्साह हो भी क्यों न। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर 500 वर्षों से भी ज्यादा के संघर्ष और बलिदान के बाद भगवान का मंदिर पुनः साकार रूप लेने जा रहा है। सौभाग्यशाली हैं कि यह क्षण हमारे जीवन में आया है। हम 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं। भारत के स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की तरह 22 जनवरी 2024 की तारीख पीढ़ियों के अखंड तप, त्याग और संकल्प के प्रतीक के रूप में युगों-युगों तक जाना जाएगा। प्रभु श्रीराम एक राजा या आराध्य ही नहीं, भारत की आत्मा हैं । सांस्कृतिक पहचान हैं। अस्मिता हैं। प्रभु श्रीराम की शक्ति देखिए। इमारतें नष्ट कर दी गईं, अस्तित्व मिटाने का कुत्सित प्रयास किया गया लेकिन श्रीराम जनमानस के मन में बसे रहे। श्रीराम का जीवन चरित्र भारत ही नहीं भारत की सीमाओं को लांघकर मानवता को प्रेरणा देता है। विश्व की सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या वाले देश इंडोनेशिया के साथ कंबोडिया, ईरान, श्रीलंका, थाईलैंड आदि में भी श्रीराम और रामायण के कई रूप देखने को मिलते हैं। रमणे कणे कणे इति श्रीराम÷ अर्थात, जो कण-कण में बसा है वही श्रीराम है। आज भी समाज जीवन का कोई ऐसा पहलू नहीं है जो श्रीराम नाम से प्रेरित न हो। श्रीराम सबके हैं, सबमें श्रीराम हैं। श्रीराम की यही सर्वव्यापकता भारत की विविधता का चरित्र दिखाती है। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जनजातीय क्षेत्रों में खुशी और उमंग है। झारखंड के जनजातीय समाज के संत प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। जनजातीय समाज के 20 संतों को प्राण-प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण मिला है। वे स्वयं को परम सौभाग्यशाली मान रहा हैं कि प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उन्हें शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

असम से लेकर गुजरात और विंध्यांचल से लेकर नीलगिरि तक में रहने वाले असंख्य जनजातीय समाज जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपना प्रेरणापुंज मानता है। भगवान श्रीराम 14 साल तक वन में रहे। इस दौरान वनवासियों के अपार समर्थन के बल पर ही उन्होंने रावण पर विजय पाई। श्रीराम चाहते तो रावण से युद्ध के लिए अयोध्या और उसके आसपास मित्र राजाओं की सेना का प्रयोग कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं किया।

भगवान श्रीराम के लिए जनजातीय समाज युद्ध लड़ा। वनवास के समय श्रीराम कोल, भील, निषाद आदि जनजातियों के संपर्क आये। मतंग ऋषि के संपर्क में भीलनी शबरी भगवान श्रीराम की भक्त बन गई। भील, सहरिया आज भी शबरी को अपना पूर्वज मानते हैं। वानर, हनुमान, बाली, सुग्रीव, जटायु, जामवंत वनवासी ही थे जिन्हें श्रीराम ने संगठित किया, सेना बनाई और रावण को समाप्त किया। इसे कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वनवासियों अथवा जनजातीय समाज के बिना श्रीराम अधूरे हैं। मुगल आक्रांता बाबर ने 1528 में अपने सेनापति मीर बाकी को अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया था। इतिहासकार कनिंघम के अनुसार, श्रीराम मंदिर को बचाने के लिए हिंदुओं ने जान की बाजी लगा दी थी। 1 लाख 74 हजार हिंदू वीरों के बलिदान के बाद ही मुगल श्रीराम मंदिर को तोड़ने में सफल हो सके। मंदिर इतना मजबूत था कि इसे तोड़ने के लिए तोपों का इस्तेमाल करना पड़ा।

मंदिर को नष्ट करने के बाद जलालशाह ने हिंदुओं के खून के गारा बनाकर लखौरी ईंटों से बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया। श्रीराम मंदिर जन्म भूमि के लिए हिंदू समाज ने 78 धर्म युद्ध लड़े, जिनमें 3 लाख 50 हजार से ज्यादा हिंदू वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इतिहासकार कनिंघम अपने लखनऊ गजेटियर में लिखता है कि 1,74,000 हिन्दुओं की लाशें गिर जाने के पश्चात मीर बकी अपने मंदिर ध्वस्त करने के अभियान में सफल हुआ। साल 1885 में महंत रघुबीर दास ने फैजाबाद जिला अदालत में याचिका दायर की। इसके तहत उन्होंने श्रीराम की मूर्ति स्थापित करने की अर्जी लगाई, जो खारिज हो गई। इसके बाद 23 दिसंबर साल 1949 को विवादित ढांचे में श्रीरामलला की मूर्ति मिली थी।

हिंदू पक्ष का कहना था कि श्रीराम प्रकट हुए हैं, जबकि मुस्लिमों ने आरोप लगाया था कि किसी ने रातों-रात मूर्तियां रख दीं। इसके बाद इसे विवादित ढांचा मानकर ताला लगवा दिया गया था। वर्ष 1950 में फैजाबाद सिविल कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गईं। पहली याचिका में गोपाल सिंह विशारद ने पूजा के अधिकार को लेकर अर्जी दाखिल की, तो दूसरी याचिका में विवादित ढांचे में भगवान श्रीराम की मूर्ति रखे रहने की इजाजत मांगी। साल 1959 में निर्मोही अखाड़ा ने तीसरी याचिका दाखिल कर श्रीरामलला स्थल का अधिकार मांगा। 1986 में कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए जगह खोली जाए।

## बारिश नदारद होने से कृषि पर संकट

सर्दियों में हिमाचल में नाममात्र ही बारिश हुई। दिसंबर का महीना बिना बारिश और हिमपात के गुजर गया। जनवरी 2024 का पहला व दूसरा सप्ताह भी बिना बारिश के गुजर गए। हालांकि लाहुल-स्पीति और दूसरे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, लेकिन इतनी नहीं कि किसानों और बागवानों को इसका कोई फायदा मिला हो। अब जबकि पौधारोपण का समय है तो भी बारिश नहीं हो रही। किसान-बागबान परेशान हैं। आने वाले समय में भी फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं।

प्रदेश के अधिकतर जल स्रोत सूखने शुरू हो जाएंगे, नदियों में पानी पहले से ही सूख रहा है। बावड़ियों, कूहलों, कुडों, खड्डों और दूसरे छोटे जलस्त्रोतों की ओर हमने कभी ध्यान ही नहीं दिया, और हिमाचल में जल सरंक्षण को लेकर आज तक किसी संस्था या सरकार ने बड़ा अभियान चलाया ही नहीं। यह सभी बातें सिर्फ इस बात की ओर इशारा करती हैं कि आने वाले समय में हिमाचल में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पीने के पानी की समस्या और व्यग्र रूप धारण कर सकती है। सोलन, ऊना, बिलासपुर के कुछ इलाके, जिन्हें चंगर भी कहा जाता है, कुछ समय के बाद मरुभूमि की तरह दिखने लगेंगे। हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहुल और स्पीति में जहां लोग सब्जियां उगाते हैं, अतिरिक्त आय के लिए उन्हें यह सब उगाने में परेशानी तो होगी ही, साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में लोग ग्रीन हाउस में फूलों की खेती भी करते हैं। इस पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। अगर उनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं होंगे और जल भंडारण की व्यवस्था भी नहीं होगी, तो संकट के आसार हैं। दिसम्बर में केवल 5.8 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि अनुमानित 38.1 मिलीलीटर थी। हिमाचल में 85 प्रतिशत बारिश कम हुई। पिछले 8 सालों में यह प्रतिशत सबसे कम है। किन्नौर में भी सूखे की स्थिति जैसे हालात हैं। वहां पर 99 प्रतिशत बारिश कम हुई। हिमाचल प्रदेश में 71 प्रतिशत नागरिकों को कृषि में प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है।

कृषि का प्रदेश की आय में योगदान 30 प्रतिशत के करीब है। हिमाचल प्रदेश में फसलें 940597 हेक्टेयर भूमि में होती हैं। 70 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जाती है। हिमाचल को कभी एप्पल बाउल ऑफ इंडिया भी कहा जाता था। विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन इसका एक बड़ा कारण माना जा रहा है। लेकिन कहीं न कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। हमने अपने जंगलों की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। पानी के भंडराण को लेकर जागरूकता नहीं फैलाई। बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, इस बात को हमने अनदेखा कर दिया। पहाड़ी इलाकों में पानी के भंडारण और संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमारे प्राचीन और पीढ़ियों से चले आ रहे जल स्त्रोतों के रखरखाव और उनके पुनर्निर्माण को लेकर योजनाएं बनाने की आवश्यकता है। बावडियों, छोटी नदियों, नालों, कुंडों, खड्डों के रखरखाव और उन्हें पुनर्जीवन देने की जरूरत है। जहां-जहां संभव हो, बायो टॉयलेट्स को बढ़ावा देने की जरूरत है। इससे पानी की भारी बचत की जा सकती है। खासकर होटल्स और सार्वजनिक स्थानों पर बायो टॉयलेट्स लगाए जा सकते हैं।

पद्मश्री नेकराम जो हिमाचल में करसोग से हैं और मोटे अनाज की खेती के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं, उनके अनुसार सूखे का सीधा प्रभाव छोटे और बड़े किसानों पर पड़ेगा। चाहे वे सब्जियां उगाते हों, फसलें उगाते हों या फिर बागवानी करते हों या बिक्री के लिए फूल लगाते हों। बुआई का समय है और इस समय बारिश चाहिए। जमीन में सूखे के कारण खुदाई करना मुश्किल है। किसान कितना इंतजार करेगा बारिश का। उनका मानना है कि जलसंरक्षण को सरकार महत्व दे और नदियों के आसपास वाले क्षेत्रों में नदी से पानी लेकर सिंचाई योजनाओं के बारे में गंभीरता से सोचे, ताकि कुछ समय के लिए पानी की व्यवस्था की जा सके, जब तक बारिशें नहीं आती।



## राशिफल

**मेष:-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**बृषभ:-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुन:-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीब्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क:-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंह:-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्या:-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफ्लता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला:-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभ:-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीन:-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

## प्रेरणादायी हैं सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**योगेश कुमार गोयल**

**प्रकाश पर्व 17 जनवरी पर विशेष**

**कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं।**



सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे।

पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की।

शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं।

1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया।

आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# टप्पेबाजी में वांछित शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना आटा की सयुंक्त टीम द्वारा जनपद के थाना कदौरा में विगत दिनों में चलती बस में हुई टप्पेबाजी की घटना 31 दिसंबर 23 को थाना कदौरा क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में वांछित शातिर बदमाश को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल होने पर अवैध असलाह जिंदा व खोखा कारतूस, बाइक सहित गिरफ्तार किया। पकड़े शातिर बदमाश के विरुद्ध जनपद के कई थानों में दस मुकदमे पंजीकृत बताये जा रहे हैं।


पुलिस मुठभेड़ में घायल शातिर बदमाश रशीद मंसूरी।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कदौरा क्षेत्र में चलती बस में बैग से आभूषण आदि चोरी की घटना हुई थी जिसमें घटना कारित करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के साथ 31 दिसंबर 23 को पुलिस मुठभेड़ हुई थी जिसमें 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान कई बदमाश भाग जाने में सफल हो गये थे। तभी से पुलिस लगातार शातिर बदमाश रशीद मंसूरी पुत्र सईद मंसूरी निवासी ग्राम दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद ओरैया मूल पता छानी रोड सिरसकलार की तलाश में जुटी थी। जैसे ही 16 जनवरी को मुखबिर की सूचना मिली वैसे ही एसओजी, सर्विलांस टीम व थाना आटा पुलिस द्वारा सयुंक्त रूप से आटा टोल के पास चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान बाइक सवार शातिर बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो भागने का प्रयास करते हुए बीजापुर मोड़ पर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। जिसमें टीम बाल बाल बची। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग की गई जिसमें रशीद मंसूरी पुत्र सईद मंसूरी निवासी ग्राम दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद ओरैया मूल पता छानी रोड सिरसकलार थाना घायल होकर जमीन पर जा गिरा तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस को मौके से अवैध असलाह जिंदा व खोखा कारतूस, बाइक आदि सामान बरामद हुए। बाद में घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भिजवाया गया।

## दो दिनी कबड्डी टूर्नामेंट अबधपुरी में आज से

**कोंच(जालौन)।** क्रिकेट जैसे लोकप्रिय वैश्विक खेल से इतर गांवों कस्बों में वर्षों पूर्व से प्रचलित कबड्डी जैसे देशी खेलों का आयोजन अभी भी यदा कदा देखने को मिल रहा है। कोंच क्षेत्र के ग्राम अवधपुरी महेशपुरा में दो दिनी कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन आज बुधवार और गुरुवार को किया जाएगा जिसमें प्रतिभाग कर आसपास के तमाम ग्रामीण क्षेत्र के नौजवान अपनी फुर्ती का हुनर प्रदर्शित करेंगे। आयोजन की तैयारियों में लगे कबड्डी टूर्नामेंट के अध्यक्ष करनवीर सिंह, उपाध्यक्ष रामप्रकाश पाल, कप्तान रामपाल सिंह आदि ने बताया कि टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए कई टीमों की सूची और चुकी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से टूर्नामेंट देखने की अपील की है।

# होटल पर हुए विवाद में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

होटल पर खाना खाने के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें दो लोगों ने मिलकर बिजली लाइनमैन के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

33/11 बिजली सब स्टेशन पर तैनात लाइनमैन सोनू राठौर निवासी हिंगुटा थाना गोहन ने पुलिस को बताया कि वह रात में कोंच चौराहे के पास स्थित एक होटल पर खाना खाने के लिए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वहीं पर सुढ़ार प्रधान व दीपू भी खाना खा रहे थे। खाना खाने के दौरान ही वह दोनों उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान जब वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की तो वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने ढाबों पर पहुंच नमूने भरे

**कालपी (जालौन)।** अयोध्या जाने वालों को हाईवे के ढाबों होटलों पर शुद्ध खाद्य पदार्थ मिले इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान शुरू किया है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 3 नमूने लिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार के अनुसार इस समय प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या जा रहे हैं जिसके चलते शासन ने विभाग को होटल ढाबों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को इसी अभियान के चलते खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने हाईवे स्थित गोविंदम ढाबा से पिसी हल्दी, सम्राट ढाबा से पनीर और पाल ढाबा उसरगांव से अरहर दाल का नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा है।

# एसडीएम के निर्देश-गौशालाओं में सफाई से नहीं होगा समझौता

**सहाब, बस्तेपुर गौशाला निरीक्षण में गायों को खिलाया हरा चारा**

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**


सहाव स्थित गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम सुशील कुमार।

एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की सहाव व बस्तेपुर की गोशाला का निरीक्षण कर प्रधान व सचिव को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम सुशील कुमार मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम सहाव स्थित गोशाला पहुंचे। जहां उन्होंने गोशाला में साफ सफाई व्यवस्था को देखा और नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। पानी की व्यवस्था तो ठीक मिली। कहा कि चरही के पानी को सुबह और शाम दोनों समय खाली कर ताजा पानी भरा जाए। इसके अलावा गोशाला में पशुओं को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल लगे हुए मिले। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। गोशाला में भूसा व भी पर्याप्त इंतजाम मिला। कहा कि पशुओं को भूसा के अलावा नियमित हरा चारा भी खिलाया जाए।

गांव में यदि कोई निराश्रित गोवंश मिले तो उसे भी गोशाला में पहुंचाया जाए। गोशाला में पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए गुढ़ और अजवाइन भी खिलाई जाए। ठंड को देखते हुए गोशाला में अलाव की व्यवस्था करें। इसके बाद वह बस्तेपुर स्थित गोशाला भी पहुंचे और व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। कहा कि ठंड में गोशाला में पशुओं का नियमित चेकअप कराएं। यदि कोई पशु बीमार हो तो तत्काल उसका उपचार कराएं। किसी भी तरह की हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मदरसा निर्माण में समाजसेवी ने दी आर्थिक मदद

**कोंच (जालौन)।** कस्बा नदीगांव में मदरसे में हो रहे निर्माण के काम में किसी भी तरह की रुकावट न आए इसके लिए समाजसेवी अभिमन्यु सिंह डिंपल ने दो लाख रुपए की इमदाद दी है। उन्होंने मौलाना जीशान हाशमी को चेक प्रदान किया जिस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। डिंपल ने कहा, मदरसे में अगर और किसी भी सामान की जरूरत हो तो उन्हें जरूर बताएं क्योंकि काम किसी भी सूरत में रुकना नहीं चाहिए।

लोगों ने उनकी दरियादिली की मुक्त कंठ से सराहना की। इस दौरान मौलाना जीशान हाशमी, खलील खान, शाकिर खान, सभासद चंद्रभान, सचिन खरे, असलम खान, साहिल खान, हसीन निजामी, मकबूल निजामी आदि मौजूद रहे।

# कार की ट्रक से हुई भिड़ंत, चालक की मौत, दो लोग घायल


मृतक दिलाबर खान की फाइल फोटो

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

तेज रफ्तार कार ने कुकरगांव के पास खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक की मौत हुई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कॉलेज उरई में उपचार चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी दिलाबर खां (30) पुत्र मोहम्मद शाकिर अपने साथी आकाश निवासी कुसमरा, नफीस खान उर्फ काजू निवासी मोहल्ला रापटगंज, सतीश कुमार रामपुरा के साथ सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कार से उरई की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कुकरगांव के पास पहुंची तो घने कोहरे में कार चालक दिलाबर आगे खड़े ट्रक को नहीं देख सका और उनकी कार पीछे से ट्रक में जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सतीश कुमार को मामूली चोटें आई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। जहां दिलाबर खान की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल मेडिक्ल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। जबकि नफीस व आकाश का वहीं इलाज चल रहा है। उधर, झांसी ले जाते समय रास्ते में ही दिलाबर की मौत हो गई।

**गांव के लोगों ने बताया कि दिलाबर पांच बहिनों में इकलौता भाई था। सभी बहिनों की शादी हो चुकी है। दिलाबर के पिता व मां दोनों महाराष्ट्र में रहकर काम धंधा करते हैं**

गांव के लोगों ने बताया कि दिलाबर पांच बहिनों में इकलौता भाई था। सभी बहिनों की शादी हो चुकी है। दिलाबर के पिता व मां दोनों महाराष्ट्र में रहकर काम धंधा करते हैं। पुत्र की मौत की सूचना उनके पिता को दे दी गई।

## 22 वर्ष पुराने मामले में वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज** लगभग 22 साल पुराने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे दो लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी मुन्ना व भूरे वर्ष 2002 में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे थे। मंगलवार की सुबह कोतवाली में तैनात एसआई ओंकार सिंह को जानकारी मिली कि दोनों वांछित गांव में ही हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वांछितों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

## खबरें एक नजर में

### प्रभु श्रीराम के जन्म पर झूमे अयोध्यावासी


उरुवा के अमोढ़ा में श्रीराम कथा में श्रीराम जन्म पर आरती उतारते हुए

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।** उरुवा में पटेल नगर अमोढा में चल रही नव दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए आचार्य धीरज कृष्ण जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम के जन्म पर अयोध्या वासियों में खुशी का माहौल था। हर तरफ बधाई गीत व सोहर गाए जा रहे थे। इस मंचन पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर चेयरमैन रामफेर कन्नौजिया, चेयरमैन प्रतिनिधि नवीन उर्फ मुन्ना सिंह, जिला पंचायत सदस्य गौरीशंकर उर्फ डिंकू मिश्रा, मंजीत सिंह, फयानाथ सिंह, विनय सिंह, धर्मेन्द्र नाथ दुबे, आशा सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला की करंट से मौत

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गडिया ग्राम पंचायत के जंगल में मंगलवार की दोपहर बाद एक महिला की टूटे हुए विद्युत तार की चपेट में आने से झूलस कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य महिलाओं ने हल्ला शुरू किया तो मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए सूचना पर पहुंची म्योरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दूधी सामुदायिक केंद्र भेज दिया। म्योरपुर थाना क्षेत्र के गढ़िया जंगल में मंगलवार के दोपहर बाद लकड़ी लेने गई कुसुमी देवी 60 वर्ष पत्नी लालू प्रसाद की विद्युत स्पर्श घात से मौत हो गई। महिला 1:00 बजे के करीब अपने घर से लकड़ी बीनने के लिए अपनी बहु झुनू कुमारी पत्नी राजेश कुमार एवं शिवकुमारी पत्नी अमृतलाल के साथ घर से निकली थी। इसी दौरान वह जंगल में 11 हजार वोल्टेज क्षमता के टूटे हुए तार की चपेट में आ गई। जिससे बुरी तरह सेजलने लगी। उसके साथ में गई महिलाएं डर गई और उन्होंने हला शुरू किया जब तक ग्रामीण जमा होते तब तक उनकी मौके पर ही जलकर मौत हो चुकी थी सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक शाहिद यादव शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया है

### कपकपाती ठंड से जनजीवन हुआ बेहाल



**बीजपुर/सोनभद्र।** कड़ाके की ठंड कंपकपी छुड़ा रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। लगातार चल रही हवाओं से ठंड में और भी इजाफा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह शाम कोहरा भी छाया रहा, जिससे लोग सर्दी से ठिठुरे रहे, दिन में धूप निकल जाने से लोगो को कुछ तो राहत मिल रही है लेकिन हवाओं के कारण शाम होते ही गलन बढ़ जा रही है।जिससे परियोजना में ड्यूटी आने जाने वालों के लिए भी मुश्किल हो गयी है बाजारों में चट्टी चौराहों,बस स्टैंडों से आलाव नदारद है जिससे बसों से आने जाने वाले राहगीर व बाजार के व्यवसायी ठंड से परेशान है। अलाव के अभाव में व्यवसायी अपने दुकानों से कार्टून,पेपर,व दुकानों के अवशेष लकडी आदि जलाकर कंपकपाती ठंड से निजात पाने की कोशिश कर रहे है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अलाव की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

# कारसेवा में शहीद दो परिजनों को विहिप जिलाध्यक्ष ने अक्षत दे निमंत्रण दिया

**दोनों शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित लिया हालचाल**

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या में शहीद हुए तहसील क्षेत्र के ग्राम गिधौसा व धंतौली के दो कारसेवकों के परिजनों के यहां विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिजनों को पूजित अक्षत व पत्रक देकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी दी। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अयोध्या में हुई कारसेवा के दौरान तहसील क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी साधु तुलसीराम प्रजापति गोली लगने से शहीद हो गए थे एवं धंतौली निवासी पुत्तू सिंह शिलालेख उखड़ते समय शिलालेख समेत जमीन पर आ गिरे थे और शिलालेख के नीचे आकर उनके प्राण चले गए थे। दोनों के शरीर भी परिजनों को नहीं मिले थे। उन्हें सरयू में प्रवाहित कर दिया गया था। लगभग एक पखवारे बाद सूचना मिलने पर अयोध्या पहुंचे परिजनों ने फोटो देखकर उनकी पहचान की थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद तुलसीराम प्रजापति के पुत्र रामकृष्ण प्रजापति व कृष्ण कुमार प्रजापति के यहां तत्कालीन कबीना मंत्री बाबूराम दादा ने तुलसीराम प्रजापति के घर पहुंचकर उन्हें एक लाख रुपये की चेक दी थी। उन रुपयों से उनके पुत्रों ने गांव में शंकरजी का मंदिर बनवाकर उसमें पिता की मूर्ति की स्थापना कराई थी। अब जब अयोध्या में राममंदिर बनकर तैयार है 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होनी है। सभी जगहों पर खुशी का माहौल है रामभक्त वर्षों की मेहनत सफल मान रहे हैं। ऐसे में इन शहीद के परिजनों को अयोध्या पहुंचने का आमंत्रण न मिलने से वह मायूस थे। इसकी खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसका संज्ञान लेकर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष महंत गुरूप्रसाद, प्रखण्ड अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह उर्फ रानू सिकरी, खंड समन्वयक व संपर्क प्रमुख कैलाशबाबू वर्मा देवरी, आलोक वर्मा प्रधान सिकरी राजा, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार आदि धंतौली में पुत्तू सिंह के पुत्र कुशलपाल सिंह व नन्हेंराजा एवं गिधौसा में तुलसीराम प्रजापति के पुत्र रामकृष्ण प्रजापति व कृष्ण कुमार प्रजापति से मिले और उन्हें पूजित अक्षत देकर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया।

## मनरेगा श्रमिकों का सत्यापन कर मौके से फोटो करें अपलोड

**कोंच (जालौन)।** स्थानीय खंड विकास कार्यालय के सभागार में मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के अलग अलग गांवों में नियुक्त तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों और महिला मेटों की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें शामिल ब्लॉक अधिकारियों ने उन्हें अहम दिशा निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित उक्त कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए एडीओ आईएसबी देवेन्द्र निरंजन ने कहा कि मनरेगा कार्य में शामिल श्रमिकों की पुरानी फोटो से फोटो खींचकर उसे बेबसाइट पर अपलोड नहीं करें, बल्कि मौके पर श्रमिकों का सत्यापन कर ही नई फोटो खींचकर बेबसाइट पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर कार्य में तेजी लायें और जल्द ही कार्य पूर्ण होने के बाद भौतिक सत्यापन कर इसकी फोटो आदि बेबसाइट पर अपलोड करें।

# पशु क्रूरता के आरोप में तीन गिरफ्तार

**दुद्धी सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**



आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान च क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्वेक्षण के तहत कोतवाली अंतर्गत के अमवार क्षेत्र में मंगलवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के दौरान कुल 09 राशि गोवंश व गिरफ्तारशुदा तीन नफर अभियुक्तगण को पुलिस ने पकड़ा और न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष नागेश सिंह ने बताया कि उक्त मामले में धारा 3/5 गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत चार अभियुक्त जयमंगल खरवार पुत्र जटाशंकर निवासी नगवा थाना दुद्धी रुपलाल पुत्र रामकिशुन खरवार निवासी नगवा थाना दुद्धी सुखलाल यादव पुत्र स्वरा कालीचरन निवासी जपला थाना दुद्धी मु0 हुसैन पुत्र अज्ञात निवासी खाला थाना धुरकी जिला गढ़वा झारखण्ड का पंजीकृत किया गया जिसमें अभियुक्तगण जयमंगल खरवार पुत्र जटाशंकर रुपलाल पुत्र स्व0 रामकिशुन खरवार उपरोक्त, 3- सुखलाल यादव पुत्र स्व कालीचरन को 3/5 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ बार्डर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# विधायक निधि से लगाए गए स्ट्रीट लाइट खराब

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

विधायक निधि से लगाए गए करोड़ों की स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी देखरेख करने के लिए कोई विभाग तैयार नहीं है।

उतरौला तहसील के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिर व मस्जिदों के पास विधायकों ने अपने फण्ड से स्ट्रीट लाइट के लिए बड़े बड़े पोलो पर हाई मास्ट के स्ट्रीट लाइटें लगवाई लेकिन वह कुछ ही समय बाद खराब हो गई। स्ट्रीट लाइट के खराब होने के बाद कोई विभाग उसे ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइट के वर्षो खराब रहने पर सार्वजनिक स्थल पर अंधेरा रहता है। सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को जिम्मेदारी नहीं दी। किसी विभाग को इसके देखरेख की जिम्मेदारी न मिलने से इसकी मरम्मत कोई विभाग करा नहीं रहा है। उतरौला तहसील के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सैकडो स्ट्रीट लाइट खराब होने से शो फीस बने है। नगर पालिका परिषद उतरौला ने कुछ स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया था लेकिन मानक के विपरीत होने से अक्सर खराब हो जाते है।

## भाई ने दी बहिन को भगाकर ले जाने की पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** युवक द्वारा बहिन को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने की शिकायत भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बहन से तिरियावां औरैया निवासी आशीष बात करता था। इसकी जानकारी जब परिवार के लोगों को हुई तो बहिन को समझा बुझाया जिसके बाद उसने आशीष से बात बंद कर दी। लेकिन इसके बाद भी आशीष लगातार उसके संपर्क में बना रहा। भाई ने बताया कि बीती 13 जनवरी को जब परिवार के लोग घर पर नहीं थे तभी आशीष उसकी बहिन को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।



## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर विधायक ने की सफाई

**उतरौला/बलरामपुर।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन व पुनीत अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिरों में स्वच्छता साफ सफाई करने के आह्वान पर 22 जनवरी तक मंदिरों एवं तीर्थक्षेत्रों के आस पास स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपने पैतृक ग्राम सभा इमलिया वनघुसरा के श्री हनुमान मंदिर में श्रमदान किया। तथा सभी जिम्मेदारो से श्रमदान में योगदान देने का अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के मंदिरों, तीर्थ स्थलों की साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागी बनें। इस मौके पर नगर रमेश जी पूर्व सभासद फणीन्द्र गुप्ता, महेश गुप्ता, मनीराम वर्मा, ने सीबी माथुर, रमेश जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेरा चालक-मेरा मान अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई बैठक

**अयोध्या।** आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व तत्पश्चात भारी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों हेतु सुचारू परिवहन व्यवस्था देने के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह द्वारा अधीनस्थ परिवहन अधिकारियों, ट्रांसपोर्टरों,बस ऑपरेटरों, डीलरों, वाहन स्वामियों तथा चालकों को तैयारी हेतु लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को आरटीओ कार्यालय में मेरा चालक मेरा मान÷अभियान के अंतर्गत आयोजित बैठक में सभी को निर्देश दिए गए कि वाहनों में सभी प्रपत्र अद्यतन वैद्य करा लें।चालकों को निर्देशित किया गया कि व्यावसायिक वाहनों के चालक वर्दी धारण करें और इस हेतु विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा प्रत्येक वाहन स्वामी भी अपना द्वारा दायित्व समझकर इसको कड़ाई से सुनिश्चित करायें। किराया सूची पूर्व में ही दे दी गई है थी,निश्चित किराए से अधिक किराया वसूलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाहन स्वामी चालक का नाम मय फोन नंबर व टोल फ्री नंबर व्यावसायिक वाहनों में अंकित हो।ई रिक्शा चालकों हेतु विशेष निर्देश दिए गए कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे ट्रैफिक जाम हो।देश विदेश से आने वाले लोगों और अतिथियों के मन पर अयोध्या की सुंदर छवि अंकित हो।

बताया गया कि अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख पांच मार्गो लखनऊ बाराबंकी अयोध्या बस्ती संत कबीर नगर गोरखपुर अयोध्या अंबेडकर नगर जौनपुर वाराणसी अयोध्या सुल्तानपुर प्रतापगढ़ प्रयागराज कौशांबी तथा चित्रकूट जनपदों के मार्गो को ग्रीन कॉरिडोर घोषित किए जाने हेतु अयोध्या मंडल के सभी आरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन संबंधित जिलों के अधिकारियों से तथा अपने जनपदों के जिला प्रशासन पुलिस व यातायात विभाग परिवहन निगम आदि से समन्वय स्थापित कर शासन के निर्देशानुसार त्वरित और योजनाबद्ध कार्रवाई प्रत्येक दशा में ससमय पूर्ण कर लें। संभाग के सभी मार्गों पर संचालित होने वाले स्वासस्था प्रमाण पत्र,टैक्स,परमिट व बीमा आदि वैद्य हों,अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।



## उरुवा से अयोध्या तक दौड़ कर यात्रा पूरी करेंगे युवा

**धुरियापार/उरुवा बाजार/गोरखपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए युवाओं का जोश देखते बन रहा है। जिसमें उरुवा क्षेत्र के रहदौली निवासी शुभम मिश्रा, रंजीत पाल, संजय प्रजापति, अभिषेक तथा राधा व जया ने इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी उरुवा से अयोध्या धाम तक 121 किलोमीटर की दूरी दौड़ कर पहुंचने का संकल्प लेते हुए अपनी यात्रा की शुरुआत किया। इस यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष उरुवा अभिमन्यु सिंह ने बजरंग ध्वज दिखा कर किया। इस मौके पर बेद प्रकाश सिंह, प्रवीण उर्फ बबलू सिंह, टुन्ना सिंह, रामजन्म मोदनवाल, गणेश सिंह, अमित मोदनवाल, बबलू सिंह, अमित जायसवाल, मंजीत सिंह, सौरभ सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

**बैठक**

**जिला संयोजक ने मिशन 2024 को लेकर दिया मूलमंत्र**

# सरल एप व नमो ऐप को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**दुद्धी, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



संगठन की मजबूती को लेकर भारतीय जनता पार्टी के दुद्धी मंडल में सरल ऐप एवं नमो ऐप को लेकर दुद्धी के पीडब्लूडी गेट गेस्ट हाउस में बैठक आहूत की गई ,जिसमें सरल ऐप एवं नमो ऐप सहित अन्य जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दी गई ,इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रही उन सभी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की दी गई। सर्वप्रथम बैठक की शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई,बैठक को संबोधित मुख्यअतिथि भाजपा सोसल मीडिया जिला संयोजक मनोज सिंह ने मिशन 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिया गया है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को अधिक मजबूत बनाने के साथ नए-नए लोगों को संगठन से जोड़ने के निर्देश दिए गए. वही सरल ऐप एवं नमो ऐप के माध्यम से संगठन द्वारा दिए गए सभी कार्यों को करते हुए जानकारी को साझा किया ।उन्होंने कहा, भाजपा के हर एक कार्यकर्ता को सरल एवं नमो ऐप दोनों ही मोबाइल में इंस्टॉल कर ले, जिससे सभी कार्यों की जानकारी मिल सके और कार्य प्रगति पर हो सके। विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष कमलेश मोहन ने कहां की हर जनता तक सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्जवला योजना के तहत मिले रसोई गैस, आयुष्मान कार्ड ,दिव्यांग आवास सहित कुल 100 से ज्यादा योजनाओं का संचालन से देशवासियों को लाभ मिला है। बैठक में मुख्यरूप से नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन जिलामंत्री दिलीप पांडे जिलाकार्य समिति सदस्य राजन चौधरी मंडल अध्यक्ष विंधमगंज राकेश केसरी,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू उपाध्यक्ष सूर्यदेव सेठ शक्तिकेन्द्र प्रभारी संजू तिवारी जितेंद्र चन्द्रवंशी, मीरा सिंह गौड़ ,दुर्गावती गोंड़, तारा गुप्ता प्रधान(बुटबेढ़वा), नोद जायसवाल ,मण्डल मंत्री हिमांशु चौरसिया, अंशुमान रॉय ,गोपाल सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राफे खान कोषाध्यक्ष अरुण साहनी, मीडिया प्रभारी रवि सिंह ,अखिलेश कुमार, रमाशंकर गुप्ता ,राजेश कुशवाहा , रूपनारायण कुशवाहा, प्रदीप शर्मा ,आईटी विभाग विधानसभा संयोजक अनुरोध भोजवाल ,सोशल मीडिया संयोजक पीयूष कसेरा, अजय जायसवाल, अरविंद कुमार ,अजय चंद्रवंशी,राजन अग्रहरी, प्रदीप शर्मा, उदय कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन न करने वालो का लाइसेंस निरस्त किया जाए: डीएम

- दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किया जाए, अभिभावक 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दें
- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने पुलिस विभाग व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने कहा कि ओवर स्पीड एवं रांग साइड तथा नशे के हालात में गाड़ी चलाने पर अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। कहा कि अत्यधिक दुर्घटना वाले स्थानों चिन्हांकन किया जाए तथा प्रत्येक दशा में यातायात नियमो का पालन करायें, नियमों का पालन न करने वालो का लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि स्कूलों में यातायात नियमों के जागरूकता कार्यक्रम चलायें कहा कि अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को 18 वर्ष की उम्र पूरी होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही बच्चों को वाहन चलाने दें। बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ ही उसकी उपयोगिता भी बतायी जायें। डीएम ने बताया कि माह दिसम्बर में दुर्घटनाओं से 24 लोगों की मृत्यु हुई, जो अत्यंत दुःखद है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं पर विराम लगाने हेतु हर संभव प्रयास किये जायें। डीएम ने ओवर स्पीड एवं रॉन्ग साइड तथा नशे के हालत में गाड़ी चलाने व वाहन चलाते समय सीटबेल्ट/हेलमेट का प्रयोग न करने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालो के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने यूपीडा को निर्देश दिए कि कैटल फेंसिंग के अंतर्गत 71 किमी लंम्बाई में जो जाली लगाई जा रही है अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लानिंग तैयार की जाए कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं कहां पर हो रही है। इसके उपरांत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने एनएचए को निर्देश दिए कि सड़क में अनाधिकृत कट को बंद किया जाए। डीएम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना, अंडर एज ड्राइविंग, वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होना, स्कूल वाहन मानको के अनुरूप न पाए जाने पर, बिना फिटनेस वाहन का संचालन, व्यावसायिक वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस का ना लगे होना, मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ इज्या तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक समेत संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया धन श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर 358 वीं जयन्ती



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**धन धन** श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर 358 वीं जयन्ती दुःख निवारण शनिदेव मन्दिर पर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ज्ञानी अरुण सिंह ने अरदास का पाठ किया, कार्यक्रम के आयोजक सरदार राजेन्द्र सिंह ने गुरू गोविन्द जी के बारे में विस्तृत से उनकी अच्छाइयों पर बताया, अरदास कार्यक्रम में काँग्रेस नेता संजय पौल, विनोद कुमार दुबे(पप्पू),अमोल दीक्षित, एडवोकेट शाकिर हुसैन,अम्बुज शुक्ला सहित सिख समुदाय से सरदार रूपेन्द्र, हरप्रीत कौर, बानी कौर, रजिंदर कौर, रवनीत कौर, परमजीत कौर, हरपाल सिंह, गुरमीत सिंह, परमजीत सिंह, जसविंदर सिंह, सतविंदर सिंह, मनमीत सिंह, सतनाम सिंह, जसकीरत सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। अंत में आम जनता को प्रसाद वितरित किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## शिवाला मंदिर में रामचरितमानस का पाठ शुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शासन के निर्देश पर रामचरितमानस का पाठ मंदिर में शुरू हुआ। जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पंचायत कर्मी भी मौजूद रहे। मंगलवार को नगर पंचायत तालग्राम स्थित शिवाला मंदिर में शासन के निर्देश पर आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुंदरकांड का पाठ मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। इससे पूर्व मंदिर में भगवान राम और शिव जी की आरती कराई गई। पाठ के बीच मे भक्तों ने जय श्री राम के नारे भी लगाए। जिससे नगर सहित क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। जबकि स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिर परिसर में सफाई कार्य किया गया। इस मौके पर पंचायत कर्मी प्रधान लिपिक दीपक सविता, नितेश सिंह, गोकर्ण सिंह, रवि शर्मा, अनुज कुमार, सर्वेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग स्थान पर चले लाठी डंडे, तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी विवाद को लेकर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बनियानी निवासी नीरज ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के ही तीन लोगों ने मामूली विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही क्षेत्र के ग्राम सुलनपुर निवासी रामसेवक ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के ही एक युवक ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त युवक ने पीड़ित को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई उसकी पत्नी सावित्री को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अक्षत का घर-घर किया वितरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने अयोध्या से आये अक्षत का वितरण किया तथा सभी से 22 जनवरी को दीपावली मनाने की अपील की। जानकारी के अनुसार अयोध्या से आयी कलश यात्रा के दौरान आये अक्षतों का नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने सभासदों के साथ घर-घर जाकर वितरण किया। साथ ही उन्होंने जनमानस से अपील की ऐसी शुभ घड़ी 500 साल बाद आयी है। इसलिए सभी लोग खुशियां मनायें, घरों में दीप जलायें तथा भजन कीर्तन करें। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनने का सपना साकार हुआ है। जो सभी के लिए एक गौरव की बात है। अक्षत का वितरण गांव सलेमपुर में किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ क्षेत्र के कई सभासद मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष का कई स्थानों पर फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओ से भी रुबरु कराया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी ठाकुर वीरपाल सिंह, अनुज कुमार, इरफान सिद्दीकी तथा दर्जनों की संख्या में भाजपाई पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे।

## आतिशबाजी अस्थाई दुकानदारों ने तीन दिन दुकानें लगाने की मांगी अनुमति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अस्थाई आतिशबाजी दुकानदारों ने तीन दिन के बिक्री करने के लिए दुकान लगाने के लिए अनुमति मांगी। अयोध्या में 22 जनवरी को हो रही रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा में घर-घर होने वाले दीपोत्सव के साथ-साथ आतिशबाजी चलाये जाने हेतु लोगों को आतिशबाजी खरीदने पड़ेगी। इसलिए अस्थाई आतिशबाजी की दुकाने लगवाये जाने की मांग की है। 500 वर्षो के बाद रामलला का पदार्पण हो रहा है। ऐसे में दीपावली महोत्सव सम्पूर्ण भारत में उत्साह व उमंग के साथ मनाया जायेगा। आतिशबाजी के बिना उत्सव अधूरा रहेगा। दीपावली की तरह 20, 21 व 22 जनवरी को तीन दिन के लिए उचित स्थान पर आतिशबाजी की दुकाने लगाये जाने की अनुमति मांग गई है।

# गेंहू के अच्छे उत्पादन के लिए जरूरी संतुलित उर्वरकों का प्रयोग: डॉ. अरविंद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



भ्रमण के दौरान किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार व अन्य

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी गेहूं के सफल उत्पादन हेतु संतुलित उर्वरकों का प्रयोग आवश्यक है। उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए। गेहूं की फसल हेतु यूरिया 225 किलोग्राम, डीएपी 130 से 135 किलोग्राम एवं पोटाश 100 किलोग्राम की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से संस्तुत की जाती है। वर्तमान में गेहूं की फसल लगभग एक माह या इसके ऊपर अवधि की हो चुकी है ऐसे में किसान भाई प्रथम सिंचाई के उपरांत लगभग 60 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग प्रति हेक्टेयर की दर से खड़ी फसल में छिड़काव के रूप में करें। इसके बाद पुनः 60 किलोग्राम यूरिया की मात्रा प्रति हेक्टर की दर से गेहूं में बाल आने के पहले उचित नमी पर प्रयोग करें। जिंक की कमी के लक्षण फसल में प्रतीत होने पर बीच में बाल आने के पहले यदि संभव हो तो किसान भाई जिंक सल्फेट 0.5 और 2यूरिया का घोल तैयार करके स्प्रे मसीन से छिड़काव कर सकते हैं। इस घोल के प्रयोग से पीलापन दूर कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। यह संस्तुति किसान भाइयों के ग्राम बहेलियानपुरवा, जमला एवं पचपुखरा के प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर की गई। भ्रमण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार, डॉ पूनम सिंह, डॉ अमर सिंह, डॉ चंद्रकला यादव, छात्र एवं किसान आदि रहे।

# धर्मेंद्र कौशल बने भाजपा नगर अध्यक्ष, लोगों में हर्ष

- स्थानीय लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर किया स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल

भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सूची जारी कर मंडल अध्यक्षों का मनोनयन किया है। धर्मेन्द्र गुप्ता के नगर अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर मनोनय किया है। जिसमें नगर के जीटी रोड शास्त्री नगर निवासी पूर्व भाजपा अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता के पुत्र युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र कौशल को गुरसहायगंज नगर अध्यक्ष बनाया गया है। नव मनोनीत नगर अध्यक्ष का स्थानीय लोगों सहित कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी और फूलमाला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया।

# ट्रैफिक वॉलिंटियर्स के साथ यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



- क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेई ने दो पहिया वाहन चालकों को वितरित किए हेलमेट

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत मंगलवार को क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रियंका बाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खान ने ट्रैफिक वॉलिंटियर्स के साथ वाहन चालकों कोयातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात ने । बिना हेलमेट धारण किए वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किये तथा हमेशा हेलमेट लगाकर चलने की शपथ दिलाई। यातायात प्रभारी और टैअफिक वॉलिंटियर्स ने वाहन चालकों को रोक-रोककर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के बारे में जानकारी दी और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने तथा यायायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया। यातायात प्रभारी आफाक खान ने बताया गया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसमें ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देकर आम लोगों के बीच लाया गया है और इसका असर बहुत जल्द अनुशासित यातायात के रूप में देखने को मिलेगा।

# उपजिलाधिकारी में राम मंदिर पहुंचकर परखी व्यवस्था

- सुंदरकांड के पाठ में शामिल होंगी राज्यमंत्री

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



श्रीराम मंदिर का निरीक्षण करते एसडीएम उमाकांत तिवारी

**आगामी 22** जनवरी अयोध्या में होने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में अखंड पाठ का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही सुंदरकांड पाठ का भव्य संगीतमय आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट के कर्मियों ने व्यवस्था शुरू कर दी गई है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने नगर के मुख्य चौराहा स्थित श्री राम जानकी मंडपम पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ-सफाई सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में सजावट में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भगवान श्री राम के मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाए और 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव दिखाने की भी व्यवस्था की जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने श्री राम जानकी मंडपम का भी निरीक्षण कर सचिव गौरव कश्यप को दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि 18 जनवरी को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कंचन म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा किया जाएगा। जिसमें प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य आलाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर मंदिर के महंत राकेश चंद्र दुबे, लेखपाल कौशल पांडेय, राकेश चंद्र वर्मा, विजय दुबे, संदीप त्रिवेदी, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, अशीष सविता सहित तमाम नागरिक मौजूद रहे।

# रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या तक करेंगे पैदल यात्रा



स्वागत के दौरान नगर में मौजूद पदयात्री श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- 10 जनवरी को निकले शुरू की थी यात्रा
- 21 जनवरी तक अयोध्या पहुंचेंगे श्रद्धालु
- प्रतिदिन 45 से 50 किमी कर रहे पदयात्रा

**आगामी 22** जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए पांच श्रद्धालु 550 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रामलला के दर्शन करेंगे। जिसको लेकर नगर में पैदल यात्रियों का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत सत्कार किया। मंगलवार को जनपद बुलंदशहर के ग्राम पहासु निवासी डिंपल सिंह (22), अंकित कुमार (21), दीपक कुमार (21), नीरज (20), अमन (19) का नगर के मुख्य चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं ने बताया कि 10 जनवरी 2024 को उन्होंने अयोध्या जाने के लिए पैदल यात्रा अपने ग्राम से शुरू की थी और वह प्रतिदिन 45 से 50 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हैं। उनके ग्रह निवास पहासु जनपद बुलंदशहर से अयोध्या की कुल दूरी 550 किलोमीटर की है। यात्रा के दौरान वह मंदिरों में ठहर जाते हैं। जब कहीं भोजन की व्यवस्था नहीं होती है। तो वह अपने निजी खर्चे से भोजन की व्यवस्था करते हैं। मंगलवार को स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया इस मौके पर श्री राम मंदिर के महंत राकेश चंद्र द्विवेदी, नीरज गुप्ता, विजय दुबे, पंकज गुप्ता, आशीष सविता, शिवांक दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

**खिचड़ी भोज** — साधू-सन्तों की मौजूदगी में सुंदर काण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ, खिचड़ी भोज में सैकड़ों लोगों ने चखा प्रसाद

# बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का हुआ शुभारम्भ

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**कान्यकुब्ज साथी** संस्था के तत्वाधान में शहर के मोहल्ला शेखाना स्थित आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में 16 से 22 जनवरी तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ मंगलवार को दांडी संतो की मौजूदगी में हुआ।

पांच शताब्दियों के संघर्ष के उपरांत जन-मानस की भावना के अनरूप अयोध्या में रामलला अपने जन्म स्थान पर विराजमान हो रहे हैं। इस ऐतिहसिक क्षण को महापर्व के रूप में मनाये जाने को लेकर रामभक्तों में बेहद उत्साह है। इसी क्रम में मंगलवार को कान्यकुब्ज साथी संस्था के तत्वाधान में आठवीं शताब्दी के बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में सर्वप्रथम सुंदर काण्ड व हनुमान चालीसा का आयोजन पंडित प्रकाश चन्द्र मिश्र, पंडित रामू पांडे, पंडित मधुसूदन शुक्ल, पंडित अमर नाथ मिश्र, पंडित अवधेश शुक्ल, पंडित मुकेश पाठक, पंडित श्रीकांत शुक्ल, पंडित चंदन शुक्ल, पंडित लल्लन सामवेदी आदि आचार्यों द्वारा सम्पन्न हुआ। श्रीराम जय राम जय-जय राम नाम संकीर्तन के साथ शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन ने पूरा वातावरण राममय कर दिया। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा जिस दिव्यता-भव्यता के साथ हो रही है उसकी झलकियां इस आयोजन में परिलक्षित हो रही हैं। 1008 दांडी स्वामी वेद आश्रम, दांडी स्वामी राजराजेश्वाश्रम, दांडी स्वामी ब्रह्म आश्रम, दांडी स्वामी रमेश्वराश्रम आदि संतो की उपस्थिति ने समारोह को गरिमा प्रदान की। खिचड़ी भोज में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मनोज कुमार शुक्ल, जगपाल सिंह, अविनाश दुबे, राजू पांडेय, गोपाल अवस्थी, डा. ओम प्रकाश दुबे, मुकुल शुक्ल, यतीश स्वरूप सक्सेना, बबलू सैनी, पूरन चन्द्र दुबे, हेमंत मिश्र, नरेंद्र कुशवाहा, आकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# एफएसडीए ने मारा छापा, 1388 लीटर सरसों का तेल किया सीज

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज



तेल का नमूना संग्रह करती टीम समृद्धि न्यूज

**नगर मजिस्ट्रेट** एवं सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में चलाये गये छापामार अभियान में एक व्यापारी के यहां से सरसों के तेल का नमूना भरा गया। साथ ही शेष तेल को सीज कर दिया गया। छापामार अभियान से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। वहीं अधिकारियों ने कहा कि छापामार अभियान जारी रहेगा। मिलावटखोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र एवं सहायक आयुक्त खाद्य सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के नेतृत्व में पुलिस बल कोतवाली फर्रुखाबाद के साथ मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय व खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, विमल कुमार, अरूण कुमार मिश्र व आशीष कुमार वर्मा द्वारा कई प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गये। जिसमें लिजीगंज (गणेश प्रसाद स्ट्रीट) स्थित विशाल गुप्ता उर्फ राजू पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स ओम सांई ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल के 02 नमूने जाँच हेतु संग्रह किये गये। नमूना संग्रह के उपरान्त शेष बचे कुल 1388 लीटर सरसों का तेल जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 1,45,740 हैं को नियमानुसार सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में दिया गया।

## मार्ग दुर्घटना में पति की मौत के मामले में पत्नी ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोना जानकीपुर निवासी मनसुखी पत्नी उदय शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की उसका पति उदय शाक्य 26 दिसंबर 2023 को अपने रिश्तेदार धर्मेंद्र पुत्र धनीराम निवासी उद्धवपुर शमशाबाद की बाइक से मंझना शाम 7 बजे जा रहा था। गांव से थोड़ी दूर मंझना पुल के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने धर्मेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे धर्मेंद्र और उदय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थाना पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने उदय को मृत घोषित कर दिया था। मंगलवार मनसुखी ने अपने पति की अज्ञात वाहन से मौत का मुकदमा लिखने की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच उपरांत मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

# खबरें चलते-चलते

## चोरी की घटनाओं के मद्देनगर थानाध्यक्ष ने कस्बे में किया भ्रमण

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** नवागंतुक थाना अध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल भ्रमण कर व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। वहीं अराजकतत्वों को कड़ा संदेश भी दिया। जानकारी के अनुसार सर्दियों में अधिकांश चोरी की घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए नवागंतुक थाना अध्यक्ष कलीम खान ने पुलिस बल के साथ कस्बा में पैदल मार्च कर सर्राफा व्यापारियों से लेकर सभी दुकानदारों से एक-एक कर मुलाकात कर व्यापारियों से बातचीत कर सुरक्षा की दृष्टि से दुकान के बाहर एक सीसीटीवी कैमरा तथा एक बल्ब लगाने को कहा। इसके साथ व्यापारियों से कहा कि यदि कोई अराजकतत्व एवं संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो शीघ्र पुलिस को सूचित करें। पुलिस हर समय आपकी सेवा में तत्पर है। इसके साथ ही चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर एवं वाहन चालकों से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट एवं शराब के नशे में गाड़ी न चलाने की सीख देने के साथ हिदायत देकर छोड़ा। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी व्यापारी अतिक्रमण न करें, क्योंकि अतिक्रमण करने से कस्बे में जाम की समस्या उत्पन्न होती है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## गेहूं की फसल में दवा डालकर खराब करने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना निवासी अंशिका 15 पुत्री स्वर्गीय बृजनंदन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता और मां की छः वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। उसके बाबा वेदराम ने उसके भाई गोलू 7 वर्ष के नाम तीन बीघा जमीन कर दी थी। जिस पर किशोरी अंशिका ने 2 बीघा गेहूं की उसल बोई थी। जिस पर उसके परिवारी ताऊ ने जान बूझकर फसल पर दवा का स्प्रे कर दिया। जिससे उसकी दो बीघा की गेहूं की फसल नष्ट हो गई है। उसके सामने अब रोजी रोटी खाने की भी समस्या आ जाएगी। उसका परिवार में अब कोई नहीं है। बाबा की भी मौत हो गई है। किशोरी ने अपने भाई को थाना पुलिस के सामने पेश कर न्याय की फरियाद की है।

## खनन अधिकारी के यहां हुई चोरी का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खनन अधिकारी के यहां हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह निवासी टी-तृतीय/21 आफीसर्स कालोनी फतेहगढ़ ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को तहरीर में कहा कि दिनांक 11 जनवरी को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देशानुसार सरकारी कार्य हेतु अवैध खनन की सूचना पर जाँच करने हेतु अचरा नवाबगंज, शमशाबाद, मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए दोपहर लगभग 1 बजे अपने आवास से जॉच करने गया था। शाम लगभग 7.30 बजे जब वापस आया, तो देखा कि घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। शक होने पर मैंने अपने कमरे में जाकर देखा, तो बिन्डो एसी टूटी नीचे पड़ी थी तथा लगभग 50,000/- रुपया, सरकारी मुहर, सरकारी सीजर, बुक किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर के प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिगंबर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 31 दिसंबर को वह शीतकालीन अवकाश होने पर विद्यालय बंद करके चले गए थे। इस बीच चोरों ने विद्यालय के दरवाजे तोड़कर उसमें लगी वाईफाई, बैटरी तथा सोलर प्लेट आदि चोरी कर ली। जब इंचार्ज प्रधानाध्यापक वापस आए, तो उन्होंने गेट टूटा देखा। जिस पर उन्हें शक हुआ। जब वह कमरे के अंदर गये, तो देखा कि सारा सामान चोर चुरा ले गये। प्रधानाध्यापक ने मामले की सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी तथा थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# आने वाली 22 जनवरी हर सनातनी के लिए ऐतिहासिक दिनः श्याम मोहन मिश्र

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज



अक्षत कलश यात्रा निकालते भक्तगण

**थाना क्षेत्र** अमृतपुर के ग्राम नगला हूसा में रामभक्तों के द्वारा भव्य पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का प्रारंभ हनुमान मंदिर से गलियों से गुजरते हुए पुरानी होली स्थान तक समापन हुआ। हनुमान चालीसा एवं आरती के पश्चात यात्रा का समापन किया गया।

अक्षत कलश यात्रा की अगुवाई खण्ड अभियान प्रमुख श्याम बिहारी अवस्थी ने की। वहीं यात्रा के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक प्रवीण ने सभी भक्तों का मार्गदर्शन किया। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष प्रकार का उल्लास देखने को मिला। सह जिला कार्यवाह श्याम मोहन मिश्र ने कहा कि आने वाली 22 तारीख हर एक हिंदू और रामभक्त के लिए ऐतिहासिक दिन है। हम सभी मिलकर इसे दिवाली की तरह मनाएंगे। प्रत्येक घर में घी के दीपक जलाएं। यात्रा में सुमित अवस्थी, खण्ड कार्यवाह रोहित नंदन, अमित ठाकुर, मनोज मिश्रा, प्रिंस चौहान, आनंद बाबा, गोपाल सोमवंशी, रामबरन प्रधान, प्रबल प्रताप, भोले, रमन सोमवंशी सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। इस मौके पर उत्साही लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाये। सभी का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# ढाईघाट पर पंचायत सहायक द्वारा पंडों से की जा रही तीन-तीन हजार की अवैध वसूली

- पंडों का आरोप, विरोध करने पर किया गाली-गलौज व झोपड़ी उखाड़कर फेंकी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



अवैध वसूली का आरोप लगाते पंडे समृद्धि न्यूज

**ढाईघाट पर** रामनगरिया मेला लगना शुरु हो गया है। यहां पर साधु संत व कल्पवासियों ने आकर अपनी झुग्गी झोपड़ी डाल ली हैं। जो एक माह तक यहां रुककर भगवान की आराधना करेंगे। इसी कड़ी में ढाईघाट गंगा तट के किनारे घाट पर तिलक लगाने का कार्य करने वाले पण्डों को पंचायत सहायक की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। विरोध करने वाले लोगों से गाली-गलौज कर उन्हें भगाने की धमकी दी जा रही है। पण्डों का आरोप है कासिमपुर ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक रवि कुमार द्वारा घाटों के नाम पर 3000 रूपये प्रति व्यक्ति से अवैध वसूली की जा रही। अवैध वसूली का विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। पण्डो का आरोप है उनके द्वारा जो भी आशियाने बनाए गए थे उखड़वाकर फिंकवा दिए गये। हालांकि मौके पर पुलिस भी रही, लेकिन कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया। यही कारण है यहां पंचायत सहायक का रुतबा गालिब रहा और पंडे मायूस नजर आए। पण्डों में संजू, महिला राधा, राम अवतार, हरिराम, अरुण कुमार, भजनलाल सहित कई पण्डो पर अवैध वसूली का दबाव बनाया गया। कुछ से रुपये वसूल भी लिए गए। विरोध करने पर गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। अफसोस इतना सब कुछ होने के बावजूद भी जिला प्रशासन खामोश है, ना ही इसमें पुलिस का कोई हस्तक्षेप नजर आया ना ही किसी और ने उनकी वकालत की। आम श्रद्धालुओ को तिलक लगाकर रोजी-रोटी चलने वाले पण्डों ने जिला प्रशासन से अवैध वसूली करने वाले पंचायत सहायक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। उधर पंचायत सहायक ने बताया आरोप गलत है नियम के अनुसार ही सारे कार्य होंगे। अवैध वसूली के आरोप गलत है।

# दलित युवक की हत्या के मामले प्रेमिका सहित पांच दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- प्रेमिका ने अपने परिजनों के साथ मिलाकर की थी प्रेमी की हत्या
- परिजनों के कहने पर प्रेमिका ने फोन करके युवक को बुलाया था घर
- आरोप तय होने के बाद एक वर्ष के अंदर दोष सिद्ध

**प्रेमिका** ने दलित प्रेमी को षड्यंत्र के तहत अपने परिजनों के साथ बीते दो वर्षो पूर्व मौत के घाट उतारकर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य शव को बोरे में भरकर सड़क के किनारे फेंक दिया था। अपर जिला जज एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने ईद मोहम्मद पुत्र गुल्लू खां, इरशाद पुत्र ईद मोहम्मद, रूबीना पत्नी दिलशाद, अनीसा पत्नी ईद मोहम्मद, निशा उर्फ नन्हीं पुत्री ईद मोहम्मद निवासीगण मोहल्ला जटवारा कोतवाली कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 18 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

विगत दो वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला जटवारा निवासी राधा देवी पत्नी विनोद कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा 20 वर्षीय पुत्र सुमित 19 सितम्बर 2022 को समय करीब शाम 5 बजे मोबाइल में गाना डलवाने की बात कहकर निकला था, जो दोबारा घर वापस नहीं आया। जब उसके फोन पर कॉल की तो स्वीच ऑफ जा रहा था। वादिनी ने अपनी रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, परन्तु कोई भी पता नहीं चल सका। दिनांक 23 सितम्बर को अखबार में खबर छपी। खबर को सुनकर अपने पति के साथ मोर्चरी हॉउस फतेहगढ़ में पहुंची। जहां शव को देखकर पहचाना कि उसका पुत्र सुमित है। उसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक स्वाट टीम ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जांच पड़ताल शुरु की। जिसमें पाया कि सुमित के मोबाइल फोन से निशा उर्फ नन्हीं से अधिक बातचीत होती है। पुलिस ने अन्य साक्ष्य के आधार पर सुमित और निशा के प्रेम सम्बन्ध थे। निशा ने फोन करके सुमित को अपने घर बुलाया था और उसके परिजनों ने सुमित की हत्या करके शव को बोरे में भरकर सड़क किनारे गड्ढे में फेंक दिया। विवेचक ने ईद मोहम्मद, इरसाद, रूबीना, अनीसा, निशा के विरूद्ध हत्या, साक्ष्य मिटाने, षड्यंत्र व दलित उत्पीड़न के मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने ईद मोहम्मद, इरशाद, रूबीना, अनीसा, निशा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 18 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

## सपा अम्बेडकरर वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने अमन सूर्यवंशी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी अमन सूर्यवंशी को सौपी गयी है। बताते चलें कि अमन सूर्यवंशी नवाबगंज की ग्राम पंचायत सिकंदरपुर नहरोसा के प्रधान वीरेंद्र सिंह के पुत्र एवं समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। अब पार्टी द्वारा उनकी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। समाजवादी पार्टी में खटीक समाज के एकमात्र युवा कार्यकर्ता को सम्मान जो पार्टी ने दिया है उससे समाज के लोगों में खुशी का माहौल है।

## चोरी के इरादे से गांव में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी के इरादे से गांव में घुसे अज्ञात चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। जवाब में चोर फायरिंग करते हुए मौके से भाग गये। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुंइयांखेड़ा जहां पिछले कई दिनों से अज्ञात चोरों का आतंक देखा जा रहा। चोर आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बीते दिवस की रात्रि को भी ऐसी ही घटना घटित हुई। रात्रि नौ दस बजे के करीब बाइक सवार चोर एक शीतगृह के पीछे स्थित बाग में पहुंचे। कुछ समय बाद गांव में घुसने की कोशिश की। बताते हैं एक ग्रामीण के घर में घुसने की कोशिश की आहट मिलने पर ग्रामीण ने शोर मचाया, तो अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। बताते हैं कुछ दूरी पर एक अन्य ग्रामीण के घर में भी घुसने की कोशिश की। जब यहां से भी ग्रामीणों ने शोर मचाकर भगाने की कोशिश की, तो अज्ञात चोर फायर करते हुए घने कोहरे की चादर में गुम हो गए। घटना की सूचना कस्बा पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ संभावित स्थानों पर खोज की, मगर कुछ पता नहीं चल सका।

# विजेताओं को विधायक डा0 सुरभि ने क्राउन पहनाकर किया सम्मानित




प्रतिभागियों को सम्मानित करती कायमगंज विधायिका डा0 सुरभि व मिस इंडिया को बधाई देती युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 20वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कायमगंज विधायक डा0 सुरभि ने विजेताओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। विशिष्ठ राजेपुर के ब्लाक प्रमुख डा0 पल्लव सोमवंशी व डा0 शिवानी शुक्ला एवं समिति के पदाधिकारियों ने विजेताओं को शील्ड, उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन कर रहे आकाश मिश्रा ने परिणाम घोषित किये। सभी विनर प्रतिभागियों को अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने बधाई दी और कहा कि सभी समिति के पदाधिकारियों के सहयोग से कार्यक्रम अच्छे ढंग से सम्पन्न हुआ। आगे विनर फिल्मों आदि में जाकर अपना कैरियर अजमाये। इस मंच से कई लोगों ने जीतकर फिल्मों तक का सफर तय किया है। इस मौके पर हर्ष दुबे, सच्चिदानंद मिश्रा, कपिध्वज मिश्र, हर्षित मिश्रा आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवा महोत्सव में प्रतिभागियों ने दिखायी प्रतिभा

## फिल्मों में काम करना चाहती हूं: निधि तिवारी



निधि तिवारी, प्रीटी इंडिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति में मिस प्रीटी इंडिया का खिताब जीतने वाली मध्य प्रदेश की निधि तिवारी ने बताया कि मैं फिल्मों में काम करना चाहती हूं। मेरी युवाओं से अपील है कि काम कोई छोटा नहीं होता है। युवा अपने मां-बाप की सेवा करें और साथ लेकर चले।

मां-बाप के आशीर्वाद से ही बच्चे हर मुकाम को हासिल कर सकते है।

## एक्टिंग में भाग आजमाने की तमन्ना: विदुषी भारद्वाज



विदुषी भारद्वाज, मिस इंडिया

प्रतियोगिता में मिस इंडिया का खिताब जीतने वाली मेरठ निवासी विदुषी भारद्वाज ने बताया कि मैं एक्टर बनना चाहती हूं। वर्तमान में पॉलीटेक्निक की छात्रा हूं। बचपन से ही एक्टर बनने का शौक था। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि सशक्त बनों। यहां तक का सफर तय करने में मेरे माता-पिता का पूरा सहयोग मिला। आगे चलकर मैं गरीबों की मदद करना चाहती हूं।

## मिस वर्ल्ड बनने की चाहत: गुनगुन



गुनगुन गोस्वामी, मिस यूपी

आगरा की रहने वाली गुनगुन गोस्वाम ने युवा महोत्सव प्रतियोगित में मिस यूपी का ताज जीता। उनका कहना है कि मैं मिस वर्ल्ड बनकर समाज की सेवा करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि मेरे पिता आगरा स्थित होटल में मैनेजर है। उनकी प्रेरणा से मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं। पहले से वह इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रही थी। इस जीत का श्रेय उन्होंने अपने परिजनों को दिया।

## मैं आईएस बनना चाहती हूं: रिया चौहान



रिया चौहान, मिस फर्रुखाबाद

फर्रुखाबाद निवासी रिया चौहान ने मिस फर्रुखाबाद का खिताब जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि मैं आईएस बनना चाहती हूं। मेरे पिता योगेन्द्र चौहान एक कृषक है। अभी मैं पढ़ाई कर रही हूं। युवा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसके चलते मैने मिस फर्रुखाबाद प्रतियोगिता जीती है। जिसके लिए मैं सभी को बधाई देती हूं।

# युवतियों ने कैटवॉक कर रैम्प पर बिखेरा जलवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा 20वां मिस ब्यूटी विद वेन प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट बैंक रोड स्थित समिति के सभागार में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न जनपदों के अलावा दूसरे राज्यों से आयी युवतियों ने रैम्प पर कैटवॉक कर जलवा बिखेरा और बौद्धिक क्षमता दिखाते हुए जबाव दिये। प्रतियोगिता में मिस प्रीती इंडिया का खिताब निधि तिवारी को मिला। मिस इंडिया का खिताब मेरठ की विदुषी भारद्वाज ने जीता। मिस उत्तर प्रदेश आगरा की गुनगुन गोस्वामी बनी। मिस उत्त प्रदेश प्रिंसेज कशिश पटेल बनी। मिस उत्तर प्रदेश अर्थ का खिताब शुभांगी मिश्रा को मिला। मिस प्रीटी उत्तर प्रदेश शिवानी मिश्रा बनी। कानपुर रीजन की विनर मुस्कान रही। कानपुर रीजन प्रिंसेज रेनू राजपूत बनी। मिस मॉडल कानपुर रीजन डा0 सुप्रीति सिंह को मिला। संचालन आकाश मिश्रा ने किया। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता में रैम्प पर कैटवॉक करती युवतियां

युवा महोत्स प्रतियोगिताओं में युवाओं ने भी अपना रैम्प पर जलवा बिखेरा। मिस्टर उत्तर प्रदेश बने लखनऊ के निशांत जायसवाल व कानपुर रीजन बने अंबुज सक्सेना, उत्तर प्रदेश प्रिंस बने रचित मिश्रा, उत्तर प्रदेश मिस्टर मॉडल का खिताब पीयूष दुबे को मिला। मिस्टर फर्रुखाबाद अभय तिवारी बने। मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिंस सजल गुप्ता, मिस्टर मॉडल फर्रुखाबाद उदित मिश्रा बने।



प्रतियोगिता के दौरान विजेता युवा

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में नवाचार के रूप में कराई गई पतंग प्रतियोगिता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पतंग पर मतदाता स्लोगन लिखकर जागरुक करते एनसीसी कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय मतदाता** दिवस के उपलक्ष में नारायण आर्य कन्या पाठशाला महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में नवाचार के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य शशि किरण सिंह और महाविद्यालय की स्वीप और एनसीसी प्रभारी के डा0 पारूल मिश्रा निर्देशन में पतंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्वीप कोऑर्डिनीटर सुधीर कुशवाहा ने बताया कि आगामी 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में विद्यालयों और महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं संचालित हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे। हम आधारित विविध प्रतियोगिताएं संचालित की जा रही हैं। 14 को विद्यालय स्तर पर संपन्न करने के उपरांत 20 जनवरी को फतेहगढ़ पीडी महिला डिग्री कॉलेज के प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता तथा मंच पर भाषण और गायन प्रतियोगिता संपन्न कराई जाएगी तथा निबंध वाद विवाद, मेंहदी, चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी/ अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय से एक रैली कलेक्ट्रेट तक निकाली जायेगी और शपथ दिलायी जायेगी। जनपद के सभी तहसीलों पर निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण के पंजीकरण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित कराया जाएगा। इसके साथ-साथ बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 24 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैलियां का आयोजन संबंधित ग्राम सभाओं और मजदूरों में कराया जाएगा। विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, कोटेदार और उसे क्षेत्र में रहने वाले गणमान्य नागरिकों का सहयोग भी लिया जाएगा।

# जनपद के आठ ताइक्वांडों खिलाड़ियों ने जीते पदक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



मैडल के साथ कराटे खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय युवा** दिवस के अवसर पर खेल विभाग उत्तर प्रदेश युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद ताइक्वांडो कराटे स्पर्धा का आयोजन बरेली के मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल में 12, 13 व 14 जनवरी सम्पन्न हुआ। विभिन्न जनपदों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 19 वर्ष आयु वर्ग में जनपद फर्रुखाबाद के 8 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 4 गोल्ड तथा दो कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले खिलाड़ी देव सिंह गोल्ड मैडल, फैज़खान गोल्ड मैडल, सागर दिवाकर गोल्ड मैडल, अंकित सिंह परिहार गोल्ड मैडल, सूर्य प्रताप सिंह ब्रॉन्ज मैडल, आनंद शाक्य ब्रॉन्ज मैडल जीते। जिला ताइक्वांडों सचिव अजय प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और मैडल जीतने वाले विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुरान कथा शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ। इस दौरान कलश यात्रा में कई भक्तों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार से नेकपुर कला स्थित पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के शुभारंभ के मौके पर सुबह 10 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कई भक्तों ने भाग लिया। दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा किया गया। बुधवार 17 जनवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक देवपूजन गायत्री महायज्ञ तथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा, गुरुवार 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ तथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा, शुक्रवार 19 जनवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ, पावन प्रज्ञा पुराण कथा तथा दोपहर 1 से 6 बजे तक दीप यज्ञ, शनिवार 20 जनवरी को सुबह 9 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार तथा पूर्णाहुति तथा टोली विदाई कार्यक्रम होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी जाति, धर्म व संप्रदाय के लोग सादर आमंत्रित हैं। यज्ञ आयोजन में सभी संस्कार नि:शुल्क सम्पन्न कराये जायेंगे।

### एनर्जी कॉरीडोर में उखरा की जमीन ग्रामीणों से न लेने की उठायी गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत उखरा के निवासियों ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम पंचायत उखरा परगना शमशाबाद तहसील सदर की गाटा संख्या 724 लगभग 100 बीघा का होगा। इसमें लगी हुई बंजर भूमि में ग्रामवासियों ने लगभग 50 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत के अधिकारियों की सहमति से अपने- अपने पक्के आवास बनाकर रहते चले आ रहे है। 31 मई 2023 को जिलाधिकारी ने ग्राम उखरा के गाटा संख्या 724 से 0.124 हे0 व भूमि की श्रेणी, नाली का प्रस्तावत ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर के लिए पट्टा कर दिया है। 132केवी उपकेंद्र के निर्माण हेतु संबंधित कर्मचारी व अधिकारीगण मौके पर सीमांकन कर रहे है। उखरा के ग्रामवासी प्रभावित हो रहे है। इसके मकान को उपकेंद्र की सीमा में लिया गया तो भारी अपूर्ण क्षति होगी। जबकि बंजर भूमि पड़ी है। इसका उपयोग कॉरीडोर के रुप में लिया जा सकता है। इस मौके पर राजीव कुमार, बृजेश कुमार, चरन सिंह, रामवीर, निलानंद सिंह, रामऔतार, दिगम्बर सिंह, शेरा सिंह, फेरू सिंह, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, बृजकिशोर, भंवर पाल, समर पाल, हेमराज, संजय सिंह, सुरेश चन्द्र, उदयवीर सिंह, रामकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

### दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन भोपत पट्टी के नगला खैरबंद के लोगों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि वार्ड 13 भोपत पट्टी के लोग दलित वर्ग के है। मोहल्ले के लोगों का आना-जाना है। दबंग लोग जबरदस्ती रास्ते में लैट्रिन टैंक व सरकारी नल में समर लगाकर इस्तेमाल कर रहे है। मोहल्ले के लोग भयभीत है। दबंगों ने 6 जनवरी को मुख्य गली में निहास खोदकर दीवार बनाकर खड़ी कर दी। जिससे आवागमन अवरुद्ध है। ऐसे में दबंग के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### कई गांव में निकाली गई किसान जोड़ों यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा किसान जोड़ों के तहत गांव टू गांव लोगों को जोड़ा जा रहा है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने अपने साथियों के साथ किसान जोड़ों यात्रा निकाली। साथ ही हरपाल गुट के जगदीश राठौर को भानू गुट में शामिल किया। आने वाली 15 फरवरी को महा आंदोलन होगा। जिसमें सीधे सरकार से बात की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन भानु की किसान जोड़ो यात्रा अब राजेपुर ब्लॉक में अंतिम पड़ाव पर है। जल्द ही अन्य ब्लॉक में यात्रा प्रारंभ होगी। इस मौके पर नेत्रपाल सिंह, शिवपाल सिंह, सामंत सिंह, करुणा शंकर अग्निहोत्री, वीरभान पप्पू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेला 18 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में 18 जनवरी गुरुवार को विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में रोजगार मेले का आयोजन होगा। 2400 रिक्तियों के लिए 26 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद पहुंचें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### किसान दिवस 18 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसानों की समस्याओ के निराकरण हेतु प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस आयोजित करने के निर्देश हैं। जिसके अनुसार जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 11 जनवरी के क्रम में माह जनवरी के किसान दिवस का आयोजन 18 जनवरी गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा। यह जानकारी अनिल कुमार यादव उप कृषि निदेशक ने दी है।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में संतों ने निकाली शोभायात्रा

- जगह-जगह हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


रामनाम शोभायात्रा में मौजूद संत महात्मा — समृद्धि न्यूज

**अयोध्या** में वन रहे भव्य राम मंदिर में हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भव्य श्रीराम नाम नगर प्रवेश यात्रा निकाली गई। शहर क्षेत्र में श्रीराम नाम नगर प्रवेश यात्रा का कादरी गेट, त्रिपोलिया चौक, नेहरू रोड, लाल गेट समेत शहर क्षेत्र में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षाकर व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा संत समिति अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज की अध्यक्षता में श्री राम नाम यात्रा निकाली गई। वैष्णव संप्रदाय प्रमुख बाबा मोहन दास महाराज भी संतों के साथ यात्रा में मौजूद रहे। करणी सेना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों में भाईयन मिश्रा ने भी यात्रा में सहयोग किया। करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर समेत सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता यात्रा में मौजूद रहे। शहर में यात्रा के पहुंचने पर कादरीगेट, चौक नेहरू रोड, लालगेट पर व्यापारियों ने भी जोरदार स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से मेला कोतवाली प्रभारी, थानाध्यक्ष कादरीगेट, फर्रुखाबाद कोतवाल, यातायात प्रभारी सहित भारी पुलिस मौजूद रहा। इस अवसर पर सागरपुरी महाराज, जिला महासचिव प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, सुमित सिंह, शिवम सिंह, विक्की ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सपा भोजपुर विधानसभा की 51 सदस्यीय कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव ने पार्टी कार्यालय पर चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भोजपुर विधानसभा कमेटी घोषित की। कमेटी की घोषणा के दौरान जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, रमेश कठेरिया, सौरभ कटियार व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, शिवशंकर शर्मा, पवन कुमार मौजूद रहे। भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव ने अपनी 51 सदस्यीय कमेटी में उपाध्यक्ष अनूप दीक्षित, भानू प्रताप शाक्य, आफताब, मनोज दिवाकर, निर्देश कुमार यादव को बनाया है। महासचिव वीर सिंह पाल बने। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रामतीरथ लोधी को दी गई है। सचिव अतुल कुमार शर्मा, संदीप यादव, इरफान मोहम्मद, बृजपाल सिंह शाक्य, धर्मेन्द्र सिंह, गोपी गिहार, विपिन राजपूत, इंतियाज खां, सुधीर बाबू गौतम, जर्नादन यादव, सोहित कटियार, सतेन्द्र यादव, अशोक शर्मा को बनाया है। कमेटी के सदस्य शैलेश कुमार पाल, अरविन्द दिवाकर, अजय कुमार यादव, श्याम मनोहर, विजेन्द्र सिंह, धर्म सिंह, जितेन्द्र यादव, मोनू शर्मा, अशोक कुमार, संतोषा यादव, ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रमोद तिवारी, देवेश सिंह, अतुल कुमार शर्मा, महावीर पाल, शिवकुमार शाक्य, रवि कुमार, सुरजीत कुमार, विकेश यादव, उमेश चन्द्र बाल्मीकि, प्रवीन कुमार चतुर्वेदी, मोहम्मद रोशन, मोहम्मद सलीम, जितेन्द्र कुमार आदि लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल की अध्यक्षता में कम्बल वितरण का आयोजन हुआ।

# फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रामवीर ने भोलेपुर मंदिर स्थित चलाया स्वच्छता अभियान


स्वच्छता अभियान में भाग लेते भाजपा नेता — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को मनाए जाने वाले उत्सव को लेकर साफ-सफाई अभियान भाजपा के नगर अध्यक्ष रामवीर चौहान के नेतृत्व में चलाया गया। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश में जगह-जगह मनाई जा रहे उत्सव के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। जिसको जिसको लेकर मंगलवार को भाजपा फतेहगढ़ की टीम ने भोलेपुर हनुमान मंदिर के पास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ - सफाई की। इस मौके पर डीएस राठौर, रमाला राठौर, राजीव सिंह, राहुल राठौर व सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद है।

# 16 फरवरी को सजेगी उर्दू अदब की महफिल

- होगा ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक में मौजूद फर्रुखाबाद वेलफेयर सोसाइटी के लोग

**फर्रुखाबाद** वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्वर्ग रईस अहमद की याद में तीसरा ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। बैठक में तय किया गया है कि लोग अपने-अपने सुझाव दिये।

मोहल्ला चीनीग्रान में अफाक रहमानी के आवास पर फर्रुखाबाद सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक की। जिसमें कमेटी के लोगों ने मुशायरा व कवि सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा की। सोसाइटी के अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने कहा इस बार 16 फरवरी को होने वाला मुशायरा व कवि सम्मेलन को सब लोग ऐतिहासिक बनाने के लिए जुट जाएं। सचिव आफाक रहमानी ने कहा यह मुशायरा व कवि सम्मेलन करना यह हम लोगों की एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह किसी एक के करने से नहीं होता है ऐसे आयोजन करने के लिए हम सबको रात दिन मेहनत करनी होगी। आरिफ ने कहा मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन यह हम लोगों के लिए बड़ी चुनौती है। इसको सफल बनाने के लिए हम लोग शहर के लोगों से संपर्क करना बहुत जरूरी है। सदस्य सलमान कबीर ने कहा पिछली बार जो हम लोगों मरहूम रईस अहमद की याद में शाम रईस मुशायरा व कवि सम्मेलन किया था। जिसमें बाहरी व मुकामी शायर व कवियों ने शिरकती थी। इस बार हम लोग चाहते हैं कि यह आयोजन अच्छे लेवल पर पहुंचे। इस मौके पर अराफात खान, पुष्पेंद्र भदोरिया, आरिफ खान, सैयद दाऊद अली, खुर्शीद अहमद, शरजील पाशा, अनवर राईन, असगर हुसैन, हिलाल शफीकी आदि उपस्थित रहे।

# मां गंगा भारतीय संस्कृति की धरोहर: डा0 नीतू मसीह



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की कई छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गंगा कथा का वर्णन किया गया। निहारिका पटेल के द्वारा उपस्थित छात्राओं से गंगा के विषय में प्रश्न पूछे गए। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण हेतु स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृझारोपण, जल संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण आदि की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्या नीतू मसीह ने कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति की धरोहर है। गंगा के किनारे निवास करने वाले कई लोग गंगा से ही अपना जीविकोपार्जन करते हैं। अतः हम सभी को अपने दायित्वों का पालन करते हुए मां गंगा एवं पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए अभियान चलाना चाहिए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्राओं को मैडल व नमामि गंगे की पुस्तिका प्रदान की गई। उपस्थित सभी लोगों को गंगा व नदियों के संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। विद्यालय में छात्राओं की जागरूकता बढ़ाने हेतु नदियों एवं पर्यावरण संरक्षण के नियम लिखे पोस्टर व बैनर भी लगाए गए। शांतनु कटियार ने कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की। इस अवसर पर गंगा सेवक निशू कटियार, विकास कुमार एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों से उनकी जमीन न लेने की लगायी गई गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील कायमगंज के जसरथपुर के निवासियों ने जिलाधिकारी संबंधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि गांव में अपने पूर्वजों के जीवन काल के लगभग 50 वर्षो से काबिज है। ग्राम प्रधान द्वारा उक्त जमीन को पट्टे के रुप में दी गई थी। लोग मकान बनाकर रह रहे है। गरीबों के उसमें निवास बने है। ऐसे में जमीन खाली करायी जा रही है, जो गलत है। या फिर दूसरी जगह जमीन रहने के लिए दी जाये। जिसको लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पान सिंह, जयवीर, प्रशांत, सूरज, प्रेम सिंह, दुर्वेश, जीतू, सुखदेव, भंवर सिंह, रामप्रकाश, राजवीर, शेखर सिंह, दीपेन्द्र, रामविलास, वेदराम आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम की पेंटिंग बनाकर सत्यम ने 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील


भगवान श्रीराम की पेंटिंग के साथ सत्यम दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जिसको लेकर गंगा नगर निवासी कक्षा 9 के छात्र सत्यम दुबे ने भगवान श्रीराम की तस्वीर बनाकर सभी लोगों से अपील की है कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में पूजन करें। अपने हाथों से सत्यम दुबे ने पोस्टर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर उकेर कर सभी लोगों से अपील की है कि भगवान श्रीराम की फोटो रखकर पूजा अर्चना करें और घरों में रहकर उत्सव मनाये। इससे पहले सत्यम दुबे विभिन्न त्यौहारों पर देवी-देवताओं की तस्वीर बना चुके है। जन्माष्टमी व गणेश उत्सव पर भी आकर्षण तस्वीर बनाकर लोगों को प्रेरित किया। सत्यम दुबे के पिता संतोष दुबे सोनू ने बताया कि छोटे पर से ही तस्वीर बनाने का शौक था। विभिन्न तरह की पेंटिंग बना चुके है। छोटी सी उम्र में आर्टिस्ट बनकर लोगों को लुभा रहे है।

# डीएन कालेज में एनएसएस द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान में भाग लेते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया। स्वच्छता के विषय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई कर कूड़ा मुक्त परिसर को बनाने में योगदान दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 रामनरेश सिंह, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 अशोक कुमार शर्मा सहित छात्र-छात्रायें व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है...

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

- बचपन में सिर से उठा मां बाप का साया
- मेहनत मजदूरी कर दो भाइयों जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल



मेडल के साथ अजय कुमार — समृद्धि न्यूज

**दो बच्चों** के सिर से बचपन में ही मां-बाप का साया उठ जाने के बाद भी दोनों ने हिम्मत नहीं हारी और लगन व मेहनत के चलते गोल्ड मेडल व सिल्वर जीतकर जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कलौली महबुल्लापुर निवासी अजय कुमार पुत्र अरुण सिंह भदोरिया उम्र 19 वर्ष तथा विजय कुमार उम्र 17 वर्ष के सर से माता पिता का साया बचपन से उठ गया था। इसके बावजूद दोनों पुत्रों ने हिम्मत नहीं हारी और गरीबी का दंश झेलते हुए दोनों युवकों ने अपनी लगन व मेहनत से 21 दिसंबर को ब्लॉक स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं 27 दिसंबर को जिला स्तर पर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं 14 जनवरी को झांसी में रेसर प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों भाइयों की लगन व मेहनत की जानकारी जब थानाध्यक्ष जेपी शर्मा को रवि चौधरी हेड कांस्टेबिल तथा थाने के दीवान वीरेंद्र सिंह ने दी, तो थानाध्यक्ष दोनों बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनके घर गए और उनसे जानकारी प्राप्त की, तो उन्हें पता चला कि दोनों बच्चों के सिर से उनके माता-पिता का साया बचपन से ही उठ गया था। दोनों ने थानाध्यक्ष को बताया कि उनके पास इतने भी पैसे नहीं है कि वह जूते पहनकर रेसर का कार्य कर सके। नंगे पैर रेस लगाने वाले अजय कुमार ने पैरों में पड़े छाले भी दिखाये और पुलिस को बताया कि वह झांसी भी गए थे, तो तीन दिन मजदूरी करके गए थे। उनके पास खाने पीने की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जिस पर थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा, थाने के मुंशी रवि चौधरी और वीरेंद्र सिंह ने उनका हौसलाआफजाई की तथा हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि उनके बारे में उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराएंगे। जिससे कि होनहार बच्चों को किसी मामले में रुकावट न आये और वह ऊंचे स्तर पर जाकर जिले का तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

# महिला सशक्तिकरण से बनेगा विकसित राष्ट्र : मुर्मु

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रीमती मुर्मु ने आज मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा , देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं। सरकार ने न केवल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई प्रयास किए हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं के नैतिक मूल्यों और गुणों को पहचानना शुरू करें और उनका समर्थन करें। श्रीमती मुर्मु ने स्वयं-सहायता समूहों के सदस्यों से कहा कि वे विकास के मार्ग पर आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि यह अकेले उनकी यात्रा नहीं है, बल्कि देश में बड़ी संख्या में महिलाओं की यात्रा है, जिन्हें अभी भी अपने घरों की चारदीवारी से परे अवसरों का पता लगाना बाकी है। उन्हें अपने क्षेत्र और देश की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहिए।

## 43 हजार डॉलर के करीब पहुंचा बिटकॉइन

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से आज 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। एक क्रिप्टो करेंसी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में पिछले एक सप्ताह से जारी गिरावट पर आज ब्रेक लगा है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा आज एक बार फिर 43 हजार डॉलर के करीब पहुंच गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,821.26 डॉलर यानी 35.59 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 2,529.22 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

**भेंट**



भाजपा मुख्यालय में दक्षिण अफ्रीका की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की मुलाकात।

## स्टार्टअप रैंकिंग में बेस्ट परफॉर्मर स्टेट बना गुजरात , लगातार चौथी बार हासिल किया खिताब

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्यमियों को प्रोत्साहन तथा प्रेरणा देने के लिए 16 जनवरी, 2016 से शुरू की गई नूतन पहल 'स्टार्टअप इंडिया' के अंतर्गत गुजरात ने लगातार चौथी बार स्टार्टअप रैंकिंग में बेस्ट परफॉर्मर स्टेट का गौरव प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने यह गौरव सिद्धि प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के उद्योग विभाग तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े उद्यमियों को अभिनंदन प्रेषित किया है। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर नई दिल्ली में स्टार्टअप रैंकिंग 2022 के परिणामों का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के ध्येय को प्राप्त करने के लिए देश में मजबूत उद्यमी इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य के साथ यह 'स्टार्टअप इंडिया' पहल शुरू कराई है। इसके फलस्वरूप; भारत आज विश्व में लगभग 1 लाख 17 हजार मान्यता प्राप्त स्टार्टअप तथा 111 यूनिकॉर्न स्टार्टअप वाला सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बना है। देश के राज्यों में भी नवाचार तथा उद्यमिता को अधिक से अधिक प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से केन्द्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड-डीपीआईआईटी) द्वारा वर्ष 2018 से राज्यों के लिए स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क शुरू किया गया है।

# साधु-संतों की हत्या को लेकर ममता बनर्जी का पुतला फूंका



**मथुरा, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में साधु-संतों की हत्या को लेकर मंगलवार विहिप, श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास तथा सनातनी हिन्दुओं ने ममता बनर्जी का पुतला फूंकते हुए ममता सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। मंगलवार वृंदावन में सभी सनातनी हिंदू और विश्व हिंदू परिषद और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा ममता बनर्जी का पुतला फूंका। सभी सनातनी हिंदुओं ने कहा कि भारत सरकार को पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में साधु संतों पर अत्याचार हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, इससे यह साबित होता है कि साधु संतों की हत्या में पश्चिम बंगाल सरकार का हाथ है। इसलिए उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि ममता सरकार को बर्खास्त करके वहां पर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। इस मौके पर मोहनी शरण महाराज , आचार्य बद्रीश महाराज,राजेश पाठक, कन्यालाल बृजवासी ,नरेश ठाकुर, नीरज शर्मा ,मनोज शर्मा, शोभाराम ,राजू राघव, पी डी चौधरी ,सपन दास डॉक्टर हरिश्चंद्र , दिवाकर सिंह ,रिचा शर्मा जमुना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मेस्सी-बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉलर का पुरस्कार

**लंदन, एजेंसी**



अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी को पुरुष और ऐताना बोनमती को महिला श्रेणी में फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2023 नवाजा गया है।अविश्वसनीय रूप से करीबी मुकाबले वाले मतदान में मेसी शीर्ष पर रहे। पुरस्कार के लिए फीफा रेटिंग प्रणाली में मेसी और हालैंड 48-48 अंकों के साथ बराबरी पर थे। राष्ट्रीय टीम के कोचों और कप्तानों के साथ-साथ दुनिया भर के विशेषज्ञ पत्रकारों और समर्थकों ने मेसी के लिए मतदान किया।लियोनेल मेसी ने कतर में अर्जेंटीना की पुरुष टीम को विश्व कप जिताने में अपने योगदान के लिए 2022 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। उन्होंने मैनचेस्टर सिटी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 52 गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड और अपने पूर्व साथी किलियन म्बाप्पे को पीछे छोड़ा। मेस्सी ने 2019 का सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता था और इससे पहले पांच बार 2009, 2010, 2011, 2012, 2015 में यह पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने कुल आठवीं बार यह सम्मान हासिल हुआ है।यहां आयोजित समारोह में स्पेन और बार्सिलोना की स्ट्राइकर ऐताना बोनमती को सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी का पुरस्कार से नवाजा गया।

> 2025 तक, फीफा उनकी महान उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए एक नया पुरस्कार पेश करेगा

मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रबंधक का पुरस्कार, वहीं इंग्लैंड की कोच सरीना विगमैन ने रिकॉर्ड चौथी बार महिलाओं के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता। गार्डियोला ने इंटर मिलान के सिमोन इंजाघी और नेपोली के लुसियानो स्पैलेटी को हराकर यह सम्मान हासिल किया।मैनचेस्टर सिटी के स्टॉपर एडरसन ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर और मैनचेस्टर यूनाइटेड और इंग्लैंड की नंबर एक मैरी इयरप्स सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार से नवाजा गया। मैरी इयरप्स को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर चुना गया है, इसी के साथ ही वह इस पुरस्कार को दो बार जीतने वाली इतिहास की महिला गोलकीपर बन गयी हैं।सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार समारोह में वर्ष के असाधारण गोल को भी मान्यता दी गई।

क्योंकि ब्राजील के मिडफील्डर गुइलहर्मे मद्गुगा ने अपने आश्चर्यजनक ओवरहेड किक के लिए फीफा पुस्कस पुरस्कार 2023 जीता। 2025 तक, फीफा उनकी महान उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए एक नया पुरस्कार पेश करेगा - महिला फुटबॉल में बनाए गए सर्वश्रेष्ठ गोल को 'मार्टा पुरस्कार' मिलेगा। मार्टा को उनके शानदार करियर के लिए फीफा स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने ब्राज़ील के लिए 175 मैचों में 115 गोल किए और लाखों लोगों को प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### श्रीलंका में डेंगू के 5000 से अधिक मामलों की पुष्टि

**कोलंबो।** श्रीलंका में इस साल जनवरी में अब तक पांच हजार से अधिक डेंगू के मामलों की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) के मंगलवार को जारी आंकड़ों अनुसार जनवरी के पहले पखवाड़े के दौरान 5,829 मामले सामने आए हैं। पश्चिमी प्रांत में सबसे अधिक 1,56 और इसके बाद उत्तरी प्रांत में 1,30 मामले दर्ज किए गए।

### अब तक का सबसे गर्म साल रहा 2023

**चेन्नई।** धरती पर बढ़ता तापमान हर साल नए-नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। साल 2023 पिछले सालों के मुकाबले सबसे अधिक गर्म रहा है। अमेरिका से प्रकाशित होने वाली अनुसंधान पत्रिका डेली साइंस में प्रकाशित 14 जनवरी की शोध रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पृथ्वी की औसत सतह का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म था। न्यूयॉर्क स्थित नासा के गोडार्ड इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज (जीआईएसएस) के वैज्ञानिकों ने बताया कि पिछले साल वैश्विक तापमान नासा के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1951-1980 की तुलना में 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह विश्लेषण नासा द्वारा संचालित नासा/गोडार्ड अंतरिक्ष फ्लाइट सेंटर की रिपोर्ट में दर्ज है।नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा, नासा और एनओएए की विश्व भर की तापमान रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि दुनिया भर के अरबों लोगों ने पिछले साल यह अनुभव किया था कि हम जलवायु संकट का सामना कर रहे हैं।

### फीनिक्स यूनाइटेड ने लोहड़ी से की नए साल की शुरुआत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के आलमबाग इलाके में स्थित लखनऊ वासियों के फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन फीनिक्स यूनाइटेड ने 2024 में आयोजित होने वाले जश्न के सिलसिले की शुरुआत लोहड़ी के साथ की। शनिवार को लोहिड़ी के उल्लास भरे आयोजन से मॉल ने अपने ग्राहकों को कभी न भूलने वाला अनुभव दिया। मॉल ने वातावरण को लोहिड़ी त्योहार की मूल भावना के अनुसार ढालने के लिए और जोशीली धुनों पर सभी को थिरकने पर मजबूर करने के लिए एक भांगड़ा मंडली को आमंत्रित किया था। ढोल की थाप ने पूरे माहौल में ऐसी ऊर्जा का संचार किए कि जीवंत रंगों के साथ पूरा मॉल लोहड़ी की धुनों और भावना में डूब गया। लोहड़ी के लिए अभिन्न परंपरा के रूप में पवित्र अग्नि को प्रजवल्लित किया गया।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत का हुआ आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऋषि परम्परा नव जागरण संस्थान के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा एवं साप्ताहिक नारायणी यज्ञ 12 जनवरी से 19 जनवरी के मध्य स्थान राजाजीपुरम टैम्पो स्टैंड के पास बाबा की बगिया में आयोजित किया जा रहा है। महाराज ने बताया की इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस कल्याण हेतु कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ, इसके बाद दोपहर 2 बजे से सांय 6 तक कथा संचालित होगी। इस कार्यक्रम के अगले कर्म में 16 जनवरी से भक्तगण भव्य झाँकी का भी आंनद रहे है। 19 जनवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री ने देवल मंदिर में की पूजा अर्चना

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पिथौरागढ़ स्थित चटकेश्वर मंदिर व सैनी गांव के देवल समेत मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख शांति व समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्वयं झाड़ू लगाकर धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का संदेश भी दिया। उन्होंने सैनी गांव लोगों से मुलाकात कर जन समस्याएं सुनीं और संबंधित धिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया।

# कांग्रेस ने वर्षों रामलला को टेंट में रखा : ठाकुर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चना कर मंदिर परिसर की साफ सफाई कर श्रमदान किया।इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने वर्षों तक हमें श्री राम को टेंट में रखा।

यह वही लोग हैं जिन्होंने श्री राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। फिर से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा किया था। राम मंदिर ना बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की थी। लेकिन करोड़ों राम भक्तों व कार्यकर्ताओं के संघर्ष के बदौलत आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यह तारीख पूछने वालों को करारा जवाब है। हमने तारीख, स्थान और समय के साथ-साथ उन्हें निमंत्रण भी भेज दिया है। आज यह इधर-उधर भाग रहे हैं ताकि इन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाना पड़े। पहले यह कह रहे थे कि हमें निमंत्रण नहीं मिला और अब निमंत्रण मिल गया है तो अलग बहाने बना रहे हैं। इन्होंने पहले राम मंदिर के निर्माण को लटकाया और अब जनता को भटकाने और भड़काने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अब मात्र 6 दिन शेष हैं। प्रभु श्री राम के आगमन की खुशी में और प्रधानमंत्री जी के आग्रह पर आज पूरा देश राममय होकर अपने आसपास के क्षेत्रीय मंदिरों में साफ सफाई कर रहा है। इसी का अनुसरण करते हुए मैं भी आज यहां प्राचीन हनुमान मंदिर में अपनी श्रमदान कर अनुगृहीत हुआ। मैं बाकी सभी लोगों से भी अनुरोध करता हूं कि वह सभी भी इस स्वच्छता

> राजनीति में आने से पहले भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की कसमें में खाते थे

अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसरों में गंदगी फैलाने से बचें, कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें। दिल्ली के आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से एक भी मंदिर के पुजारी को कुछ नहीं मिला। उल्टा उनके ऊपर अत्याचार किया गया। यह वही लोग हैं जो राजनीति में आने से पहले भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की कसमें में खाते थे।

लेकिन आज इन्होंने सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार युक्त शासन दिया है। इनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद सभी जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल जी बताएं कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी है कि उन्हें ईडी के समन से भागना जरूरी है।

## लवकुश रामलीला कमेटी: श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामलीला सम्पन्न



**नयी दिल्ली, समृद्धि न्यूज**

लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि 550 वर्ष से भी अधिक संघर्ष के बाद अयोध्या में आयोजित प्रभु राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नेशनल क्लब फतेहपुरी चांदनी चौक पर प्रभु राम को समर्पित लव कुश रामलीला कमेटी ने राजा जनक के दरबार में बहुत ही मनोहारी धनुष भंग, राम सीता विवाह की रामलीला का मंचन किया। जिसमें सैकड़ो राम भक्तो ने बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ राम सीता विवाह के अवसर पर पुष्प वर्षा की, विवाह उत्सव को दिवाली की तरह मिठाई भेंट कर मनाया गया इस अवसर पर पूरे विधि विधान, वैदिक मंत्रो, विद्वान पंडितो, शंख, मृदंग, डमरू, घड़ियाल, शहनाई, ताशा, हर्ष ध्वनि द्वारा प्रभु श्री राम की चरण वंदना की गई रामचरितमानस की प्रति, अयोध्या के रामचंद्र जी का एक छायाचित्र इस अवसर पर भेंट किया गया। लव कुश रामलीला कमेटी की ओर से दीपक एवं घी का वितरण किया गया लव कुश रामलीला कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल ने कहा कि 22 जनवरी को सभी राम भक्त अपने-अपने घरों में राम ज्योति प्रज्वलित करें और दिवाली की तरह अपने घरों, मंदिरों की सजावट करें।

# कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता की मौत, अब तक 10 चीतों ने तोड़ा दम

**भोपाल, एजेंसी**



मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में एक बार फिर से बुरी खबर सामने आई है। नामीबिया से लाए एक और चीते ने दम तोड़ दिया है। कूनो नेशनल पार्क में शौर्य नामक नर चीता की मौत हो गई है। शौर्य के मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। कूनो नेशनल पार्क में अब तक 10 चीतों की मौत हो चुकी है।

बता दें कि प्रोजेक्ट चीता के तहत सितंबर 2022 में आठ चीतों का नामीबिया से और फरवरी 2023 में 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। इससे पहले आखिरी बार कूनो में अगस्त में चीता की मौत हुई थी। उसके छह महीने बाद अब यह बुरी खबर आई है। वन विभाग के एपीसीसीएफ और डायरेक्टर लॉयन प्रोजेक्ट प्रेस नोट के जारी किया जिसमें बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नामीबिया से आया चीता अचेत अवस्था में मिला था। मॉनिटरिंग टीम तत्काल हरकत में आई।

उसे ट्रैंकुलाइज किया गया। कुछ देर के लिए तो उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत अधिक थी। रिवाइवल के बाद भी कुछ जटिलताएं उभर आई और उसने सीपीआर को रिस्पॉन्ड करना बंद कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। आपको बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में शौर्य की मौत के बाद अब कुल चीतों की संख्या घटकर 14 हो गई है। इनमें चार शावक शामिल है। इसी महीने नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इससे पहले मार्च 2023 में भी एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। हालांकि उनमें से तीन ने दम तोड़ दिया था।

## भारत 2028 से पहले 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है: पुरी

**दावोस।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 2028 से काफी पहले 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि देश की बड़ी आबादी के हितों की रक्षा के लिए ऊर्जा बदलाव को व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिए जाने की जरूरत है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के साथ-साथ आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने कहा कि भारत स्थिरता लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं से अवगत है और बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करते हुए सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करेगा। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2024 से इतर 'स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए भारत के ऊर्जा बदलाव को गति देनाश् विषय पर सीआईआई-ईवाई के सत्र में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने विभिन्न व्यापक आर्थिक मापदंडों का उल्लेख करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए 2028 तक का इंतजार करने की जरूरत है।

**बयान** — **इंडिया ब्लॉक पर राहुल बोले, हम विभाजित भारत नहीं चाहते**

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक पॉलिटिकल इवेंट: राहुल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



कोहिमा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक चुनावी और राजनीतिक समारोह है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, हमारे (कांग्रेस) लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे (भाजपा) धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मो का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं।उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है। इंडिया ब्लॉक की विचारधारा के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, हम विभाजित भारत नहीं चाहते। हम बिना नफरत वाला अखंड भारत चाहते हैं। दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की भी उपेक्षा नहीं की जाएगी। शासन में उनकी भूमिका को उचित महत्व मिलेगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अच्छी तरीके से चल रही है। इंडिया ब्लॉक की स्थिति बहुत अच्छी है। मेरा मानना है कि सब कुछ आसानी से सुलझ जाएगा।

कुछ मुद्दे हैं लेकिन ज्यादातर जगहों पर समस्या नहीं हैं। मीडिया कुछ मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। इंडिया गुट के साझेदारों के बीच परस्पर सम्मान है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तैयार हो रहा है और यह 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से काम करेगा। लंबे समय से लंबित नागा राजनीतिक मुद्दे के बारे में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ साल पहले कुछ प्रतिबद्धताएं दी थीं लेकिन वे अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आगामी चुनावों में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो वह ठोस बातचीत और आपसी समझ के जरिए नागा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा, हम नागा राजनीतिक मुद्दे का उपयुक्त समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रविवार को हिंसाग्रस्त मणिपुर से शुरू हुई 66 दिवसीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।